इस बात को सुनकर पर्सियस ने अपना हाथ नीचा कर लिया। पाली डिक्टीज ने जो इस बीच में कायर मनुष्य के समान काप रहा था जिसका कारण यह था कि वह इस बात को जानता था कि मैं अनुचित काम कर रहा हू पर्सियस और उसकी मा को चला जाने दिया।

पर्सियस अपनी मा को ऐथनी के मंदिर मे लेगया, वहीं की पुजारिन ने उसको मदिर में झाडू देने के काम पर नियत कर दिया क्योंकि उनको मालूम था कि वहा वह बे खटक रहेगी और पोलीडिक्टस का भी इतना साहस न होगा कि उसको वेदी से खींच ले जाय। वहा पर्सियस और सज्जन डिक्टीज और उसकी स्त्री उसको देखने के लिये प्रति दिन आया करते थे। जब पोली-डिक्टीज ने देखा कि जिस काम को वह बलात्कार करना चाहता था वह नहीं हो सका तो वह अपने दुष्ट हृदय में यह सोचने लगा कि इस काम को चतुराई से किस प्रकार करना चाहिये।

अब उसको इस बात का विश्वास हो गया कि जब तक पर्सियस उस द्वीप में रहेगा उसको डेनी कदापि नहीं मिल सक्ती इसलिये उस से छुटकारा पाने के लिये उसने एक कपट प्रबंध किया। पहले तो उसने यह बहाना किया कि उसने पर्सियस को क्षमा कर दिया और डनी को भी क्षमा कर दिया जिसका परिणाम यह हुआ कि सब के सब कुछ देर तक बड़े मेल मिलाप के साथ चले।

इसके पश्चात् उसने एक बडी जेवनार की सूचना दी उसमें उसने सब सरदारों ज़मीदारों और उस द्वीप के युवकों को नोता दिया, जिनके बीच में पर्सियस भी था कि वह सब उसको अपना राजा मानते हुये सतकार करें और उसके बड़े कमरे में जेवनार खाय।

नियत किये हुये दिन पर वे सब आगये वहा की रीति के अनुसार प्रत्येक अतिथि राजा को देने के लिये अपने साथ भेंट लाया, एक मनुष्य घोडा दूसरा मनुष्य एक शाल अथवा अगूठी अथवा खडग लाया। जिन लोगों के पास इससे अच्छी कोई वस्तु न थी वह एक पिटारी अगूरों की अथवा कुछ शिकार

लेते आये परन्तु पर्सियस कुछ भी न लाया जिसका कारण यह था कि उसके पास खाने की कोई वस्तु न थी क्योंकि वह एक दरिद्र मल्लाह था।

परन्तु उसको इस बात में लज्जा मालूम हुई कि वह राजा के पास विना अपने भेंट के जाय और उसको इतना अभिमान था कि वह डिक्टीज से कोई भेंट उधार नहीं माग सक्ता था। इसलिये वह ड्यूडी के ऊपर शोकार्त हो कर खड़ा हो गया और यह देखने लगा कि कोई धनवान आदमी भीतर जाता है और उसका चहरा बहुत लाल हो गया क्योंकि लोग उस पर सकेत करते मुसक्कुराते और धीरे धीरे यह कहते इस लड़के के पास देने के लिये कौन सी वस्तु है।

यही बात थी जो पोलीडिक्टीज चाहता था और ज्योंहीं कि उसने सुना कि पर्सियस बाहर खड़ा है उसने आदमियों को आज्ञा दी कि वह भीतर लाया जाय और उसने उन सभों के सामने घृणा के साथ उससे यह पूछा "हे पर्सियस क्या मैं तेरा राजा नहीं हू और क्या मैंने तुझको अपनी जोनार में नहीं बुलाया है अच्छा तुम्हारी भेंट कहा है"।

पर्सियस लज्जित हुआ और हकलाने लगा और सब अभिमानी आदमी चारों ओर हसने लगे और उनमें से कुछ स्पष्टत ताना मारने लगें "यह मनुष्य समुद्र के किनारे घास पात या लकड़ी की तरह फेंक दिया गया था तिस पर भी इसको इतना अभिमान है कि वह राजा के पास भेंट नहीं लाया। और यद्यपि उसको नहीं मालूम है कि उसका पिता कौन है उसको इतना अभिमान है कि वह चाहता है कि बूढ़ी स्त्रिया उसे जीयस का पुत्र कहैं"।

इसी तरह की और बहुत सी बातें कही गई यहा तक कि विचारा पर्सियस लज्जा के मारे मतवाला हो गया और उसको यह भी न मालूम हुआ कि वह क्या कह रहा है उसने कहा "तुम कौन हो जो भेंट की बात चीत करते हो देखो अगर मैं तुम सभों की भेटों की अपेक्षा अधिकतर अच्छी भेंट लाता हूं यह बात उसने अभिमान के साथ कही तिसपर भी उसके मन में यह विचार उत्पन्न हुआ कि मैं सब हसी करने वालों से अधिक शूरवीर हू और मैं कोई अच्छा काम करने के बहुत योग्य हूं उन सब लोगों ने बड़े शब्द के साथ हसकर यह कहा "इस अभिमान करने वाले आदमी की बात चीत

मैं किस तरह इस काम को करूं और अपने प्राण दे दूं यदि ऐसी आवश्यकता हो"।

तब एथीनी ने मुसकुरा कर कहा

"संतोष के साथ सुन क्योंकि यदि तू मेरी बातों को भूला तो तू अवश्य मर जायगा। तुम उत्तर की ओर हिरबोरियन लोगों के देश को जाओ जो ध्रुव के दूसरी ओर रहते हैं जहा से उत्तर की ठंढी वायु चलती है यहा तक कि तुमको तीन श्वेत बहिनें मिलैंगी जिनके केवल एक आख और एक दांत है। तुम उनसे अप्सराओं का निवास स्थान पूछना जो शुक्र तारे की लड़कियां हैं और सुनहले पेड के चारों ओर पच्छिम के अटलांटिक द्वीप मे नाचती हैं। वे तुमको गार्गन का निवास स्थान बतला देंगी जिससे कि तुम उसको मार डालो क्योंकि वह मेरी शत्रु और भयानक पशुओं की माता है। एक समय वह इतनी सुन्दर कुमारी थी जितना प्रात काल होता है। उसने अभिमान में आकर एक पाप कर डाला जिसके कारण सूर्य्य ने उसके चेहरे को अंधकार में कर दिया। उसी समय से उसके केशों के सर्प और उसके हाथ उकाबों के पंजे बन गये। उसके हृदय में लज्जा और क्रोध और उसके होठों में हलाहल विष आगया उसकी आखें इतनी भयानक हो गई कि जो कोई उनकी ओर देखता है वह पत्थर हो जाता है। उसके बच्चे परदार घोड़ा और सुनहली तलवारों के देव हैं। उसके परपोते एचिडना जादूगरनी और तीन सिर वाला गर्यन हैं जो अपने खरकों को नरक के खरकों के पास चराया करता है। इस तरह वह स्थीनो और घृणीय यूराईट की बहिन हो गई जो समुद्र की महारानी की पुत्रियां हैं। उनको मत छूना क्योंकि वह अमर हैं परन्तु तुम केवल मुझको मड्यूसा का शिर ला दो।"

पर्सियस ने कहा "मैं उसका शिर ले आऊंगा। परन्तु मैं उसकी दृष्टि कैसे बचा सकता हूं। क्या वह मुझको पत्थर नहीं कर देगी"।

एथीनी ने कहा "तुम इस चमकती हुई ढाल को लेजाना और जब तुम उसके पास पहुंचो तो उसकी ओर तुम मत देखना। तुम पीतल में उसका प्रतिबिंब देखना और इस तरह तुम उसको बे खटके मार सकते हो। जब तुम उसका शिर काट चुको तो तुम अपना मुंह फेर कर उसको बकरी की खाल

में लपेट लेना। वह खाल अमेलथी की है जो इजिसहोलर की दाई है। इस प्रकार तुम उसको बेखटके मेरे पास ले आओगे और तुम अपने लिये कीर्ति और उन वीरों में स्थान प्राप्त करोगे जो देवताओं के साथ में उस पर्वत की शिखर पर भोजन करते हैं जहां वायु नहीं चलती है।

पर्सियस ने कहा "तो मैं जाऊंगा यद्यपि मैं जाने में मर जाऊं। परन्तु विना जहाज़ के मैं समुद्र कैसे पार करूंगा और मुझे मार्ग कौन दिखलायेगा और जब मैं उसको पा जाऊं तो कैसे मैं उसको वध करूंगा; यदि उसका शरीर लोहे या पीतल का हो"।

तब उस युवा पुरुष ने कहा "मेरी यह खड़ाऊं तुमको समुद्र पार पहाड़ी और घाटी के ऊपर पंछी के समान ले जायगी जिस प्रकार वे मुझे दिन भर लिये फिरती है क्योंकि मैं हर्मीज़ हूं जिसने प्रसिद्ध आर्गस को वध किया है जो उन देवताओं का दूत है जो ओलिंपस पर रहते हैं।

तब पर्सियस ने गिर कर आराधना की और वह युवा पुरुष फिर बोला।

यह खड़ाऊं ही तुमको सड़क पर मार्ग दिखलाएगी क्योंकि वे ईश्वरीय हैं, और भटक नहीं सकतीं और यह तलवार जिससे आर्गस मारा गया है उसको मारेगी क्योंकि यह ईश्वरीय है और उससे दूसरी चोट की आवश्यकता नहीं है। उठ और उनको बांध कर जा'।

पर्सियस उठा और उसने खड़ाऊं और तलवार बांध ली और एथीनी ने चिल्ला कर कहा "अब चट्टान पर से कूद और चल दे"।

परन्तु पर्सियस ठहर गया।

उसने पूछा 'मैं अपनी माता और डिक्टीस से विदा हो लूं। और मैं तुम पर और हर्मीज पर जिसने प्रसिद्ध आर्गस को वध किया है और पिता ज़ियस पर जो ऊपर रहता है भेंट न चढ़ाऊं।

तुम अपनी माता से विदा होने को मत जावो कदाचित् ऐसा न हो कि तुम्हारे हृदय में उसके रोने से दया आ जाय। मैं उसको और डिक्टीस को ढारस देता रहूंगा जब तक तुम चैन चान से लौट न आओगे तुम ओलिंपियस पर भी भेंट मत चढ़ाना क्योंकि मेड्यूसा का शिर तुम भेंट में दोगे। कूदो और देवताओं के कवच पर विश्वास करो।

तब पर्सियस ने चट्टान के नीचे देखा और कांपा परन्तु उसको भय करने में लज्जा मालूम दी। तब उसको मेडूसा और उस कीर्ति का विचार आगया जो उसके सामने थी और वह शून्य वायु में कूद पड़ा।

देखो गिरने के बदले वह ऊपर तरने लगा और खड़ा हो गया और आकाश में दौड़ने लगा। उसने पीछे को देखा परन्तु एथीनी और हर्मीज़ अन्तर्ध्यान हो गये, और खड़ाऊं उसको उत्तर की ओर सारस के समान ले चलीं जो बसंत ऋतु के पीछे २ ईस्टरफ़ेन की ओर जाता है॥

तीसरा भाग॥

पर्सियस ने गार्गन को कैसे बध किया।

पर्सियस अपनी यात्रा को चला। उसके जूते जल और भूमि के ऊपर भी सूखे थे। उसका हृदय बढ़ा हुआ और प्रसन्न था क्योंकि परदार खड़ाऊं प्रति दिन उसकी सात दिन की यात्रा पूरी कर देती थी।

वह सिथनस और सियस और सुन्दर साईक्लेड्स में होता हुआ अटीका को गया। वह अथेन्स और थीब्स और कोपेकझील से और सिफ़ीसस और ईदा और पिटस और थिसिलिया के उपजाऊ मैदानों में से होता हुआ गया यहां तक कि धूप में ग्रीस की चमकती हुई पहाड़ियां उसके पीछे रह गईं और उसके सामने उत्तर दिशा के जंगल थे। इसके पश्चात् वह थ्रेशिया के पर्वतों और बहुत सी जंगली जातियों अर्थात् पीयन डार्डन और त्रिवाली में से होता हुआ गया यहां तक कि वह ईस्टर नदी और सीथिया के सूनसान मैदानों में आ पहुंचा। वह ईस्टर नदी को बिना अपने पैरों को भिगोये हुए पार कर गया वह मैदानों और दलदलों में होता हुआ दिन रात चलते हुए उत्तर पश्चिम की ओर जहां ठंड पड़ती है बिना दहिने और बाएं हाथ मुड़े हुए चला गया यहां तक कि वह बिना आकार वाली भूमि में आपहुंचा अर्थात् वह स्थान जिसका कोई नाम नहीं है।

सात दिन तक वह उस भूमि में ऐसे मार्ग पर होकर घूमा जिसको कोई नहीं बतला सकता क्योंकि जो लोग उस पर से होकर गये हैं उसका हाल

कहना तनिक भी पसन्द नहीं करते और जो लोग फिर उस स्थान को स्वप्न में जाते हैं जब जागते हैं तब प्रसन्न होते हैं। चलते २ वह ऐसे स्थान पर आ पहुंचा जहा सदारात्रि रहती है जहा वायु परो से भरी रहती है और भूमि बर्फ से कड़ी रहती है। अन्त मे वहा पर उसको तीनों श्वेत बहिनो ने जमे हुए समुद्र के तट पर लकडी के एक लट्ठे पर ठडे श्वेत शरद ऋतु के चन्द्रमा के नीचे शिर झुकाये हुए देखा और वह इकट्ठा एक गीत धीरे २ गाती थीं 'पहिले दिन आज कल के दिनों से अच्छे थे"।

उनके चारों ओर कोई जीवित वस्तु नही थी एक मक्खी भी नहीं थी और न चट्टानो के ऊपर काई थी। सील (एक समुद्री जन्तु) और समुद्री बगले निकट आने का साहस नहीं करते कदाचित् बरफ़ उनको अपने पजों में न पकड ले। लहर झागों मे उठती थीं परन्तु वह फिर बरफ के टुकडों में गिरती थी। तीनों श्वेत बहिनों केबाललहरों केद्वारा हिम से ढकगये थे और उनके शिरो के ऊपर हड्डिया बरफ़ के चट्टानों से ढकी हुई थी। वे एक दूसरे की ओर अपनी दृष्टि करती थीं परन्तु फिर भी वे देख नही सकती थी। वे अपना दात एक दूसरे की ओर फेरती थीं तिस पर भी खा नहीं सकती थीं वे चन्द्रमा को सपूर्ण ज्योति में बैठी हुई थीं परन्तु वे तनिक भी गरम नहीं थीं। पर्सियस को तीनों श्वेत बहिनों पर दया आई परन्तु उनको तनिक भी दया न आई।

उसने कहा "हे माननीय माताओ बुद्धि वृद्धावस्था की पुत्री है। इसलिये तुमको बहुत सी बातें जाननी चाहियें। अगर तुम बतला सकती हो तो मुझे गार्गन का ठिकाना बतला दो"।

तब उनमें से एक ने चिल्ला कर कहा "यह कौन है जो हमको वृद्धावस्था के लिये धिक्कारता है"। दूसरी ने कहा "यह किसी आदमी के बचे का शब्द है"।

उसने कहा "मै धिक्कारता नहीं हूं परन्तु तुम्हारी वृद्धावस्था का सम्मान करता हूं और मैं मनुष्य और वीर पुरुष का पुत्र हू। आलिपस के शासको ने मुझे तुम्हारे पास गार्गन का ठिकाना पूछने के लिये भेजा है"।

तब एक ने कहा "आलिपस में नए शासक हैं और सब नई वस्तुएं

अतएव पर्सियस ने उनकी आंख उन्हें लौटा दी परन्तु उसको काम में लाने की अपेक्षा उन्होंने अपने शिर नीचे किये और गहरी नीद में सो गईं और वर्फ के वडे २ टुकडे वन गईं। जब लहरें उठी तो वे वह गईं। अब वे इधर उधर सदा वर्फ के पहाडों के समान उतराया करती हैं और जब कभी उनके ऊपर सूर्य की किरणें गिरती है, फल लाने वाला ग्रीष्म ऋतु आता है और दक्षिण की गरम वायु चलती है जिससे युवा पुरुषों के हृदय प्रसन्न हो तो वे रोने लगती है।

परतु पर्सियस कूदता हुआ दक्षिण की ओर चला वह अपने पीछे वरफ़ ही वरफ छोडता गया। वह हिपर वोरियन और टिन के द्वीपों और लबे आईवीरिया के तट पर से होता हुआ गया उसने सूर्य को दिन २ चमकदार नीले ग्रीष्म ऋतु के समुद्र के ऊपर उठते हुये देखा। जल कुक्कुट और समुद्री वंगले उसके शिर के चारों ओर हसते हुये उडते थे वे उससे ठहरने और खेलने के लिये कहते थे ह्वेल मछलियां उसको जाता हुआ देखकर किलोल करती थीं और उससे कहती थीं कि "तुझे हम अपनी पीठ पर ले चलेंगे सारी रात समुद्र की अप्सराये अच्छे २ गीत गाती थीं।

और ट्राईटन लोग अपने शख वजाते थे जिस समय वे अपनी महारानी गलोरिया के चारों ओर खेलते थे जो मोतियों से जडे हुये शखों की गाडी में वैठी थी और पर्सियस लहरो के ऊपर समुद्र के बगले के समान धीरे २ चला जा रहा था और उसके पैर तनिक भी नहीं भीगते थे। वह एक लहर से दूसरी लहर पर कूदता हुआ जारहा था और उसके अग तनिक भी थकित नहीं होते थे चलतं २ उसने बहुत दूर एक वडा भारी पर्वत देखा जो सूर्यास्त में गुलाव के समान निपट लाल जान पडता था। उस पर्वत के नीचे जगल थे और उसके ऊपर मेघों की माला थी पर्सियस जान गया कि वह एटलस है जो आकाश और पृथ्वी को अलग किये हुये है।

वह उस पर्वत के पास गया तट पर कुद गया और ऊपर की ओर इधर उधर सुहावनी घाटियों और झर्नों में लम्वे वृक्षों और विचित्र पत्तियों और फूलों में घूमा फिरा परतु किसी घाटी अथवा घेर से न तो धुआ उठता हुआ दिखाई देता था न और मनुष्य का कोई चिन्ह मिलता था।

अंत में उसको गाते हुए मधुर स्वर सुनाई दिये और उसने यह अनुमान किया कि मैं अप्सराओं की वाटिका में जो शुक्र तारे की पुत्रियां हैं आगया। वे बुलबुलों के समान वनों में गारही थीं और पर्सियस उनके गान को सुनने के लिये ठहर गया परन्तु जो बातें वह गाती थीं वह पर्सियस के समझ में नहीं आती थीं। नहीं २ उन बातों को कोई आदमी भी उसके पीछे सौ वर्ष तक नहीं समझ सका। सो वह आगे बढ़ गया, और उनका नाच देखने लगा। वे हाथ से हाथ मिलाकर उस जादू के वृक्ष के चारों ओर नाच रही थीं जो अपने सुनहले फलों से झुका हुआ था। और उस पेड़ की जड़ से अजदहा सर्प अथवा वृद्ध लेडन लिपटा हुआ था जो कभी नहीं सोता और वह सदा उन कुमारियों के गानों को सुनने और झपकी ले २ कर अपनी सूनी चमकदार आंखों से देखने के लिये पड़ा रहता है।

तब पर्सियस ठहर गया इस कारण नहीं कि उसको अजदहे का भय था परन् इस कारण कि उसको उन सुन्दर कुमारियों के आगे लज्जा मालूम देती थी परंतु जब उन्होंने उसको देखा तो वे भी ठहर गई और कंपित शब्दों से उसको बुलाया। तुम कौन हो ? क्या तुम बलवान हरक्यूलीज़ हो और क्या तुम हमारी वाटिका को उजाड़न और सुनहले फलों को चुराने के लिये आये हो ? उसने उत्तर दिया।

मैं बलवान हरक्यूलीज नहीं हूं और न मैं तुम्हारे सुनहले फल चाहता हूं। हे सुन्दर अप्सराओ। मुझको वह सड़क बतलाओ जो गार्गन के निवास स्थान को गई है जिससे कि मैं अपने मार्ग को जाऊं और उसको नष्ट करूं ?

उन्होंने कहा सुन्दर बालक अभी नहीं अभी नहीं आ हमारे साथ इस वृक्ष के चारों ओर इस वाटिका में नाच जिसमें शरद ऋतु कभी नहीं आता और जो दक्षिणी वायु और सूर्य का स्थान है। यहां और कुछ समय तक हमारे साथ खेल हम इस स्थान में सहस्रों वर्ष से नाच रही हैं और हमारे हृदय किसी खेल के साथी की इच्छा करते २ थकित होगये हैं इसलिये, चले आओ, चले आओ चले आओ।

हे सुन्दर कुमारियो ! मैं तुम्हारे साथ नाच नहीं सकता, कारण इसका यह है कि मैं देवताओं का काम करूंगा। अतएव मुझको गार्गन के निवासस्थान

का मार्ग बतलाओ कि कदाचित् मैं इधर उधर फिरू और लहरों में नष्ट हो जाऊं ।

तब उन्होंने आह भरी और रोई और यह उत्तर दिया" गार्गन!वह तुमको पत्थर बनादेगी" ।

पर्सियस ने उत्तर दिया" वीर पुरुष के समान मरना इसकी अपेक्षा अच्छा है कि मैं बैल के समान थान में रहूं। देवताओं ने मुझको अस्त्र उधार दिये हैं और उनको काम मे लाने की चतुराई मुझे देंगे" ।

तब उन्होंने फिर आह भरी और यह उत्तर दिया" हे सुन्दर वत्स, यदि तू अपना नाश कराने पर कटिबद्ध है तो ऐसा ही होने दे। हमको गार्गन के रहने के स्थान का मार्ग नही मालूम है परन्तु हम एटलस देव से पूछेंगी जो ऊपर पर्वत की शिखर पर रहता है और हमारे पिता शुकका भाई है जो चादी के समान श्वेत है। वह ऊपर बैठा रहता है और समुद्र और बिना आकार वाली पृथ्वी को बहुत दूर तक देखा करता है" ।

वह पर्वत के ऊपर अपने चचा एटलस के पास गई और उनके साथ पर्सियस भी गया। उन्होंने उस देव को घुटनों के बल झुका हुआ पाया जिस का कारण यह था कि वह आकाश और पृथ्वी को अलग २ पकड़े हुए था।

उन्होंने उससे पूछा और उसने नम्रता पूर्वक उत्तर दिया और संकेत द्वारा अपने शक्तिमान हाथ से समुद्र तट को बतलाया "मैं गार्गन को बहुत दूर एक द्वीप मे पडा हुआ देखता हूं परन्तु यह युवक उनके पास कदापि नही जा सकता जब तक कि इसके पास अधकार की टोपी न हो जो ऐसी होती है कि जो कोई पहिन ले तो उसे कोई भी नहीं देख सकता है"

तब पर्सियस ने चिल्ला कर पूछा "वह टोपी कहा। है कहामु झे वह मिलेगी"

परन्तु देव ने मुसकरा कर कहा "कोई जीवित मनुष्य उस टोपी को नहीं पा सकता है क्योंकि वह हेडीज के नीचे है जो मरे हुए मनुष्यों का स्थान है। परतु मेरी भतीजिया अमर हैं और उस टोपी को वे तुम्हे लादे गी यदि तुम एक बात की प्रतिज्ञा करो और अपना वचन पूरा करो ।

तो पर्सियस ने यह प्रतिज्ञा करली और देव कहा " जब तुम मेड्यूसा का

शिर लेकर आजाओ तो उस सुन्दर भयानक वस्तु को मुझे दिखादो जिससे मैं अचेत हो जाऊ, मेरी श्वास रुक जाय और मैं सदा के लिये पाषाण बन जाऊं। क्योंकि आकाश और पृथ्वी को अलग २ पकड़े रहना एक थकित करने वाले परिश्रम का काम है।

तब पर्सियस ने प्रतिज्ञा की और सबसे बडी अप्सरा नीचे उतर कर चट्टानों में एक अंधेरी खोह में चली गई जिसमें से धुआ और गडगड़ाहट आरही थी क्योंकि वह नरक का एक मुख था।

पर्सियस और अपसराएं सात दिन तक बैठी रहीं और कांपती हुई बाट जोहती रहीं यहा तक कि वह अप्सरा फिर आगई क्योंकि वह सूनसान अंधकार में बहुत देर से गई हुई थी परन्तु उसके हाथ में जादू की टोपी थी।

तब सब अप्सराओं ने पर्सियस को चूमा और उसके ऊपर बहुत समय तक रोई परन्तु वह केवल जाने के लिये बेचैन था। और अंत में उन्होंने उस टोपी को उसके शिर पर रख दिया और वह उनकी दृष्टि से लोपहो गया।

परन्तु पर्सियस वीरता से बहुत से कुरूप दृश्यों को देखता हुआ बहुत दूर बिना आकार वाली भूमि मे समुद्रों को पार करता हुआ उन द्वीपो में गया जहा न तो रात होती है और न दिन, जहा कोई वस्तु अपने ठीक स्थान पर नहीं रहती और किसी वस्तु का नाम नहीं है। यहा तक कि उसने गार्गन के परों की सनसनाहट का शब्द सुना और उनके पीतल के पजो की चमक को देखा और तब उसको मालूम हुआ कि अब ठहरने का समय है कदाचित मैड्यूसा उसको पत्थर का न बनादे।

उसने थोडी देर तक अपने मनमें विचार किया और एथोनी की बाततोंका स्मरण किया। वह वायु में ऊपर उठा और अपने शिर के ऊपर उसने ढालके प्रतिबिंब को किया जिससे कि वह उस सब को देखले जो उसके नीचे था।

उसने तीनों गार्गन को बडे हाथियों के समान सोते हुये देखा। वह जानता था कि वे उसे नहीं देख सकतीं क्योंकि अँधकार की टोपी उसे छिपाये हुये थी तिसपर भी वह उनके पास कापता हुआ उतर कर गया जिसका कारण यह था कि वह पीतल वाले पजे भयानक थे।

दो गार्गन सुअर के समान मैली थी और गहरी नींद में सो रही थी जैसे कि सुअर सोते हैं और अपने बडे और बलवान परों को फैलाये हुये थीं परन्तु मेड्यूसा बेचैनी से इधर उधर हिल रही थी और जब वह हिल रही थी तो उसपर पर्सियस को दया मालूम हुई क्योंकि वह रूपवती। और उदास थी। उसके पर धनुप के समान थे और उसका चहरा अप्सरा के चेह-रे के समान था। केवल उसकी भौंए इठी हुई थी उसके होंठ जकडे हुये थे जिससे यह मालूम होता था कि उसको सदा से चिता और दु ख है लम्बी गरदन ढाल के प्रति विम्ब में ऐसी सफेद चमक रही थी कि पर्सियस का हृदय उसको मारने को नहीं चाहता था और उसने कहा "ओहो यह कैसा होता अगर वह उनमें से किसी की बहिन होती"।

परन्तु जब उसने देखा तो उसके लटों मे से सापों के सिर निकल पड़े और अपनी चमकीली सूखी आखों से देखने लगे और अपने दात निकालकर फुफकारने लगे। मेड्यूसा ने जब कि वह इधर उधर घूम रही थी अपने पर फेंकदिये और अपने पीतल के पजे दिखलाये परसियस ने देखा कि इतनी सुन्दरता होते हुये भी वह इतनी मैली और विप वाली थी जैसे कि और थीं।

तब वह उतरा और वीरता के साथ उसके पास चला गया वह टकटकी लगाकर ढाल के प्रतिविम्ब में देखने लगा और बडे जोर से हार्वी से एक वार मारा और उसको दूसरी वेर मारने की आवश्यकता फिर न हुई।

तब उसने उस सिर को बकरी की खाल में लपेट लिया और अपनी दृष्टि को फेर करके वह हवा में ऊपर पहले की अपेक्षा बहुत शीघ्रता से उछल गया।

इसका कारण यह था कि मेड्यूसा के पर पजे खडखडाये जिस समय कि वह चट्टान पर मर कर गिरी और उसकी दोनों मैली बहिनें जागीं और उसको मरा हुआ देखा।

वे चिंघाडती हुई वायु में उछलीं और उसको खोजने लगीं जिसने उस काम को किया था तीन वेर वे चारों ओर उन बाजों के समान घूमीं फिरीं जो तीतुर को खोजाते हैं और तीन वेर उन्होंने चारों ओर उन शिकारी कुत्तों के समान गध ली जो हिरन के पास पहुच जाते हैं।

अंत में वे लोहू की गंध पर जा पहुची और निश्चय करने के लिये वे एक क्षण भर ठहर गई और फिर वे भयानक शब्द करती हुई आगे बढ़ी उनके परों से वायु में भारी शब्द होता था।

वे अपने परों को फड़फड़ाती हुई शीघ्रता से उन उकावों के समान झपटीं जो खरहे का पीछा करते है और पर्सियस को यद्यपि वह बड़ा वीर था भय मालूम हुआ। उसने उनको अपने पीछे आते हुये देखा और उसने चिल्ला कर कहा " वीर खड़ाउओ अब मुझको भली भाति ले चलो क्योंकि प्राण घातक कुत्ते मेरे पीछे २ चले आ रहे हैं।

वीर खड़ाऊ उसको प्रकाश और अंधकार में विना तट के समुद्र पार भली भाति ले गई और प्राण घातक वहिनें शीघ्रता से पीछा कर रहीं थीं। क्योंकि उनके परों का वड़ा शब्द वायु के नीचे आता था। परन्तु वह शब्द वहुत धीमा होता जाता था और उनके चिघाडने का शब्द वद होगया कारण यह था कि उन गार्गनों के लिये भी वह खड़ाऊ वहुत शीघ्र चलने वाले थे और रात पहुचते २ वे इतने पीछे रह गई कि वे आकाश मे दक्षिण की ओर दो काले धब्बों के समान मालूम पडती थीं यहा तक कि सूर्य डूब गया और उसने उनको फिर न देखा।

तव वह फिर अटलस के पास और अप्सराओं की वाटिका में आया जव देव ने उसको आते हुये सुना तो उसने कराहते हुए कहा "तुमने जो प्रतिज्ञा की थी उसको पूरा करो" तव पर्सियस ने गार्गन का शिर उसके समाने उठा दिया और उसको अपने सव परिश्रम से आराम मिल गया क्योंकि वह पत्थर का एक टीला हो गया जो सदा के लिये ऊपर आकाश मे पड़ा सोता है।

तव उसने अप्सराओं को धन्यवाद दिया और उसने पूछा अव मैं घर को किस मार्ग से जाऊ। मै यहा वडा चक्कर खाकर आया हूं।

तव उन्हों ने रोकर कहा "अव घर मत जाओ परन्तु हमारे साथ ठहरो और खेलो हम अकेली लडकिया हैं और देवताओं और आदमियों से सदक लिये बहुत दूर रहती हैं।

लेकिन उसने इ कार कर दिया और उन्हों ने उसे उसकी सडक वतला दी

और यह कहा अपने साथ जादू का फल लेते जाओ जिसको तुम अगर खा लो तो तुम को सात दिन तक भूख न लगै। क्योंकि तुम को पूरब और पश्चिम जाना पडेगा सूनसान लिबिया के तट पर जिस को फोस्यून ने पिता जियस को दिया था जिस समय उसने वासफ़रस और हेलस पान्ट को खोल-दिया था और सुन्दर लेक्टोनिया की सुन्दर भूमि को डिवो दिया। ज़ीयस ने इस भूमि को वदल लिया।

यह एक सच्चा वदला था अर्थात् वहुत खराव भूमि कुछ अच्छी भूमि के वदले और आज दिन तक वह सूनसान उजड़ा हुआ स्थान है जिसमें पत्थर वालू और चट्टान हैं।

तव उन्हों ने पर्सीयस को चूमा और उस पर रोये। वह पहाड से नीचे कूदा और समुद्री वगले के समान भूमि से समुद्र पार चला गया यहा तक कि वह वहुत छोटा दिखाई देने लगा।

चौथा भाग।

पर्सियस पर्थीयाप्स में कैसे पहुंचा।

इस तरह से पर्सियस उत्तर पश्चिम की ओर समुन्दर को मीलों पार करता हुआ आगे को चला जा रहा था यहा तक कि वह उड ते हुए रेत के टीलों और सूनसान लीविया के तट पर पहुच गया।

वह वनों को पार करता हुआ उडता गया वह चट्टानों और पत्थर के किनारों और वालू के मैदानों और उन घोंघों के ऊपर होकर गया जो पानी से वह कर आगये थे और धूप में सफ़ेद हुये जा रहे थे वह समुद्र के वड़े वडे जन्तुओं की ठठरियों पर से और पुराने देवों की मरी हुई हड्डियों के ऊपर से होता हुआ गया जो इधर उधर पुराने समुद्र की तलेटी पर विखरी हुई थीं। और जिस समय वह जा रहा था तो लोहू की वूदें भूमि के ऊपर गार्गन के सिर में से गिरीं और विषैले साप वन गये जिनका वंश आज तक वन में चल रहा है।

वह रेतों के ऊपर से हो कर गया। वह यह नहीं जानता था कि वह कितने दूर गया और कितने दिनों तक गया वह उस फल को खाता जाता था

जोकि अप्सराओ ने उसको दिया था यहा तक कि उसने साइली की पहाडियों को और उन वौनों को देखा जोकि सारसों से लडे थे। उनके भाले सरकिंडों और घास के थे। और उनके घर सारसो के अडों के छिलके के थे। पर्सियस हसा और उत्तर पूरव की ओर मार्ग पर चला दिन भर यह आशा करता हुआ कि नीला मेडीटरेनियन दिखाई पडेगा जिससे कि वह पार करके अपने घर को चला जायगा।

परन्तु इस समय एक प्रचड वायु चली जिसने उसको दक्षिण की ओर वनमे हटादिया। दिनभर उसने उस वायु का सामना किया परन्तु पर दार खडाऊं भी उस वायु को परास्त न कर सकी। इस लिये उसको सारी रात वायु के नीचे उतर कर आना पडा जिस समय प्रात काल हुआ तो सिवाय घृणीय रेतीले मैदान के और कुछ नही दिखाई देता था।

उत्तर को ओर से रेत का तूफान उसके ऊपर चला और लोहू के समान वालू के लाल और चम्करदार खम्बे उठे जिन्होंने ने सूर्य को दृष्टि से छिपा दिया पर्सियस उनमे भागा कि कदाचित् जलती हुई धूल से उसकी दम न घुटजाय। अन्त मे वायु धीमी पडगई और उसने फिर उत्तर जाने का यत्न किया परन्तु रेत के तूफान फिर आगये और उसको जगल में खदेर दिया इसके पीछे पहले के समान शान्ति होगई और तूफान बंद होगया। सात दिन तक उसने तूफानों का सामना किया और सात दिन तक वह पीछे हटा दिया गया यहा तक कि वह प्यास और भूख से थक गया और उसकी जिह्वा उसके तलुये से जाकर लग गई। इधर उधर उसने यह विचार किया कि वह किसी सुन्दर झील को देख रहा है और सूर्य की किरणें पानी के ऊपर चमक रही है परन्तु जब वह उसके पास आया तो वह उसके पैरों के पास से लोप होगई और सिवाय जलते हुये वालू के वहां कुछ न रहा। यदि वह वन देवताओं के वश में से न होता तो वह उस ऊसर भूमि मैं नष्ट हो गया होता परन्तु वह कडे जी का मनुष्य था क्योंकि उसके प्राण आदमियों के प्राणों से बढ़ कर थे।

तब उसने चिल्ला कर एथीनी से कहा "ऐ सुन्दर और पवित्र देवी यदि तू मेरी बात को सुन रही है। क्या तू मुझको इस स्थान में बिना पानी

के मर जाने के लिये छोड़ देगी ? मैंने तेरी आज्ञानुसार गार्गन का सिर ला दिया है और अब तक तैने मेरी यात्रा को फली भूत किया है तो क्या अत में मुझको छोड देगी ? नहीं तो यह देवी खडाऊ वन के तूफानों के विरुद्ध विजय क्यों न प्राप्त करते ? क्या मै अपनी माता को और सेरीफस के चारों ओर और हैलस की धूप दार पहाडियों को फिर नहीं देखूगा।

इस तरह से उसने प्रार्थना की और प्रार्थना के उपरान्त बहुत देर तक मौनता रही।

आकाश अब तक उसके सिर के ऊपर था और रेत अब तक उसके पैरों के नीचे था। पर्सियस ने ऊपर की ओर देखा और सिवाय अन्धा कर देने वाले सूर्य के नीले समुद्र के और कुछ नहीं था और उसके चारों ओर सिवाय अन्धे कर देने वाले रेत के और कुछ न था।

पर्सियस थोडी देर तक चुप चाप खडा बाट जोहाता रहा और तब उसने कहा कि यह बात निश्चय है कि मैं बिना देवताओं की इच्छा के यहा नही आया हूं क्योंकि एथीनी झूठ नही बोलेगी। क्या यह खडाऊ मुझको ठीक सडक पर नहीं लेगई तब वह सड़क जिस पर मैंने जाने का यत्न किया है कोई दूसरी सडक होगी।

तब अचानक उसके कान खुल गये और उसने बहते हुये पानी का शब्द सुना।

इसपर उसका मन प्रसन्न हुआ यद्यपि वह अपने कानों पर विश्वास नही कर सक्ता था और क्योंकि वह थका हुआ था इस लिये वह आगे बढ़ता हुआ चला गया यद्यपि वह खडा नही हो सकता था और उसके पाससे तीर की मार तक बालू में एक घाटी और सिग मरमर के चट्टान और खजूर के पेड और चित्त प्रसन्न करने वाली हरी घास का एक मैदान था। उस मैदान में एक छोटा सा नाला चमकता था जो वृक्षों के दूसरी ओर से निकल कर बालू में लोप हो गया था।

पानी चट्टानों में से टपक २ आ रहा था और खजूर की शाखाओं में से सुहावनी वायु धीरे २ आरही थी। पर्सियस मारे हर्ष के हसा और चट्टानसे कूदकर नीचे आगया। उसने ठंडा पानी पिया और कुछ खजूर खाकर घास

के ऊपर सोगया। वह उठा और फिर आगे की ओर बढा। परन्तु इस बेर वह उत्तर की ओर नहीं गया। क्योंकि उसने यह कहा "यह बात निश्चय है कि एथीनी ने मुझको यहा भेजा है और वह यह नहीं चाहेगी कि मैं अभी घर की ओर चलू क्या यदि कोई दूसरा अच्छा काम करने को हो"पहिले इसके कि मैं हेल्लास की धूपदार पहाडियो को देखू" ?

सो वह पूरव को ओर गया और सीधा पूरव की ओर मरुस्थल की नवीन उपजाऊ भूमियों और खजूरके वृक्षों हरे,घास के हरेमैदानों में होता हुआ गया यहा तक कि उसने अपने आगे एक महान् पर्वत की दीवार देखी जो सूर्यास्त के कारण गुलाब के समान लाल जान पडती थी।

तब वह उकाब के समान वायु में ऊचा उड़ गया इसका कारण यह था कि उसके हाथ पैर फिर पुष्ट हो गये थे। रातभर उडकर उस पर्वत को उसने पार किया यहा तक कि भोर होने लगा और इओस जो दिन के प्रकाश की सुन्दर देवी है आकाश में लाल दिखाई दी। तब आप यह देखिये कि उसके नीचे मिस्र देश की लम्बी हरी वाटिका और नाईल नदी की चमकती हुई धारा दिखाई दी।

उसने ऊ ची २ दीवारों के नगर, मदिर, चौखूटे खभ, गुंडाकार खभे और पत्थर के बडे २ देवता देखे। वह जौ, सन जुआर और ऊपर को चढती हुई लौकी के खेतों में उतरा। उसने लोगों को एक बडे नगर के फाटकों में से बाहर आता हुआ काम में लगते हुए अर्थात् हरेक को अपने स्थान में नहरों के मध्य में पानी की धारों को पौधो में चतुराई के साथमिस्रवालोंकी बुद्धि के अनुसार अपने पैरों से विभाजित करते हुये देखा। परन्तु जब उन लोगों ने उसको देखा तो उन्होंने अपना काम बद कर दिया और उसके चारों ओर एकत्रित होकर चिल्ला कर यह कहने लगे।

ऐ सुन्दर युवा पुरुष, तू कौन है और बकरी की खाल के नीचे तू क्या लिये हुये है ? यह निश्चय है कि तू कोई देवता है क्योंकि तेरी चर्म हाथीदात के समान शवेत है और हम लोगोंकी मृत्तिका के समान लाल है। तेरे बाल सोने के सूत के समान हैं और हमारे श्याम वर्णके और दू ठे हुये हैं। निश्चय

है कि तू कोई देवता है। और उन्होंने उसी समय और वहीं उसकी आराधना की होती। परन्तु पर्सियस ने कहा।

"मैं कोई देवता नहीं हूं परन्तु मैं हेलेन्स का एक वीर हूं। मैंने गार्गन को वन में मारा है और अपने साथ उसका शिर लिये जा रहा हूं। अतएव मुझे भोजन दो कि मैं और आगे जाऊं और अपने काम को समाप्त करूं।

तब उन लोगों ने उसको भोजन फल और मदिरा दी परन्तु वे उसे जाने नहीं देते थे। और जब नगर में यह समाचार फैला कि गार्गन मारी गई तो पुजारी लोग उससे मिलने को आये और कन्यायें गान और नाच करती हुई पखावज और झांझ बजाती हुई आई। वह उसे अपने मंदिर और राजा के पास ले आई होती परन्तु पर्सियस ने अंधकार की टोपी पहिन ली और उन की दृष्टि से लोप होगया।

अतएव मिश्र देश के लोगों ने बहुत समय तक उसके लौटने की आशा की परन्तु वृथा। उन लोगों ने उसको एक वीर मानकर उसकी आराधना की और मेर्मास में उनकी एक मूर्ति बनवाई जो सैकड़ों वर्षों तक खड़ी रही, वे यह कहा करते थे कि वह बहुधा उनको एक हाथवाली खड़ाऊ पहिने हुये दिखाई दिया करता था और जब कभी वह दिखाई देता तो ऋतु बहुत अच्छा होता और नाईल नदी उस वर्ष बहुत बढ़जाती थी।

तत्पश्चात पर्सियस पूरब की ओर लाल सागर के तट पर से होता हुआ गया। और इस कारण कि उसको अरब के वनों में जाते हुए भय मालूम देता था वह एक बेर और उत्तर की ओर फिरा। इस बेर किसी तूफानने उसको नहीं रोका।

वह स्वेज अंतरीप और केसियस पर्वत और सर्बोनिया की बड़ी दलदल और पेलस्टाइन के तट पर होता हुआ गया जहां पर श्यामवर्ण के एथियापस लोग रहते हैं।

वह सुन्दर पहाड़ियों और घाटियों में होता हुआ स्वयं आर्गस अथवा लेसेडीमन या टेमी के बेल के समान उड़ता हुआ गया। परन्तु तराइयां जल के बढ़ने से डूबी हुई थीं और पहाड़ी देश अग्नि से मुर्झा गए थे और

पहाडिया उबलते हुए देग के समान उछल रही थीं जिसका कारण यह था कि राजा पोसीडन भूमि का हिलाने वाला क्रोध में था।

पर्सियस ने उस देश के भीतर जाने से भय किया किन्तु वह किनारे २ समुद्र ऊपर ही उड़ता हुआ चलागया। वह दिनभर उड़ता हुआ चला और धुए से आकाश काला होगया था। वह रात भर चला और आकाश ज्वाला के कारण लाल होगया था।

दिन निकलते ही उसने चट्टानों की ओर देखा पानी के किनारे एक काले चट्टान के नीचे उसने एक श्वेत रगकी मूर्ति को खड़ा हुआ देखा।

उसने अपने मनमें विचार किया "निश्चय है कि यह किसी समुद्र के देवता की मूर्ति है। मैं उसके निकट जाकर यह देखूंगा कि वन के निवासी किसकी पूजा करते हैं

सो वह उसके निकट आया। परन्तु जब वह आया तो उसने यह देखा कि वह मूर्ति नहीं है वरन् वह एक हाड मास की है। क्योंकि उसने उसके बालों के लट वायु मे फहराते हुएदेखे जब वह उसके और निकट गया तो उसने उसे पीछे का हटते और कपकपाते हुएदेखा जिस समय कि ठढा खारा फेन उसके ऊपर गिरता था। उसके हाथ उसके शिर के ऊपर फैले हुये थे और चट्टान से पीतल की जजीरों से बंधे हुये थे। उसका शिर उसकी छाती पर निद्रा श्रान्ति अथवा शोक के कारण लटका हुआ था। परन्तु वह जब तब ऊपर को देखती और विलाप करती थी और अपनी माता को पुकारती थी इस समय तक उसने पर्सियस को नहीं देखा क्योंकि अन्धकार की टोपी वह अपने शिर पर पहिने हुये था।

दया और क्रोध में आकर पर्सियस निकट गया और उस कन्या को देखने लगा। उस कन्याके कपोल उसके कपोलों से अधिक काले थे। उसके बाल केवड़े के समान नील और श्याम पटरी के थे। परन्तु पर्सियस ने यह विचार किया "मैंने ऐसी रूपवती कुमारी कभी नहीं देखी है नहीं अपने सब द्वीपों में किसी में भी नही' सचमुच वह किसी राजा की पुत्री है क्या वनके निवासी अपने राजा की पुत्रियो के साथ ऐसाही बर्ताव करते हैं। वह कम से कम इतनी सुन्दर जान पडती है कि उसने कोई अपराध न किया होगा। मैं उससे बात चीत करूगा।

अपनी टोपी को अपने शिर पर से उतार कर वह अकस्मात् उसके सामने प्रगट हुआ। वह मारे भय के चिल्ला उठी और अपने मुह को अपने बालों से छिपाने का यत्न करने लगी क्योंकि ऐसा वह अपने हाथों से तो कर नहीं सकती थी। परन्तु पर्सियस ने चिल्लाकर कहा।

हे सुन्दरी! तू मुझसे मत डर मैं हेलन हूं कोई बनैला नही हूं। किन क्रूर मनुष्यों ने तुझे बांधा है। किन्तु पहिले मैं तुझे खोलदूं।

उसने बेडियो को खीचकर तोडना चाहा परन्तु वह इतनी पुष्ट थीं कि वह ऐसा न कर सका। वह कुमारी चिल्ला कर कहने लगी।

मुझको मत छुओ। मेरे ऊपर श्राप है। और मैं समुद्र के देवताओ की भेंट छोडदी गई हूं। यदि तुम मुझे खोलने का साहस करोगे तो लोग तुम्हें वध कर डाले गे।

पर्सियस ने कहा "उन्हें मुझे मारने का यत्न करने दो। और अपनी जाघ मेंसे हार्पी को खींचकर उसने पीतल को ऐसे काट डाला मानो वह सनथा

उसने कहा अब तुम मेरी हो इन समुद्र देवताओ की नहीं हो चाहे जो वे लोग हो। परन्तु वह केवल अपनी माता को और पुचकारने लगी।

"तुम अपनी माता को क्यों बुलाती हो? वह माता नहीं हो सकती क्यों कि वह तुझको यहा पर छोड गई है। यदि कोई पक्षी अपने घोंसले से गिर जाय तो वह उस मनुष्य का होजाता है जो उसे उठाले। यदि कोई रत्न मार्ग मे गिर पड़े तो वह उसका होजाता है जो उसको उठा लेने और पहनने का साहस करे जैसे कि मैं तुमको जीत कर पहिनूं गा अब मैं जान गया कि क्यों पैलास एथीनी ने मुझको इस लिये भेजा कि मे ऐसी वस्तु को प्राप्त कर जो मेरे सारे परिश्रम के सम्पूर्णत बराबर हो।

उसने उसको अपनी छाती से लगाया और कहा यह क्रूर और अन्यायी समुद्र देवता कहा हैं जो सु दर कुमारियों को मृत्यु का श्राप दे देते हैं। मेरे पास देवताओं के शस्त्र हैं। वह मरे साथ वे युद्ध करलें परन्तु हे कुमारि तू मुझे बतला दे कि तू कौन है और कौन सी आपत्ति तुझे यहा ले आई है।

उसने रोकर उत्तर दिया।

मैं इयोपा के राजा सीफ़ियस की पुत्री हूं और मेरी माता केसीपिया है जिसके सुंदर लट हैं और मुझे एडोमिडा कहते थे जब तक यह जीवन मेरा था। मैं अभागी इस स्थान में समुद्र राक्षस के भोजनार्थ इस लिये बंधी हुई खडी हू कि मैं उस पाप से प्रायश्चित करू जो मेरी माता ने किया है। अर्थात् यह कि मेरी माता ने एक समय मेरे ऊपर यहां अभिमान किया था कि मैं अटरगेटिस से भी अधिक सुन्दर हूं जो मछलियों की रानी है। अतएव उसने क्रोध में आकर समुद्र की बाढ़ को भेज दिया और उसके भाई जो अग्नि का राजा है भूकम्प भेजा और सारी पृथ्वी को नाश कर दिया और बाढ़ के उपरात एक देव जो कीचड से उत्पन्न हुआ आया जो सब जीव धारियों को खा जाता है और अब वह मुझे अवश्य खा जायगा यद्यपि मैं निरपराध हूं और मैंने किसी प्राणी को हानि नहीं पहुंचाई है और न समुद्र तट पर कोई ऐसी मछली देखी है जिसको मैंने न बचा दिया हो और उसको समुद्र में न फेंक दिया हो इसका कारण यह कि हम अपने देश में मछली नहीं खाते क्योंकि हमको उनकी रानी एटर्गेरिस का भय रहता है। तो भी पुजारी यह कहते हैं कि उस पाप का प्रायश्चित जो मैंने कभी नहीं किया सिवाय मेरे लोहू के और किसी वस्तु से नहीं हो सकता ।

परन्तु पर्सियस हसा और कहने लगा "समुद्र का देव, मैं उस से भी निकृष्ट वस्तु से युद्ध कर चुका हू। तुम्हारे कारण तो मैं देवताओं का सामना कर लेता हूं। क्या समुद्र के देवता का सामना करना कुछ बडा काम है?

तब एंडोमिडा ने उसकी ओर देखा और उसके हृदय में नवीन आशा आगई। इतने अभिमान के साथ और आशा को बढ़ाता हुआ वह खडा हुआ था एक हाथ से तो उसको लपेटे हुए था और दूसरे में दमकती हुई खड्ग लिये हुए था। परंतु उसने आह भरी और अधिकतर रोकर और चिल्लाकर यह कहने लगी।

"तुम युवा पुरुष हो इसलिये तुम अपने प्राण क्यों दोगे ? क्या संसार में मृत्यु और दुख बहुत नहीं है ? मेरे लिये मरना एक बड़ा काम है जिससे कि मैं सब लोगों के प्राण बचा सकू । परंतु तुम जो कि उन सबो से अच्छे हो, मैं तुम को क्यों क्या वध करू ? अपना काम देखो और मैं अपना काम देखू।

परन्तु पर्सियस ने कहा "ऐसा नहीं होगा। कारण यह कि प्रोलिपसके स्वामी जिनकी में सेवा करता हूं वीर पुरुषों के मित्र है और अच्छे २ कामों के करने में उनकी सहायता करते हैं। उन्हीं की सहायता से मैं ने गार्गन को जो सुन्दर घोर भयानक थी वध किया और अब उन्हींकी आज्ञानुसार मै इस देवको उसी गार्गन के शिर से वध करने के लिये आया हूं। परन्तु जब में तुमको छोडकर जाऊ तो तुम अपनी आखों को बदकर लेना कदाचित् उस के देखने से तुम पत्थर की न हो जाओ"।

परन्तु उस कुमारी ने कुछ भी उत्तर न दिया क्योंकि उसे उसकी वातों पर विश्वास नहीं था। और तब अकस्मात् ऊपर को देखकर उसने समुद्र की ओर सकेत किया और चिल्लाकर यह कहने लगी।

"वह आरहा है और ऐसा जान पड़ता है कि सूर्य उदय हो रहा है। जैसी कि लोगों ने प्रतिज्ञा की थी अब मैं मरूगी। मैं इसका सहन किस प्रकार करूगी। ओ चले जाओ। क्या यह बडे भय की बात नहीं है कि मेरे फाडकर टुकडे २ कर दिये जाय और तुम देखने के लिये न हो। और उसने उसे धक्का देने का यत्न किया।

परन्तु उसने कहा " मैं जाता हूं। मेरे जाने के पहिले मुझ से एक बात की प्रतिज्ञा करो। अर्थात् यह कि यदि मैं इस जन्तु को वधकर डालू तो तुम मेरी स्त्री होजाना और मेरे साथ मेरे राज्य में लौटकर आना जो आर्गस में है जहा की भूमि उपजाऊ है क्योंकि मै एक राजा का उत्तराधिकारी हूं। यह प्रतिज्ञा करो और चुम्बन देकर उस प्रतिज्ञा को पक्का करो"।

तब उसने अपना चेहरा उठाया और उसका चुबन किया। पर्सियस हर्ष से हंसा और ऊपर को उडगया। एड्रामिडा चट्टान के ऊपर कपकपाती हुई झुकी हुई थी और जो कुछ उसपर बीतने वाला था उसका बाट जोह रही थी।

समुद्र का बडा देव समुद्र के किनारे २ जहाज को खेता हुआ बडी काली नौका के समान धीरे २ लहरों में होकर आता हुआ पहुच गया। वह बीच २ में खाडी और अन्तरीप के पास लडकियों का हसना देखने के लिये जिस समय

कि वह अपने कपड़े धोती थीं अथवा चौपायों को रेतीली पहाडियोंपर खुर मारते हुए या लडकों को समुद्र तट पर नहाते हुये देखने के लिये ठहर जाता था। उसके वडे शरीर के दोनों ओर घोघों के ढेर और दर्याई घास वहुत सी लगी हुई थी और उसके चौड़े जावडों के भीतर और वाहर से पानी गडगडाकर आ और जा रहा था जिस समय कि वह प्रातःकाल के सूर्य में चमकता और जगमगाता हुआ तैरता चला आ रहा था।

अतमें उसने एड्रामिडा को देखा और अपने आखेट (एंड्रामिडा) पर झपटा। उसके पीछे लहरों में श्वेत फैन उठ रहे थे और उसके आगे मछलिया कूद २ कर भाग रही थीं।

तव ऊपर हवा मे से पर्सियस टूटते हुये तारे के समान झागदार लहरों के ऊपर गिरा और एंड्रामिडा ने अपना मु ह छिपा लिया जव वह चिल्लाया और तव कुछ समय तक मौनता छागई।

अतमें एड्रामिडाने कापते हुये जव ऊपर को देखा तो उसने पर्सियस को अपनी ओर कूदकर आते हुये पाया और उस देव के स्थान में उसने एक लवा काला चट्टान देखा जिसके चारों ओर समुद्र मौनता के साथ लहरें मार रहा था।

पर्सियस को वडा अभिमान हुआ जिस समय वह चट्टान पर फिर कूद कर गया और सुन्दर एड्रामिडा को अपनी गोद में लेकर पर्वत के शिखर-पर उस शिकरे के समान उड़गया जो पडुकी को लेकर उड़ जाता है।

पर्सियस और एथियोपिया के लोगों को जितना अभिमान और हर्ष हुआ उतना किसी को न हुआ होगा। क्योंकि वे सव पहाडियों के ऊपर से खड़े हुये देव को देख रहे थे और उस लडकी के भाग्य पर दुःखित होरहे थे। पहिले हीं से एक दूत सीफ़ियस और केसीओपिया चला गया था। जहा लोग मोटा कपडा पहिने हुये थे और राख में पृथ्वी के ऊपर महल के भीतर के कमरोंमें अपनी कन्या की मृत्यु का वाट जोहते हुए वैठे थे। वे सव आए और उनके साथ नगर के सव निवासी इस आश्चर्य को देखने के लिये हाथों में करताल और वीन लिये हुये गीत गाते और नाचते हुये आये और अपनी पुत्रीको फिर प्राप्त किया मानो वह मरे हुओं में से जीवित होकर लौट आई है। तव

सीफ़ियस ने कहा "हे हेलेन्स के वीर। मेरे साथ यहां रह और मेरा दामाद होजा। मैं अपना आधा राज तुझको देऊंगा"।

पर्सियस ने उत्तर दिया 'मैं तुम्हारा दामाद होजाऊंगा परन्तु मैं तुम्हारे राज का कोई भाग नहीं ले सकता क्योंकि मैं ग्रीस देश की सुन्दर भूमि और अपनी माता को देखने की इच्छा कर रहा हूं जो घर पर मेरा वाट जोह रही है'।

तब सीफियस ने कहा तुम मेरी पुत्री को तुरत मत ले जाओ क्योंकि वह हम लोगों के लिये ऐसी है मानो वह मरे हुये लोगों में से जीवित होकर आई है। हमारे साथ एक वर्ष तक ठहरो उसके पश्चात् कीर्ति के साथ लौटजाना पर्सियस इस वात को मान गया परन्तु महल में जाने से पहिले उसने लोगों से कहा कि वह पत्थर और लकडी ले आए। तब उसने तीन वेदियां अर्थात् एक एथीनी के नाम दूसरी हर्मीज़ और तीसरी पिता जोयस के नाम की वनवाई और वैल और मेढे भेंट में दिये।

कुछ लोग यह कहते थे "यह धर्मिष्ट आदमी है" तथापि पुजारियों ने यह कहा समुद्र की महारानी हम लोगों से और भी अधिक विरुद्ध हो जायगी क्योंकि उसका देव वध करडाला गया। परन्तु शब्दसे चिल्लाकर वोलने में उनको डर लगता था क्योंकि उनको गार्गन के शिर का भय था। इसलिये वे महल को गये और जब वे भीतर आये तो वड़े कमरे में फीनियस जो सीफियस का भाई था उस भालू के समान लाल पीला होकर खड़ा था जिसके बच्चे छीन लिये गये हों और उसके साथ उसके दोनों लडके उसके नौकर और वहुत से हथियार बांधे हुए आदमी खड़े हुये थे और उसने सीफ़ियस से चिल्लाकर कहा—

"तुम अपनी पुत्री का विवाह इस परदेशी आदमी के साथ मत करो जिसका कोई नाम तक भी नहीं जानता है। क्या एंड्रामिडा की सगाई मेरे वेटे के साथ नहीं हुई थी और अब जो वह फिर निर्भय होगई है तो क्या उस के दावा करने का अधिकार उसे नहीं है?

परन्तु पर्सियस हंसा और उसने यह उत्तर दिया "यदि तुम्हारे लडके को स्त्री की आवश्यकता है तो उसके लिये यह उचित है कि वह भी एक कुमारी के

प्राण बचावे इस समय तो वह निरधिकार दुलहा है । उसने इस कुमारी को मरने के लिये छोड दिया था और उसके लिये तो वह मरी हुई के समान है। मैंने उसको बचाया और वह मेरे लिये न कि और किसी के लिये जीवित के समान है कृतघ्न ! मनुष्य क्या मैं ने तेरी भूमि को नहीं बचाया है और तुम्हारे बेटों और बेटियों के प्राण नहीं बचाये हैं और इसका बदला क्या तुम मुझे इस तरह देना चाहते हो ? चले जाओ नहीं तो तुम्हारे लिये बुरा होगा परन्तु सब आदमियों ने जो हथियार बांधे हुये थे अपनी खड्गें खींच लीं और उसके ऊपर जगली पशुओं के समान झपटे।

तब उसने गार्गन का शिर दिखला दिया और यह कहने लगा "इसने मेरी दुलहिन को एक जङ्गली पशु से बचाया है और वह उसको बहुतों से बचायेगा" और जब वह बोल रहा था तो फीनियस और उनके सब आदमी जो हथियार बांधे हुए थे अकस्मात् ठहर गये और हर एक आदमी भी कडा होकर खडा रहगया और जैसे ही पर्सियस ने बकरी की खाल को उनके चेहरे की ओर दिखाया वे सब पत्थर होगये।

तब पर्सियस ने आज्ञा दी कि लोग टेकन लाकर उनको हटा ले जाय और इसके पीछे उनका क्या हाल हुआ मैं कह नहीं सकता।

सो उन लोगों ने विवाह के सम्बन्ध में एक बडी ज्योंनार की जो सम्पूर्ण सात दिन तक रही और पर्सियस और एण्ड्रामिडा बहुत प्रसन्न चित्त थे।

परन्तु आठवीं रात्रि को पर्सियस ने एक स्वप्न देखा और उसने अपने पास पेलास एथीनी को ठीक उसी तरह खड़े हुये देखा जैसे कि उसने उसे सेरीफस में सात वर्ष पहिले देखा था। उसने खड़े होकर उसका नाम लेकर उसे पुकारा और यह कहा।

पर्सियस तुमने वीरता का काम किया है और देखो तुमको उसका फल मिल गया। अब तुम इस बात को जान लो कि देवता न्याय कर्त्ता हैं और जो स्वय यत्न करता है उसके वे सहायक होते हैं। अब तुम मुझको हार्पी खड्ग और खड़ाऊ और अधकार करने वाली टोपी देदो कि मैं उनको उनके स्वामी को लौटा दू। परन्तु तुम गार्गन के शिर को कुछ समय तक अपने

पास रक्खो क्योंकि उसकी आवश्यकता तुमको ग्रीस के देश में होगी। तब उसको मेरे मंदिर में जो सेरीफास में है रख देना कि मैं उसको सदा के लिये अपनी ढाल में लगाकर पहिने रहूं जिससे कि टाईटन और देवो को और देवताओं और मनुष्यों के शत्रुओं को भय हो। इस देश के विषय में मैं यह कहती हूं कि मैंने समुद्र और अग्नि को शांत कर दिया है और अब न तो जल बाढ आयगी और न भूकंप आयेंगे। परन्तु लोगों को चाहिये कि पिता ज़ियस के और मेरे नाम की वेदिया बनवा दें और देवताओं का पूजन करें जो आकाश और पृथ्वी के स्वामी है।

पर्सियस उस खड़ग और टोपी और खड़ाऊ को देने के लिये उठा परन्तु वह जाग गया और उसका स्वप्न समाप्त हो गया किन्तु वह स्वप्न ही न थी क्योंकि गार्गन का शिर बकरी की खाल में अपने स्थान में रक्खा हुआ था परन्तु खडग और तलवार और खडाऊ नहीं थे और पर्सियस ने उन्हें फिर कभी न देखा।

तब पर्सियस को वडा भय मालूम दिया। वह सवेरा होते ही लोगों के पास गया उनसे अपने स्वप्न का हाल कहा और यह भी कहा कि जियस के नाम जो देवताओं और मनुष्यों का पिता है और एथीनी के नाम जो वीर पुरुषों को बुद्धि देती है वेदिया बनवाओ। और अब भूकंप और पानी के बढ़ाव का भय मत करो परन्तु चैन चान के साथ जोतो और घर बनाओ। उन लोगों ने ऐसा कुछ समय तक किया और वह फले फूले। परन्तु जब पर्सियस चला गया तो वे ज़ियस और एथीनी को भूल गये और फिर महारानी अटर्गेटिस और पवित्र झील की अमर मछली की पूजा करने लगे जिस झील में कि ड्यूकेलायन की बाढ़ सोखली गई थी। लोग अपने बच्चों को अग्नि देवता के सामने जलाने लगे यहा तक ऐसा हुआ कि जियस उन मूढ आदमियों से क्रुद्ध होगया और उन का विरोध करने को मिश्र देश से किसी अद्भुत जाति के लोगों को ले आया जिन्होंने उनसे युद्ध किया और उन का बिलकुल नाश कर दिया और उनके नगरों में सैकड़ों वर्ष तक रहे।

पांचवां भाग ।

पर्सियस घर फिर कैसे आया ।

जब एक वर्ष व्यतीत होगया तो पर्सियस ने टायर से फिनीशिया के लोगों को किराये पर लेकर उनसे देवदार के वृक्ष कटवाये और अपने लिये एक जहाज बनवाया । उसने उसके अग्रभाग को लाख रगा और इधर उधर धूने से रग दिया । उसमें उसने एड्रामिडा को बैठाया और रत्नो और अच्छे शाल और मसालों के दहेज को रक्खा जो पूर्व से आये थे और जब वे जहाज में लेकर चले गये तो लोगों ने बहुत विलाप किया परन्तु उसकी वीरताके काम की याद उसके पीछे रही और एड्रामिडा का चट्टान इयोपा में जो पेले-स्टाइन में है दिखाया जाता था यहा तक कि एक सहस्र वर्ष से भी अधिक व्यतीत होगये ।

सो पर्सियस और फ़िनीशिया के लोग जहाज में खेते हुये पश्चिम दिशा की ओर क्रीट सागर को पार करते हुये चले गये यहा तक कि वे ईजियाके नीले और हेल्स के सुन्दर पशुओं और अपने पुराने घर सेरीफस में आगये ।

तब उसने अपने जहाज को समुद्र के तट पर छोडदिया और पहिले के समान चलागया । उसने अपनी माता को और अपने दयालु पालनहारे डिक-टीज़ को छाती से लगाया और वे एक दूसरे पर बहुत देर तक रोए । क्योंकि उनको मिले हुये सात वर्ष से भी अधिक होगये थे ।

तब पर्सियस बाहर गया और पालीडिक्टीज के कमरे तक गया और बकरी की खाल के नीचे वह गार्गन का शिर लिये हुये था ।

जब वह बडे कमरे में आया तो पालीडिक्टीज़ मेज़ के सिरे के पास बैठा हुआ था उसके इधर उधर सभ्य पुरुष और जमीदार अपने पद के अनु-सार बैठे हुये मछलिया और बकरी का मास खा रहे थे और लाल मदिरा पी रहे थे बीन वाले बीन बजा रहे थे और आनन्द मनाने वाले लोग चिल्ला रहे थे मदिरा के प्याले जिस समय एक के पास से दूसरे के पास जाते थे तो

वे खटकते थे जिनसे हर्ष प्राप्त होता था और पालीडिक्टीज़ के कमरे में बड़ा कोलाहल होरहा था।

तब पर्सियस ने डेउडी पर खड़े होकर राजा का नाम लेकर पुकारा। परन्तु किसी मेहमान ने भी पर्सियस को नहीं पहिचाना क्योंकि वह इतनी लम्बी यात्रा करने के उपरान्त बदल गया था। वह बाल्यावस्था में बाहर चला गया था और वह योद्धा बनकर घर लौटा था उसकी आंख उकाब की आंख के समान चमकती थी दाढ़ी सिंह की दाढ़ी के समान थी और वह अपने मद में जंगली बैल के समान खड़ा हुआ था।

परन्तु दुष्ट पालीडिक्टीज उसको पहिचान गया और उसने अपना हृदय और भी अधिक कठोर करलिया और घृणा से यह कहने लगा।

अरे बालक क्या तुझको प्रतिज्ञा करना वचन को पालन करने की अपेक्षा अधिक सुगम मालूम हुआ।

उसने उत्तर दिया जिनकी सहायता देवता करते हैं वह अपने वचन पूरा कर डालते हैं और जो लोग उनसे घृणा करते हैं उनको उनके कर्मों का फल मिलता है। यह देख गार्गन का शिर।

तब पर्सियज ने बकरी की खाल हटा दी और गार्गन के शिर को ऊपर उठा दिया।

पालीडिक्टीज और उसके महिमानो ने ज्योंही कि उस भयानक चेहरेको देखा त्योंही वे पीले पड़गये उन्होंने अपनी जगहों पर से उठना चाहा परन्तु वहां से कदापि न उठ सके किंतु हरएक आदमी जहां बैठा हुआ था वहां ठंढे सफेद पत्थरों का एक समूह बन गया।

तब पर्सियस उनको वहां छोड़कर दूसरी ओर मुड़ा और अपने जहाज़ की ओर चला जो खाडी में था उसने राज्य को धार्मिक डिक्टीज़ को देदिया और अपनी माता और स्त्री के साथ चला गया।

पालीडिकटीज़ और उसके महिमान चुपचाप अपने सामने तख़्ते के ऊपर मदिरा के प्याले रखे हुये बैठे थे यहां तक कि उनके शिरों के ऊपर

कडिया टूट २ कर गिरीं दीवारैं उनके पीछे गिरीं मेजैं उनके बीच में गिरीं और उनके पेरो के चारों ओर घास लगगई परन्तु पालीडिक्टीज और उसके मेहमान पहाडी के ऊपर स फेद परथरों का एक समूह वने हुये आजदिन तक वैठे हैं।

परन्तु पर्सियस जहाज को खेता हुआ आर्गस की ओर गया। वह उतरा और नगर की ओर गया। जव वह आया तो उसको यह मालूम हुआ कि कि उसका वावा ऐक्रीसियस भागगया था जिसका कारण यह था कि उस के दुष्ट भाई प्रीटस ने उससे फिर लडाई की और नदी को पार करके टिरिन्स में आगया था और आर्गस को जीत लिया था। ऐक्रीसियस लरीसा को भाग ग । था जो जगली पिलासगी के देश में है।

तव पर्सियस ने आर्गस देश के निवासियो को वुलवायाँ और उनको यह वतलाया कि वह कौन है उसने उनसे उन सव वड़े २ कामों की भी कथा कह सुनाई जो उसने किये थे सारे सभ्य पुरुषों और कृपिकारों ने उसको राजा वना दिया क्योंकि उन्हें यह मालूम होगया कि उसका हृदय राजा के हृदय के समान है वे लोगउसके साथ आर्गस के विरुद्ध लडे उसको लेलिया और प्रीट स को वधकरडाला और साईकलाप लोगों से अपनी सेवा कराई और आर्गस के चहु ओर वैसी दीवारैं वनवाई जैसी उन्होंने टिरिंस में वनाई थी। आर्गस की घाटी में वडे आनन्द मनाये गये क्योंकि पिता जियस ने उन को एक नया राजा दिया था।

परन्तु पर्सियस को इस वात की वडी इच्छा हो रही थी कि वह अपने वावा को देखे और उनसे यह कहा इसमें कोई स देह नही कि वह मेरा नातेदार है और अव इस कारण से कि मै वडे नाम के साथ आया हू वह मुझे प्यार करेगा मै उसको जाकर पूछू गा और उसे घर लिवा लाऊ गा और हम एक साथ चैनचान के साथ राज्य करैंगे।

सो पर्सियस फिनीशियनों को साथ लेकर हड्रिया और सुनियम के चारों ओर होता हुआ मराथन और एटिक के पास से और यूरीफस और लम्वे यूविया सागर में होता हुआ गया यहा तक कि वह लरीसा नगर में आ पहुचा जहा ज गली पिलासगी रहते थे।

जव वह वहा आया तो लोग खेतों में थे और वहा ज्योनारे और सब प्रकार के खेल हो रहे थे क्योंकि उनका राजा ट्यूटेमिनीज़ एक्रीसियस का आदर सम्मान करना चाहता था जिसका कारण यह था कि वह एक बड़े देश का राजा था।

सो पर्सियस ने अपना नाम नही वतलाया परन्तु वह खेलों में चला जाता था और उसको कोई नहीं जानता था क्योंकि वह कहा करता था अगर मैं खेलों में इनाम जीत लूं तो मेरे वावा का हृदय मेरी ओर कोमल हो जायगा।

इस लिये उसने अपना टोप और कवच और अपने सारे कपडे फेंक दिये और लरीसा के युवा पुरुषों में जाकर खडा हो गया और सव लोग उस पर आश्चर्य करते थे और यह कहते थे यह युवक परदेशी कौन है जो जंगली वैल के समान अभिमान में खडा है। सच मुच वह उन वीरों में से एक जो ओलिंपस के देवताओं के पुत्र हैं।

जव खेल आरम्भ होते थे तो वे और भी आश्चर्य करते थे क्योंकि पर्सियस दौडने कूदने, कुश्ती लडने और भाला चलाने में सवसे अच्छा था उसने चार क्राउन जीते वह उनको ले गया और अपने मन में कहने लगा पाचवा क्राउन अभी जीतने के लिये और है मैं उसको जीत कर सभों को अपने वावा के घुटनों पर रक्खूंगा।

जव वह वोल रहा था तो उसने उस स्थान पर जहा एक्रीसियस टियूटेमिनीज के पास वैठा हुआ था राजा को देखा जिसकी सफ़ेद दाढ़ी उसके घुटनों तक लटक रही थी और उसका राज दंड उसके हाथ में था। पर्सियस ने जव उसको देखा तो वह रोया क्योंकि उसका हृदय उनके नातेदार की ओर उत्सुक था और उसने कहा सच मुच वह राजसी वूढा आदमी है परतु उसे अपने नवासे से लज्जित न होना चाहिये।

तव उसने चक्रों को उठाया और उन्हें और लोगों से भी दस गज आगे फेंक दिया और लोग चिल्ला कर यह कहने लगे। हे वीर प्रदेशी और आगे फेंक इस देश में ऐसा फेंकने वाले कभी नहीं आया है।

तव पर्सियस ने अपना सारा वल लगा दिया और फेंका। परन्तु समुद्र

से हवा का झोंका आया जो चक्र को ओर लोगों से बहुत दूर उडा लेगया यहां तक कि वह एक्रीसियस के पैर के पास गिरा और वह पीड़ा के कारण अचेत होगया।

पर्सियस चिल्लाया और उसके पास दौडा गया परन्तु जब उन्हों ने बूढ़े आदमी को उठाया तो वह मर गया था क्योंकि वह बहुत दुर्बल था।

तब पर्सियस ने अपने कपडे फाड डाले अपने शिर पर धूल फेंकी और अपने बाबा के लिये बहुत देर तक रोया। अंत में वह उठा और सब लोगों को चिल्ला कर पुकारा और यह कहा।

देवता सच्चे हैं और जो कुछ उन्हों ने आज्ञा दी है वह होगा मैं इस मरे हुए आदमी का पोता पर्सियस हूं जिसने गार्गन को वध कर बहुत दूर तक नाम पैदा किया है।

तब उसने उन लोगों को भविष्य वाणी का हाल बतलाया जो यह थी कि वह अपने बाबा को वध करैगा और अपने जीवन की सारी कथा कह सुनाई।

सो उन लोगों ने एक्रीसियस के लिये बडा शोक किया और उसको एक बडी बहु मूल्य चिता पर जलाया। पर्सियस मंदिर में गया और वह मारने के अपराध से शुद्ध हुआ क्योंकि उसने यह काम बिना जाने किया था।

तब वह अपने घर आर्गस को गया और वहां रूप वती एंड्रमिया के साथ भली भांति राज किया। उनके चार पुत्र और तीन पुत्रियां हुईं और वह बहुत वृद्ध होकर मरे।

पुराने आदमी यह कहते हैं कि जब वह मरे तो अथीनी उनको सीफियस और कैसीओपिया के साथ आकाश को ले गई। और उनको तुम रात्रि में जबकि तारे निकले हुए हों अब तक चमकता हुआ देख सकते हो अर्थात सीफियस को अपना राजसी मुकट पहने हुए और कैसीओपिया को अपनी हाथी दांतकी कुर्सी पर बैठे हुए और अपने बालों को जो तारों से खचित हैं गूंधते हुए देख सकते हो उस के पास रूपवती एंड्रामिडा आकाश में अपने श्वेत लम्बे बाहुओं को फैलाये हुए बैठी हुई है जैसी वह उस समय खडी

थी जब वह देव के लिये पत्थर से बाधी गई थी। वे रात भर चमका करते हैं और इधर उधर घूमते हुए मल्लाहों के लिये आकाशदिया का काम देते हैं परन्तु दिन भर वे देवताओं के साथ ओलिपस की सूनसान नीली चोटियों के ऊपर भोजन किया करते हैं।

दूसरी कहानी—अर्गोनाट्स। (जहाज़ी)

पहिला भाग।

सेनटार (नरघुड) ने वीरों को पेलियन पर कैसे शिक्षा दी।

मैंने तुम से एक ऐसे वीर का हाल कहा है जिसने जगली पशुओं से और जंगली मनुष्यों से युद्ध किया परन्तु अब मै तुम से ऐसे वीर पुरुषों का हाल कहूंगा जो एक दूर देश को इस लिये जहाज में बैठ कर गये कि सोने की ऊन लाने के जान जोखों के काम मे सदा के लिये कीर्ति प्राप्त करें।

मेरे लडको यह वात कि वे लोग कहा गये मैं स्पष्ट नहीं कह सकता। इस बात को हुये बहुत समय हुआ इतना समय कि वह वात ऐसे स्वप्न के समान जिसको तुम ने गत वर्ष में देखा हो थोडी थोडी याद आती है। वे लोग कहा गये मे नहीं बतला सकता। कुछ लोग कहते हैं वे सोना लेने गये ऐसा हो सकता है परन्तु बडे बडे काम जो ससार मे किये गये हैं वे सोने के लिये नहीं किये गये हैं। ईशू मसीह धन के लिये पृथ्वी पर नहीं आया और न धन के लिये मरा। और पादरी सारे देशों में अच्छे समाचार फैलाने के लिये निष्काम होकर चले गये। स्पार्टा के लोगो ने धनका इनाम नहीं चाहा। जब वे थर्मोपिली में लडकर मरे और बुद्धिमान शुकरात ने अपने देश के आदमियों से कुछ वेतन नहीं मागा परन्तु वह गरीब और नगे पैर बराबर अपने जीवन भर रहा और उसको केवल यही चिंता रहती थी कि लोगों को धार्मिक बनादे। हमारे समय में भी वीर पुरुष हैं जो बडे बडे काम करते हैं पर धनके लिये नही करते। देश केआविष्कारक धनवान होनेको नहीं गये जब वे एक २ करके बरफ से जमें हुये सूनसान समुद्रों में गये और न

वह स्त्रियां जो गत वर्ष में पूर्व के अस्पतालोंमें कड़ी मेहनत करनेको अपने आप को इस लिये गरीव बना कर गई कि वे अच्छे २ काम करके धनवान हो जांय और क्या युवा पुरुषों ने जिनको तुम बालक समझते हो और जिनमें से कुछ तुम्हारे नातेदार होंगे अपने मनमें यह कहा कितना धन मैं कमाऊंगा! जिस समय वे धन आराम और आनन्द दायक घर और उस सब को छोड़ कर लडाई पर इस लिये गए कि भूख और प्यास और घाव और मौत का सामना इस लिये करैं कि वे अपने देश और अपनी महारानी के लिये लड़ैं। नहीं बालको इस पृथ्वी के ऊपर धनसे बढ़कर भी एक वस्तु है जो जीवन से भी अच्छी है और वह यह है कि मरने से पहिले कोई ऐसा काम कर जाना जिसके लिये अच्छे आदमी तुम्हारा आदर करैं और तुम्हारा पिता ईश्वर तुम्हारे काम से प्रसन्न हो।

इस लिये हम और हम क्यों ऐसा न करै—प्राचीन कालके आर्गोनाट्स पर यह विश्वास करैंगे कि वे भी सज्जन पुरुष थे जिन्होंने सोचकर के बडा काम किया और इसी लिये उनकी कीर्ति अवतक जीवित है और कथा और गीतों में किन्तु स्वप्नों और मिथ्या कहानियों के साथ मिला कर उसका वर्णन किया गया है परन्तु वास्तव में वह कीर्ति सत्य और यथोचित है। अतएव हम इन प्राचीन काल के आर्गोनाट्सका आदर करैंगे और उनकी कथाको जैसी कि वह है सुनैंगे और हम चाहैं किसी अवस्थामें हों उनके समान होनेका यत्न करैंगे क्योंकि हम में से हर एक को कोई न कोई सुनहली ऊन ढूंढ़कर लाना है और पहिले इसके कि हम उस तक पहुचे हमको एक भयानक समुद्र पर चलना है और अजदहों से युद्ध करना है तब ही हमारी पहुंच उस तक होगी।

पहिली सुनहली ऊन क्या थी। मैं नहीं जानता और न जानने की परवाह करता हूं। प्राचीन कालके हेलेन्स यह कहते थे कि वह काल्किस पर जिसको हम सरकेशिया का तट कहते हैं एक वृक्ष (बीच) पर लगी थी जो लड़ाई के देवता के वन में था और वह उस आश्चर्य जनक मेढ़े की ऊन थी जो फ्रिक्सस और हेली को यूक्साइन समुद्र के दूसरी ओर लेगया। फ्रिक्सस और हेली मेघ देवी और अथामास के लड़के थे जो मिनुआ का राजा

था। जिस समय उस देश में अकाल पडा तो उनकी क्रूर हृदय सौतेली माता ईनो ने उनको वध कर डालना चाहा कि स्वयं उसके लडके राज्य करें और उसने यह कहा कि बनको किसी वेदी में भेंट इस लिये देना चाहिये कि देवताओं का क्रोध शांत हो जाय। सो विचारे बच्चे वेदी पर लाए गये और पुजारी अपना छुरा लिये तय्यार खडा हुआ था कि उसी समय मेघों में से एक सोने का मेंढा आया और उनको अपनी पीठ पर लेकर लोप होगया तब वह मूढ राजा अथामास पागल होगया और ईनो और उसके बच्चों का नाश होने लगा। क्योंकि अथामास ने क्रोध में आकर उनमें से एक को वध कर डाला और ईनो दूसरे बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसके पास भाग गई और एक पहाडी के ऊपर से समुद्र में कूद पडी और एक मछली हो गई जैसी कि तुम ने देखी है जो सदा समुद्र की लहरों के ऊपर अपने छोटे बच्चे को छाती से लगाये हुये इधर उधर घूमा करती है।

परन्तु लोगों ने अथामास को बाहर निकाल दिया क्योंकि उसने अपने लडके को मार डाला था वह अपने दुःख में इधर उधर फिरता हुआ डेलफी के दूत के पास गया। दूत ने उससे यह कहा कि तुम अपने पाप के कारण उस समय तक फिरो जब तक कि तुम को जंगली पशु अपना मेहमान मान कर भोजन न दें इस तरह वह भूखा और शोक से पीड़ित बहुत दिनों तक इधर उधर घिसटा किया यहा तक कि उसे भेडियों का एक झुंड दिखाई दिया भेडिये एक भेड को फाड़ रहे थे परन्तु जब उन्होंने अथामास को देखा तो वे भाग गये और भेड़ को उसके लिये छोड़ गये। उसने उसे खाया और तब उसे यह मालूम हो गया कि भविष्य वाणी पूरी ही होगई। तदुपरात वह नहीं घूमा परन्तु वह बस गया और एक नगर बना कर फिर राजा हो गया।

परन्तु वह मेढ़ा दोनों बच्चों को बहुत दूर भूमि और समुद्र के ऊपर से लेगया यहा तक कि वह थ्रेशया के चिरोसिनीज़ म आगया और वहा हेली समुद्र में गिर पडी। इस लिये वह तग डमरूमध्य उस नाम से हेलस्पांट कहलाते हैं और वह नाम उनका आज तक चला जाता है।

तब वह मेढ़ा फ्रिक्सस को लिये हुए उत्तर पूर्व दिशा मे उस समुद्र के

पार गया जिसको हम काला सागर कहते हैं परन्तु हेलस लोग उसे ईयुक्सा ईन कहते है। लोग कहते हैं कि अंत में वह कालशिस में सरकेशिया के दार तट पर ठहर गया। वहा फ्रिक्सस ने चेलिसयोप के साथ विवाह किया जा राजा एटीज़ की बेटी थी और उस मेढ़े को भेट में दे दिया। एटीज ने मेढ़े की ऊन को एक वच (वीच) पर लगा दिया जो एरस अर्थात् युद्ध देवता की वाटिका में है।

कुछ समय पीछे फ्रिक्सस मरा और वह गाड़ दिया गया परन्तु उसकी आत्मा को चैन न मिला क्योंकि वह अपनी जन्म भूमि और हेलस की सुंदर पहाड़ियों से बहुत दूर गाढ़ा गया। इस लिये वह स्वप्न में मिनुआई के वीर पुरुषों के पास आया और शोकार्त वाणी से उनके विस्तरों के पास पुकार २ कहने लगा आओ और मेरी आत्मा को छुटकारा देदो जिससे मैं अपने पुर्खों और नातेदारों के पास और मिनुआ की सुंदर भूमि को जाऊ।

उन्हों ने पूछा " हम तुम्हारी आत्मा को कैसे छुटकारा दे सकते हैं ?

उत्तर मिला " तुम समुद्र में होकर कालशिस को जाओ और सोने की ऊन घर लाओ तो मेरी आत्मा उसी के साथ लौट आयेगी और तब मैं अपने पुर्खा के साथ सोऊगा और मुझको आराम मिलेगा।

इस तरह वह आकर उनको बहुधा पुकारा करता था परन्तु जब वे जागते तो वे एक दूसरे को देख कर यह कहने लगते कालशिस को समुद्र होकर जाने का साहस कौन कर सकता है अथवा सोने की ऊन घर कौन ला सकता है। उस सारे देश में कोई ऐसा वीर पुरुष न था जो उसको करता कारण इसका यह था कि योग्य पुरुष और समय अभी तक नहीं आया था।

फ्रिक्सस का एक भाई ईसन नामक था जो आयलकस में समुद्र के पास ही राजा था। वहा वह मिनुआ के धनवान वीर पुरुषों पर शासन करता था जैसे उसका चचा अथामास वीतिया में शासन करता था और अथामास के समान वह दुखित आदमी था। जिसका यह कारण था कि उसका एक सौतेला भाई पेलियस नामक था जिसके विषय में कुछ लोग यह कहते थे कि वह किसी अप्सरा का पुत्र है और उसके जन्म के विषय में कलंकित और

शोक जनक कहानियां थीं जब वह बच्चा था तो वह पहाड़ों पर छोड़ दिया गया था उस समय एक जंगली घोड़ी निकट आई और उसके लात मारी परन्तु एक गडरिये ने जो उधर होकर जा रहा था उस बच्चे को पाला जिस का चेहरा चोट के कारण काला होगया था वह उसे घर ले गया और उसको पलियस करके पुकारने लगा। क्यों कि उसका चेहरा चोट खाये हुये था और काला था जब वह बड़ा हुआ तो वह निर्भय और आशासनीय हो गया और उसने बहुत से भयानक काम किये अंत में उसने अपने सौतेले भाई ईसन और उसके पीछे ९ य अपने भाई नंजियस को निकाल दिया उसने राज्य पर अपना अधिकार कर लिया और मिनुआ के धनवान वीर पुरुषों पर इयल्कस में समुद्र के निकट शासन करने लगा।

जब ईसन निकाल दिया गया तो वह दुःख के साथ नगर के बाहर चला गया और अपने छोटे लडके का हाथ पकड़े हुए लेगया। उसने अपने मन में कहा मैं इस बच्चे को पहाड़ों में छिपा दूं नहीं तो पेलियस उसको अवश्य बध कर डालेगा क्योंकि वह वारिस है।

सो वह समुद्र से होकर घाटी को पार करता हुआ अंगूरों और जैतूनों के वृक्षों की वाटिकाओं और अनारस की लहरों को पार करता हुआ पुराने पर्वत पेलियन की ओर गया जिसकी शिखर हिम से श्वेत रहा करती हैं।

वह दलदली भूमि, चट्टान और मैदानों को पार करता हुआ पहाड़ के ऊपर चढ़ता चलागया यहां तक कि वह लड़का थक गया और उसके पैर में घाव हो गये और ईसन को उसे गोद में उठा कर ले जाना पड़ा। कुछ समय पीछे वह एक ऐसी सूनसान खोह के पास पहुंचा जो एक बड़े टीले के नीचे थी।

उस टीले के ऊपर हिम की मालाएं लटक रही थीं जिनमें से धूप में पानी टपक रहा था और जों तड़क रही थी। परन्तु उस टीले के नीचे खोह के मुंह के चारों ओर अच्छे २ फूल और जड़ी बूटियां क्रम पूर्वक हरेक प्रकार की अलग २ सजी हुई लगी थीं। वहां वे बहुतायत के साथ धूप में और ऊपर से गिरती हुई धारा के जल में लगे हुए थे। उस खोह में से गाने का शब्द आ

रहा था और एक आदमी की बोली सुनाई देरही थी जो बीन के ऊपर गा-रहा था।

तब ईसन ने लडके को उतार दिया और धीरे से कहा "भय मत करो परन्तु भीतर चले चलो। तुम जिस किसी को पाओ उसके घुटनों के ऊपर अपने हाथ रख देना और यह कहना "ज़ियस के नाम पर जो देवताओं और मनुष्यो के पिता हैं मैं आज के दिन से आपका मेहमान हुआ।"

तब तो वह लडका बिना कापे हुए भीतर चला गया क्योंकि वह भी एक वीर पुरुष का वेटा था परतु जब वह भीतर पहुचा तो आश्चर्य में पड़कर उस आश्चर्य जनक गाने को सुनने के लिये ठहर गया।

वहा उसने गाने वाले को भालू की खाल और सुगन्धित शाखाओं के ऊपर पडे हुये देखा। वह पुराना सेनटार (नरघोड़) था जो आकाश के नीचेकी सारी वस्तुओं में सबसे अधिक बुद्धिमान था। कमर तक तो वह आदमी था और उसके नीचे वह एक सुन्दर घोडा था उसके सफेद बाल उसके चौडे कधे के ऊपर फहरा रहे थे और उसकी सफेद डाढ़ी उसकी चौड़ी भूरी छाती के ऊपर फैली हुई थी। उसकी आखों से बुद्धिमानी और नम्रता प्रघट होती थी और उसका माथा पर्वत की दिवार के समान था।

अपने हाथ में वह सोने का एक बीन लिये हुए था और वह उसको सुनहली मिजराब मे बजाता था जब वह बजाता था तो वह गाता था। उस समय उसकी आखे चमकती थीं और सारी खोह को प्रकाशित करदेती थीं।

वह समय आकाश और चमकते हुए तारों समुद्र शुचम वायु, और आश्चर्य जनक पृथ्वी के गीत गारहा था। वह पहाडियों के कोषो खानो के गुप्त रत्नों अग्नि और धातकी कदराओं, चगा करने वाली जडी बूटियों के गुणों, पत्तियों की बोली, भविष्यतवाणी और आनेवाली गुप्त वस्तुओं के गीत गारहा था।

तब उसने स्वास्थ बल साहस वीरता राग शिकार कुश्ती और उन सब खेलों के गीत गाये। जो वीर पुरुषों को अच्छे मालूम देते हैं उसने यात्रा युद्ध, नगर परि वेष्ठन युद्धमेंअच्छी मृत्युके गीत गयो। तदुपरात उसने शान्ति

बहुतायत और पृथ्वी के ऊपर न्याय होने के उतने ही गीत गाए। जिस समय वह गा रहा था तो वह लडका आंखें फाड कर सुन रहा था और उस गीत में अपना संदेसा भूल गया।

अंत में बूढा शीरन चुप हो गया और उसने लडके को नम्र शब्द के साथ पुकारा।

लडका कांपता हुआ उसके पास दौड गया और उसके घुटनों पर अपने हाथ रख दिये होते परन्तु शीरन ने मुसकुरा कर यह कहा "अपने पिता ईसन को यहां बुलाओ क्योंकि मैं तुमको और जो कुछ हुआ है उसको जानता हूं और तुमको घाटी में बहुत दूर देखा था पहिले इसके कि तुमने नगर को छोडा था।

तब ईसन शोक के साथ भीतर चला आया और शीरन ने उससे पूछा "ईसन दी ईओलिड तुम स्वयं मेरे पास क्यों नहीं आते"?

ईसन ने उत्तर दिया "मैं ने विचार किया था कि शीरन को इस बालक पर दया आ जायगी यदि वह उसको अकेला आता हुआ देखेगा। मैं ने यह देखना चाहा था कि वह निडर है और एक वीर पुरुष के पुत्र के समान साहस कर सकता है। परंतु अब मैं पिता ज़ियस का नाम लेकर आपसे प्रार्थना करता हूं कि इस लड़के को अपना अतिथि उस समय तक रहने दो जब तक अच्छा समय उसके लिये न आ जाय और वीर पुरुषों के लड़कों के साथ उसको शिक्षा दो जिससे कि वह अपने पिता के कुटुम्बवालों से बदला ले सके।

तब शीरन हंसा और उसने उस लडके को अपनी ओर खींच लिया और उसके सुनहले लटों पर हाथ रख कर कहा "ऐ सुन्दर लडके, क्या तुम मेरे घोडे के खुरों से भय करते हो या आज के दिन से तुम मेरे शिष्य होगे?

उसने उत्तर दिया 'मैं हर्ष पूर्वक तुम्हारे समान घोडे के खुर रखना चाहूंगा यदि मैं तुम्हारे समान गीत गा सकूं।

शीरन ने हंसकर कहा "सूर्यास्त होने तक यहां मेरे पास बैठो। उस

समय तुम्हारे खेल के साथी घर आयेंगे और उनके समान तुम राजा होना और वीर पुरुषों के ऊपर शासन करने के योग्य होना सीख जाओगे।

तब उसने ईसन की ओर देख कर कहा "बेखटके लौट जाओ और बुद्धिमान आदमी के समान तूफ़ान के आगे झुको। यह लड़का फिर अनारस को पार नहीं करेगा जब तक कि वह तुम्हारे और ईओलस के कुटुंबियों के लिये कीर्ति का हेतु न हो जाय"।

ईसन अपने बेटे के लिये रोकर चला गया। परंतु वह लडका नहीं रोया क्योंकि उसके ध्यान में वह आश्चर्य जनक खोह, नरघोड़ा, उसका गीत और खेल के साथी जिनको वह देखने वाला था बस गये थे।

तब शीरन ने उसके हाथ में बीन दे दिया और उसे उसका बजाना सिखाया यहां तक कि सूर्य चट्टान के पीछे अस्त हो गया और बाहर एक शब्द सुनाई दिया।

तब वीर पुरुषों के लडके ईनियस, हिरेकलीज़, पेलियस, और बहुत से अच्छे २ नाम वाले आये।

बलवान शीरन हर्ष से कूदने लगा और उसके खुरों से गुफा गूंज उठी जिस समय वे चिल्लाकर यह कहते थे "हे पिता शीरन आओ और हम लोगों का खेल देखो"। एक ने चिल्लाकर कहा "मैंने दो हिरन मारे हैं। दूसरे ने यह कहा "मैं ने चट्टानों में एक जंगली बिल्ली पकड़ी। और हिरेकलीज एक जंगली बकरी अपने सींगों से अपने पीछे घसीट लाया क्योंकि वह पहाड के टीले के समान बडे डील डौल का था। सीनस अपनी हरेक बांह के नीचे एक खप्पर लिये हुआ था और जब वे सब खसोटते और काटते थे तो हंसता था क्योंकि वह दांत अथवा लोहे किसी से घायल नहीं हो सकता था।

शीरन उन सबों की प्रशंसा हेरक के गुणों के अनुसार करता था।

उन सबों में से केवल एक अर्थात् एल्क्लोपियस अलग और मौन होकर घूम रहा था। वह अपने को बहुत बुद्धिमान समझता था और उसकी गोदें बूटियों और फूलों से भरी हुई थी और उसकी कलाई में एक चित्तीदार सा

लपटा हुआ था। वह शीरन के पास अपनी दृष्टि नीचे किये हुये आया और धीरे २ यह बतलाने लगा कि "मैंने साप को पुराना केंचुल छोड़ते हुये और अपनी आखोंके सामने उसपर नया केंचुल आते हुये देखा था"। उसने यह भी बतलाया "मैं ने गात्र की किसी घाटीमें जाकर एक मरते हुये आदमीको एक ऐसी बूटी से चगा किया था जिसको उसने एक बीमार बकरी को खाते हुये देखा था।

शीरन ने मुसकुरा कर कहा "अर्थानी और अपालो को कुछ भेट दो और उनमें से हरेक योग्य है परतु इस बच्चे को उन्हो ने सब मानो से बढ़कर यह मान दिया है कि वह चगा करै और दूसरे मारें।

तब लड़के लकडी लाये और उसको चीर कर अग्नि सुलगायी। कुछ लडकों ने हिरनो की खाल खींच कर उनके टुकडे २ किये और आग के सामने उन्हे सेकने को रख दिया, जब हिरन का मास पक रहा था तो वे सब पिघलती हुई बरफ के पानी में नहाये और धूल और पसीने को पोंछ डाला।

इसके उपरांत उन्होंने भर पेट भोजन किये (क्योकि उन्हों ने प्रात. काल से कुछ नहीं खाया था) और कुड का निर्मल जल पिया क्योकि युवा लडकों के लिये मदिरा ठीक नहीं है। जब बचा हुआ भोजन अलग रख दिया गया तो वे सब खाल और पत्तियो पर लेट गये जो अग्नि के इधर उधर पड़ी हुई थीं और हरेक ने बीन को बारी २ से लेकर गाया और हर्ष पूर्वक बजाया।

कुछ समय पीछे वे सब खोह के मुंह के पास वाले किसी घास के मैदान पर चले गये। वहा वे घूसों से लडे, दौड़े, कुश्ती लड़े और हसे यहां तक कि चट्टानो पर से पत्थर गिरे।

शीरन ने अपना बीन लिया और सब लडकों ने हाथ मिला लिये। जब वह बजा रहा था तो वे इधर उधर घूम २ कर उसके राग पर नाच रहे थे। वहा वे हाथ मिला कर नाच रहे थे यहा तक कि पृथ्वी और समुद्र के ऊपर रात्रि आ गई और काली घाटी उनके चौड़े श्वेत अगों और उनके सुनहले बालों की चमक से जगमगा रही थी।

लडका आनन्द पूर्वक उनके साथ नाचा और तब तेजपात, मेंहदी, नाज़वी, की पत्तियो और थाइम के फूलों पर गहरी नींद सोया। वह प्रात काल उठा और पानी की धारा में नहाया और वीर पुरुषों के लडकों का साथी हो गया। वह आयल्कस पिता और अपने पूर्व जीवन को भूल गया। वह पेलियन के सुहावने मैदानो और पर्वतों की तीव्र ऊसर वायु में रह कर पुष्ट, वीर और चालाक हो गया। उसने कुश्ती लडना घूसा से लडना, शिकार करना, और बीन बजाना सीखा। इसके पीछे उसने घोडे पर चढना सीखा क्योंकि बूढ़ा शीरन उसको अपनी पीठ पर बैठा लिया करता था। उसने सब बूटियो के गुण और हर तरह के घावों को चगा करना सीखा। शीरन उसको जेसन अर्थात् चगा करने वाला कहने लगा और आज दिन तक उसका यही नाम है ॥

दूसरा भाग।

ज़ेसन ने अपनी खड़ाऊ अनारस में कैसे खो दीं।

दस वर्ष बीत गये और जेसन एक बलवान आदमी हो गया। उसके साथी चले गये और उनमें से कुछ उसके साथ २ बडे हो रहे थे। एसली पियस आदमियों को आश्चर्य के साथ चगा करने के लिये पेलोपोनेस में चला गया और कुछ लोग यह कहते है कि वह मरे हुओं को जीवित कर देता था। हिरेक्लीज उन कठिन और विख्यात कामों को करने के लिये थीब्स गया जो आदमियों में एक कहावत हो गये हैं। पेलियस ने किसी समुद्र अप्सरा के साथ विवाह किया और उसका विवाह आज दिन तक विख्यात है। ईनियस ट्राय में अपने घर चला गया और तुम उसकी और बहुत से दूसरे वीर पुरुषो की जो न्यायी शीरन के शिष्य थे कहानिया पढ़ोगे। एक दिन ऐसा हुआ कि जेसन पहाड पर खडा हुआ चारो दिशाओं में देख रहा था। शीरन उसके पास खडा हुआ उसे देख रहा था क्योंकि उसे मालूम था कि समय आ गया।

जेसन ने थिसाले मैदानों को ध्यान से देखा जहा लपीथाई अपने

घोड़ों का वंश बढ़ाते हैं। उसने वोइव की झील और उस पानी की धार को देखा जो उत्तर की ओर पीनियस और टेंपी को गई है। जब उसने उत्तर की ओर देखा तो उसने दीवार के समान उस पर्वत को देखा जिससे मेगनीशिया के किनारे की रक्षा होती है। उसने ओलिंपस को देखा जो देवताओं और उस्सा का स्थान है और पेलियन को देखा जहां वह खड़ा हुआ था। जब उसने पूर्व की दिशा की ओर देखा तो उसको चमकता हुआ नीला समुद्र दिखाई दिया जो बिना किसी रुकावट के आरंभ ही से फैला हुआ था। जब उसने दक्षिण की ओर देखा तो उसने एक सुहावनी भूमि देखी जिसमें सफ़ेद दिवार के नगर और खेत थे और जो एक ऐसी खाड़ी के किनारे पर थी जो भूमि से बंद हो गई थी और धुआं वृक्षों के मध्य में से नीला होकर उठता था। उसने उस स्थान को पगासाई की खाड़ी, हिमोनिया की उपजाऊ भूमि और समुद्र के किनारे बसा हुआ इयल्कस नगर समझा।

तब उसने आह भर कर अपने मन में यह पूछा "क्या यह बात सच्ची है जो वीर पुरुषों ने मुझ से कही है कि मैं उस सुन्दर देश का मालिक हूं।

"जेसन यदि तुम उस सुन्दर देश के मालिक हो गये तो तुमको उससे क्या लाभ होगा ?

"मैं उसको लेकर अपने अधिकार में रक्खूंगा ?

"एक बलवान आदमी ने उसको लिया है और बहुत समय तक अपने अधिकार में रक्खा है। तो क्या तुम भयानक पेलियस से अधिक बलवान हो ?

"मैं अपने बल की परीक्षा उसके बल से कर सकता हूं परन्तु शीरन ने आह भर कर यह कहा—

"तुमको बहुत से जोखिम उठाने पड़ेंगे तब तुम समुद्र पर बसे हुये इयल्कस देश पर राज्य कर सकोगे बहुत से जोखिम और बहुत सी कठिनाइयां अर्थात् ऐसी आश्चर्य जनक कठिनाइयां आश्चर्य जनक स्थानों में उठानी पड़ेंगी जो मनुष्य पर पहिले कभी नहीं पड़ी हैं"।

जेसन ने कहा "तो मैं अधिकतर भाग्यवान हूं कि मैं वह बातें देखूंगा

जो मनुष्य ने पहिले कभी नहीं देखी हैं।

शीरन ने आह भर कर यह कहा "जब टकाच पन्नी के पर निकल आते हैं तो वह अवश्य अपने घोंसले को छोड देता है। क्या तुम समुद्र पार बसे हुये इयलक्स देश को जाओगे ? तो तुम अपने जाने से पहिले दो बातों की प्रतिज्ञा मुझ से करते जाओ"।

जेसन ने प्रतिज्ञा की तो शीरन ने यह उत्तर दिया।

"तुमको जो कोई मिले उसमें कटु वाक्य मत बोलना और उस वचन को पूरा करना जिसको तुम कह जाओ"।

जेसन को आश्चर्य हुआ कि शीरन क्यों उससे ऐसी बात पूछ रहा है परन्तु उसको यह बात मालूम थी कि सेनटार (नर घोडा) ऋषि था और भविष्य को बहुत पहिले से समझ लेता था। इस लिये उसने प्रतिज्ञा कर ली और जो कुछ घटनाए उसके भाग्य में थीं उनको देखने के लिये वह वीर पुरुष के समान पहाड पर से नीचे कूद पडा।

वह अन्यूंटस वृक्ष की झाडियो और थाइम (वृक्ष) के मैदानों को पार करता हुआ उस घाटी मे पहुचा जहा अगूरों की टट्टियां, अनार, और जैतून लगे हुये थे। उन जैतून के वृक्षों के मध्य में अनारस नदी ग्रीष्म ऋतु की बाढ के कारण प्रचड शब्द करती हुई वह रही थी।

अनारस नदी के किनारे एक स्त्री बैठी हुई थी जिसके सारे शरीर में झुर्रियां पडी हुई थीं, बाल सफेद थे और वह बूढी थी। उसका शिर उसकी छाती पर इस तरह डगमगा रहा था मानो उसको लकवा मार गया है। इसी तरह उसके हाथ उनके घुटनों पर लटक रहे थे। जब उसने जेसन को देखा तो उसने रोकर कोमल शब्दों में यह कहा कौन मुझको इस चढ़े हुये जल के पार ले जायगा ?

जेसन बेधडक होकर उतावली के साथ उस जल की बाढ में कूद पडने ही वाला था। तो भी कूदने से पहिले उसने दो बेर सोचा क्योंकि नीचे नदी बडे शब्द के साथ वह रही थी उसके जल का रग पर्वतों की वर्षा के कारण निदान भूरा हो रहा था और पिघलती हुई बर्फ के कारण चादी का

सा जान पड़ता था। नीचे पत्थरों की लुडकती हुई वटियो का शब्द किसी सवार के पैरों की आहट अथवा पहियो के लुड़कने के शब्द के समान उसको सुनाई देता था जिस समय वह वटिया तग नाले में टकराती हुई और उन चट्टानों को हिलाती हुई वह रही थीं जिन पर वह खडा हुआ था।

परन्तु वह बुढिया और भी अधिक कराह रही थी "ऐ सुन्दर युवक ! मैं दुर्बल और बूढ़ी हूं।होरा के नाम से मुझको इस नदी के ऊपर ले चल"।

जेसन घृणा के साथ उत्तर देने वाला ही था कि शीरन की बातें उसको याद आ गई ।

सो उसने यह "कहा हीराके नामसे जो ओलिम्पस के देवताओंकी महारानी है मैं तुझको इस नदी के ऊपर से लेजाऊ गा यदि बीच ही में हम दोनों डूब न जाय"।

तब बुढिया उसकी पीठ पर बकरी के समान शीघ्रता के साथ कूद आई जेसन लडखडाता हुआ आश्चर्य के साथ चला और पहिला पग जो उसने धरा तो जल उसके घुटनों तक था।

पहिला पग उसके घुटनों तक था दूसरा पग उसकी कमर तक था। पत्थर उसके पैरों के चारों ओर लुडक रहे थे और उसके पैर पत्थरों पर फिसल गए। सो वह लडखडाता और हांपता हुआ चला गया। बुढ़िया उसकी पींठ परसे चिल्लाती जाती थी।

"मूढ़, तैंने मेरे कपड़ा भिगो दिया। तू मेरे समान बुढियों के साथ ठट्ठा कर रहा है"?

जेसन ने अपने मन में तो इस बात का आधा संकल्प कर लिया था कि उसे गिरादे कि वह उस नदी को स्वयं पार करे। परन्तु शीरन की बातें उसके ध्यान में आगई और उसने केवल यह ही कहा माता सतोष कर अच्छे से अच्छा घोड़ा किसी न किसी दिन ठोकर ले जाता है"।

अत में वह उस नदी के तट तक लडखडाता हुआ पहुच ही गया और उसने बुढ़िया को किनारे पर उतार दिया इस बात कीआवश्यकता थी कि वह एक बलवान पुरुष होता नहीं तो वह उस प्रचडता के साथ बहते हुये जल को कदापि पार न कर सकता।

वह किनारे पर हांपता हुआ कुछ समय तक पड़ा रहा और तब अपनी यात्रा को जानेके लिये वह उठ खड़ा हुआ परन्तु उसने बुढ़िया की ओर दृष्टि फेंकी और यह विचार किया "कमसे कम एक वेर तो वह मुझे धन्यवाद दे।"

जब उसने देखा तो वह सारी स्त्रियों से अधिक सुन्दर और पृथ्वी मंडल के सब मनुष्यों से अधिक लम्बी हो गई। उसके वस्त्र ग्रीष्म ऋतु के समुद्र के समान और उसके आभूषण आकाश के तारों के समान चमकने लगे। उसके शिर के ऊपर घूंघट पड़ा था जो सूर्यास्त के सुनहले मेघोंका बना था। घूंघट में से वह उसकी ओर किसी बछिया की सी बड़ी और कोमल नयनों से देख रही थी जो बड़ी कोमल और भयानक थीं और जिन से सारी घाटी में प्रकाश हो गया था।

जेसन अपने घुटनों के बल पड़ गया और अपने हाथों से अपने मुंह को उसने छिपा लिया।

उस स्त्री ने कहा "मैं ओलिंपस की महारानी हीरा अथवा जियस की स्त्री हूं। जैसा तैने मेरे साथ किया है वैसा ही मैं तेरे साथ करूंगी जब कुछ काम तुझको पड़े तो तू मुझको बुला लीजियो और इस बात की परीक्षा कीजियो कि देवता कृतज्ञ हैं कि नहीं"।

जब जेसन ने ऊपर को देखा तो वह पृथ्वी पर से लम्बे श्वेत मेघ के समान उठी और पहाड़ों की शिखरों के ऊपर से होकर ओलिंपस की पवित्र पहाड़ी को ओर उड़ती हुई चली गई।

तब जेसन को बड़ा भय मालूम दिया परन्तु कुछ समय होने पर उसका भय कम हुआ। उसने बूढ़े शीरन का गुण गाया और कहा सेन्टार अवश्य कोई ऋषि है। जो कुछ मुझ पर होने वाला था उसको वह पहिले ही से समझ गया था क्योंकि उसने मुझको समझा दिया था कि मैं जिस किसी से मिलूं उससे कटु वाक्य न बोलूं।

तब वह इयलकस की ओर गया और जिस समय वह चलने लगा तो उसको यह बात मालूम हुई कि उस जल की बाढ़ में उसकी एक खड़ाऊं खो गई है।

जिस समय वह गलियों में से होकर निकला तो लोग उसको देखने के लिये बाहर निकल आये क्योंकि वह बहुत लम्बा और सुन्दर आदमी था। परन्तु कुछ लोग जो उससे आयु में बडे थे आपस में धीरे २ बातें कर रहे थे। अंत में उनमें से एक ने जेसन को रोका और उससे यह कहा "ऐ सुन्दर बालक तू कौन है और कहा से तू आ रहा है और इस नगर में तेरा क्या काम है"?

हे सज्जन पिता, मेरा नाम जेसन है और मैं ऊपर पेलियन से आ रहा हूं। मेरा काम तुम्हारे राजा से है। मुझे बतलाओ कि उसका महल कहा है"।

परन्तु वृद्ध आदमी चौंक गया, पीला पड़ गया और यह कहने लगा क्या तुम मेरे पुत्र को जो स्वर्गदूत है नहीं जानते हो जो तुम नगर में होकर केवल एक ही खडाऊ पहिने हुये बेधड़क चले जा रहे हो"।

मैं इस स्थान में एक अनजान आदमी हूं और मैं किसी स्वर्गदूत को नहीं जानता हू परन्तु मेरी एक खडाऊं क्या हुई। दूसरी खडाऊ अनारस में उस समय खो गई जब मैं जल में होकर परिश्रम करता हुआ गया था

तब बूढे आदमी ने उलट कर अपने साथियो की ओर देखा। उनमें से एक ने आह भरी दूसरा मुसकुराया और अंत में वृद्ध आदमी ने कहा "मैं तुझको बतलाऊगा कदाचित् तुम अचानक अपने को नष्ट कर डालो। डेल्फी में जो स्वर्गदूत है उसने कहा है कि एक आदमी जो केवल एकखडाऊ पहिने होगा पेलियस से राज्य को छीनकर उसे अपने अधिकार में रक्खेगा। अतएव तुम उसके महल को सावधान होकर जाना क्योंकि वह अत्यत भयानक और सब राजाओं में चालाक राजा है"

तब जेसन युद्ध के घोडे के समान अभिमान से खिलखिला कर हसा। "हे सज्जन पिता यह समाचार मेरे और तुम्हारे दोनो के लिये अच्छे हैं। इसी काम के लिये मैं इस नगर में आया था"।

तब वह बडे ठाठ के साथ पेलियस के महल को चला। सब आदमी उसका ढग देखकर आश्चर्य करते थे। वह द्वार पर खडा होकर चिल्लाने

लगा-"हे वीर पेलियस निकल आ निकल आ और वीर पुरुष के समान अपने राज्य के लिये युद्ध कर'।

पेलियस आश्चर्य करता हुआ बाहर निकल आया और चिल्लाकर यह पूछने लगा "हे ढीठ युवक तू कौन है"।

"मैं ईसन का पुत्र, जेसन इस सब देश का उत्तराधिकारी हूं।"

तब जेसन अपने हाथ और नत्र उठाकर रोया अथवा वह रोता हुआ जान पडता था। उसने पर्मात्माको धन्यवाद दिया जिसने उसके भतीजेको उसे दिखाया और उससे हमेशाके लिये मिलाया। उसने कहा मेरे केवल तीन लड़कियां है और मेरा उत्तराधिकारी होनेको कोई पुत्र नहीं है। इस लिये तुम मेरे उत्तराधिकारी होगे मेरे मर जाने पर मेरे राज्य पर शासन करो और मेरी जिस लडकी को तुम पसन्द करो उसके साथ अपना विवाह करलो। यद्यपि तुम्हारे लिये मेरी राज्य दुखदायी होगा और जो कोई उसपर शासन करेगा वह भी दुखित रहेगा परन्तु भीतर चलो, आओ भीतर चलो आओ, और भोजन करो।

इस लिये उसने जेसन को भीतर खींच लिया चाहे उसने इस बात को पसन्द किया अथवा नहीं और उससे इतनी प्रीति के साथ बात चीत की और इतनी अच्छी तरह से उसको उसने भोजन कराये कि जेसन का क्रोध जाता रहा। जब भोजन हो गये तब उसकी तीनों चचेरी बहिनें बड़े कमरे में आई जेसन ने यह विचार किया कि मैं भली भांति उनमें से एक को पसन्द करके अपनी स्त्री बनाऊंगा।

परन्तु अन्त में उसने पेलियस से कहा "मेरे चचा तुम इतने उदास क्यों दिखाई देते हो और अभी जो तुमने यह कहा कि यह राज्य दुखदायी होगा और उसका शासक दुखित होगा तो यह कहने से तुम्हारा क्या प्रयोजन था"।

तब पेलियस ने बेर २ बड़ी गहरी सासें उस मनुष्य के समान भरीं जिसको कोई भयानक कथा कहनी हो और उसके आरम्भ करने में भय मालूम देता हो। परन्तु अन्त में—

"बहुत समय अर्थात् सात वर्ष से भी अधिक से मेरी एक रात्रि भी चैन मे नहीं कटी है और मेरे पीछे जो आदमी आवेगा उसको अभी उस समय तक चैन नहीं मिलेगा जब तक कि सोने की ऊन घर न लाई जाय"

तब उसने जेसन से फ्रिक्सस और सोने की ऊन की कथा कही। उससे यह झूठी बात भी कही कि फ्रिक्सस का प्रेत मुझे सताता है और दिन रात मुझे सुनाया करता है। उसकी लडकियां आई। उन्होंनेभी यही कथा कही (क्यों कि उनके पिता ने उनको हरेक बात सिखला दी थी) और रोकर कहने लगीं ओहो सोने की ऊन घर पर कौन लायेगा कि हमारे चचा की आत्मा को शांति प्राप्त हो और हमको भी आराम मिले क्योंकि वह हमको भी चैन के साथ नहीं सोने देता है?"

जेसन कुछ समय तक उदास और मौन होकर बैठा रहा क्योंकि उसने सोने की ऊन की कथा बहुधा सुनी थी परन्तु वह उसको एक ऐसी वस्तु समझता था जिसका लाना मनुष्य के लिये कठिन और असम्भव था।

परन्तु जब पेलियस ने उसको मौन देखा तो वह और २ बातें करने लगा और जेसन और भी अधिक प्रेम से ऐसे बोलने लगा मानो जेसन अवश्य ही उसका उत्तराधिकारी होगा और उसके राज्यके विषय मेंसम्मति लेने लगा। जेसन जो सीधा और युवक था अपने मन में यह बात कहने लगा "यह मनुष्य निश्चय करके मलीन हृदय का आदमी नहीं है जैसा कि लोग उसे कहते हैं तौभी उसने मेरे पिता को क्यों निकाल दिया? उसने पेलियस से वे धडक होकर पूछा "लोग कहते हैं कि तुम भयानक मनुष्य हो परन्तु मैं तुमको दयावान और दाता आदमी देखता हू और जैसा तुम मेरे साथ वर्ताव कर रहे हो वैसाही मैं भी तुम्हारे साथ करूंगा। फिर भी तुमने मेरे पिता को क्यों निकाल दिया"!

पेलियस मुसकुराया और आह भरकर कहने लगा "लोगों ने उसका तथापि और २ बातो का कलंक लगाया है। तुम्हारा पिता बूढ़ा और थकित हुआ जा रहा था और उसने इस राज्य को मुझे अपने मन से दिया। कल तुम उससे मिलना और पूछना। यही बात वह भी कहेगा"।

जेसन अपने मनमें बडा प्रसन्न हुआ जब उसने सुनाकि "मैं अपने पिता को देखूगा" उसने पेलिग्स की सब कही हुई बातों पर विश्वास करलिया और इस बात को भूलगया कि उसका पिता सच बात कहने का साहस ही नहीं कर सकता है।

पेलियस ने कहा "एक बात और है जिसमें मुझे तुम्हारी सम्मति की आवश्यकता है। क्योंकि यद्यपि तुम युवा हो मैं तुममें उसबुद्धि को देखता हूं जो तुम्हारी अवस्थाके युवकों में नहीं होती है। मेरा एक पडोसी है जिससे मुझको पृथ्वी के सारे आदमियों को अपेक्षा अधिक भय है इस समय मैं उससे अधिकतर बलवान हूं और उसपर शासन कर सकता हूं परन्तु मैं इस बात को जानता हू कि यदि वह हम लोगो के साथ रहा तो अन्त में मेरे नाश करनेका यत्न करेगा । जेसन कोई युक्ति तू मुझे बता सकता है जिससे मैं उस आदमी से छुटकारा पा जाऊ"।

कुछ समय पीछे जेसन ने कुछ हसते हुये उत्तर दिया "अगर मैं तुम साहोता तो मैं उस आदमी को उस सोने की ऊन के लेने के लिये भेजता क्योकि यदि वह एक बेर उसके लिये चल देता तो तुम उसके कारण और अधिक कष्ट न उठाते"।

इस बात को सुनते ही पेलियस के होठों पर कडुई २ मुसकराहट और उसकी आखों में दुष्टता युक्त हर्ष की झलक दिखाई दी। जेसन उसे देखकर चौक पडा। उसके मन में उस बूढे आदमी की चितावनी, स्वय उसकी एक खड़ाऊ, और भविष्यतवाणी याद आई और उसने देखा कि मैं फंदे में पड गया।

परन्तु पेलियस ने केवल नम्रता से उत्तर दिया "मेरे पुत्र, वह शीघ्र उसके लिये भेजा जायेगा।"

जेसन चौंका और चिल्लाकर कहने लगा "क्या मुझही से तुम्हारा प्रयोजन है क्योंकि मैं ही यहा केवल एक खडाऊ पहिन कर आया। उसने क्रोध से अपना घूसा उठाया। पेलियस भी उसके सामने भेडिये के समान डटकर खडा होगया। उन दोनों में कौनसा अधिक बलवान और अधिक

भयानक था इस बातका बतलाना कठिन है।

परन्तु क्षण बीतने पर पेलियस ने नम्रता से कहा "हे मेरे पुत्रतुम इतनी उतावली क्यों करते हो। तुमने, मैंने नहीं, कहा है जो कुछ बात कही गई है तो क्यों मुझे उसके लिये अपराध लगाते हो जो मैंने नहीं किया है। यदि तुमने मुझसे उस आदमी को जिसका अभी मैं ने हाल कहा है प्यार करने और उसको अपना दमाद और उत्तराधिकारी बनाने के लिये कहा होता तो मैं ने तुम्हारी आज्ञापालन की होती और क्या हुआ यदि मैं इस समय तुम्हारी आज्ञापालन करू और उस मनुष्य को अमर यश प्राप्त करने के लिये भेजदू में ने उसको अथवा तुम्हें कोई हानि नहीं पहुचाई कमसे कम रु बात मै जान ता हूं कि वह जायगा और हर्ष से जायगा। क्योंकि उसके भीतर वीर पुरुष का हृदय है जो यश से प्रेम रखता है और उस वचन का तोड़ने से घृणा करता है जो वह दे चुका है"

जेमन ने देखा कि मैं अब फस गया परन्तु शीरन से जो दूसरी प्रतिज्ञा वह कर आया था उसको याद आगई और यह विचार किया "क्या यदि सेन्टार (नरघुड) इस बात में भी ऋषि सिद्ध हो और उसका यह प्रयोजन रहा हो कि मैं ही सोने की ऊन ले आऊ। तब उसने शब्द से चिल्लाकर कहा —

'हे मेरे चतुर चचा, तुमने ठीक कहा है। मैं यश का प्रेमी हू और अप नी प्रतिज्ञा पालन करने का साहस करता हू। मैं अवश्य जाकर सोने की ऊन लाऊ गा। केवल उसके बदले में मुझसे इस बात की प्रतिज्ञा करो और अपना वचन पूरा करो जैसे कि मैं अपना पूरा करता हू। जब मैं चलाजाऊ तो मेरे पिता के साथ प्रेम का वर्ताव उस ज़ियस के नाम मे करना जो सबको देखता है और राज्य को उसी दिन मुझे देदेना जिस दिन मैं सोने की ऊन ले आऊ।

तब पेलियस उसकी ओर देखने लगा और उस पर घृणा करते हुये उसको लगभग प्यार भी करने लगा और यह कहने लगा 'मै प्रतिज्ञा करता हूं और उसको पूरा करूगा। मेरे लिये यह कोई लज्जा की बात न होगी यदि मैं अपना राज उस आदमी को देदू जो सोने की ऊन जीतकर ले आवे।

इस पर उन दोनोंने अपने आपस में एक घोर शपथ ली और तब दोनों

भीतर चले गये और जाकर सोगये।

परन्तु जेसन नहीं सोसका क्योंकि उसको अपनी घोर शपथ का विचार आया। उसने यह सोचा कि मैं अकेला बिना धन अथवा मित्रों के उसको कैसे पूरा करूंगा। सो वह बिछौने पर बहुत देरतक इधर लुढ़कता रहा और तरह २ की युक्तियां सोचने लगा। कभी तो ऐसा जान पड़ता था कि फ्रिक्सस एक धीमे और कोमल स्वर के साथ जो दूर समुद्र से आता हुआ मालूम पड़ता था उसको पुकार रहाहै यह कह करके "मुझे अपने पुरखों के पास घर जाकर आराम करनेदो"। कभी उसको हीरा की आखें दिखाई देती हुई मालूम पड़ती थीं और फिर उसकी यह बातें सुनाई देती थीं "जब काम पड़े तो मुझको बुला लेना और इसकी परीक्षा लेना कि देवता कृतघ्न है कि नहीं"।

दूसरे दिन वह पेलियसके पास गया और उससे यह कहा "मुझे कोई वस्तु बलिदान करने को दो कि मैं उसे हीरा को भेंट देदूं" सो वह चलागया और अपना भेंटदिया। जिस समय वह हीरा की वेदी में खड़ा हुआ था तो हीरा ने उसके मनमें एक विचार उत्पन्न किया। वह पेलियस के पास लौट गया और यहकहने लगा—

"यदि तुम वास्तव में अपने वचन के सच्चे हो तो मुझको दो हरकारे दो कि वह मनुआई के राजकुमारों के पास जाकर जो मेरे साथ सेन्टार (नरघुड) के शिष्य रह चुके है सबसे यह कह आवें कि हम सब एक जहाज निर्माण करें और जो कुछ हम पर बीतने को हो उसका सहन करें"।

इस बात को सुनकर पेलियस ने उसकी बुद्ध की प्रशंसा की और शीघ्रता से हरकारे भेजने को गया क्योंकि उसने अपने मन में यह विचार किया "यह सब राजकुमार उसके साथ चले जाय। वे उससे प्रीत करें और कदापि न लौटैं। क्योंकि यदि ऐसा होगा तो मैं समस्त मनुआई का स्वामी और हेलास में सब से बड़ा राजा हो जाऊंगा"।

तीसरा भाग ॥

उन्होंने आर्गो जहाज़ इयल्कस में कैसे निर्माण किया।

सो ऋशुओं ने बाहर जाकर मिनुआई के सब वीरों से चिल्लाकर यह कह दिया' 'कौन लोग ऐसे हैं जो सोनेकी ऊन लानेके बड़े कामका साहस करतेहैं'?

गीत ने सारे राजकुमारों के हृदयों को हिला दिया और वे घाटियों से पगासाई की पीली बालू वाली भूमि में आगये। पहिले तो बलवान हिरेक्लीज़ आया जिसकी खाल सिंह की खाल के समान थी और जो गदा लिये हुये था उसके पीछे २ उसका युवक सरदार आया जो धनुष बाण लिये हुये था टाईफस अर्थात् चतुर मल्लाह, ब्यूट्स जो सब मनुष्योंमें सुन्दर था, केस्टर और पाली्यूसीज जो जादू वाले राजहंस के जुड़वें पुत्रथे सीनियस आये जो सब मनुष्यों में अत्यन्त बलवान था जिसको सेन्टारों ने वृथा ही मारने का यत्न किया और पाईन वृक्षों के गुद्दों से कुचला परन्तु फिर भी वह न मरा। ज़ीटीस और केले आये जो उत्तरी वायु के पदीर पुत्रथे। पोलियस अशेलीज का पिता आया जिसकी स्त्री थीटिस के चांदी के पैर थे और जो समुद्र की देवी थी वहां टिलेमन और ओईलियस आए जो दो ऐटीज़ के पिता थे और जो ट्राय के मैदानों में लड़े थे। माप्सस बुद्धिमान ज्योतिषी आया जो पक्षियों की बोली जानता था। इडमन आया जिसको फ़ीबस ने भविष्यवाणी कहनेवाली जिह्वादी। अनक्रेयस आया जो तारों का हाल जानता था और आकाश के सब चक्रों को जानता था। आर्गस आया जो विख्यात जहाज का बनाने वाला था इनके अतिरिक्त बहुत से वीर पुरुष आये जो पीतल और सोने के टोप पहिने हुये थे जिनमें घोड़ोंके रंगे हुये लंबे बालों की चोटिया लगी हुई थीं और अपने कवचों के नीचे कपड़े की बूटीदार क़मीज़ें और चमकते हुये टीन के कवलयुद्ध में अपने घुटनों की रक्षा के लिये पहिने हुए थे। हर एक आदमी अपने कंधे पर ढाल रखे हुये था जो बैल के कड़े चमड़े की कई पर्तोंकी थी, पीटे हुये कांसे की तलवार चांदी से जड़ी हुई पेटी में लगाये हुये था और अपने दाहिने हाथ में भालों का एक जोड़ा लिये हुए था जो भारी और सफ़ेद एश वृक्ष के थे।

सो वह इयल्कसमें आये और उनसे मिलने केलिये सारा
वे लोग उनकी उं ... की सुन्दरता, उनकी वीरता
सोने चांदी ... की चमक को देखने

कुछ तो यह कहते थे "वीर पुरुषों का सम्मेलन उस समय से कभी नहीं हुआ जब से कि हैलेस ने इस देशको जीता"। परन्तु स्त्रिया उनके ऊपर आहें भर रही और धीरे २ यह कहती थी, शोक ! यह सब मरने को जा रहे हैं"

तब उन्होंने पेलियन में पाईन के वृक्ष काटकर गिरादिये और उनको कुल्हाडी से सुधारा। अर्गस ने उन्हें जहाज बनाना सिखाया अर्थात् पहिला लंबा जहाज़ जो कभी समुद्र पर चला। उन्होंने उसमें पचास डाड़ों के लिये, अर्थात् एक डाड प्रत्यक वीर मल्लाह के लिये, उनको काली राल से रंग दिया और उसके अग्र भाग को लाल रंग से रंगदिया और उसका नाम अर्गस पर अर्गो रक्खा और दिन भर उसको चलाया। पेलियस ने रात्रिमें उनको राजा के समान भोजन कराय और वे उसके महल में सोये।

परन्तु जेसन उत्तर दिशा की ओर थेस देश को गया जहा कि उसे आर्फियस जो गवैयो का राजकुमार था और यहां वह अपनी खोह में रहोडोपके नीचे जंगली सायन व ण के लोगों में रहता था। जेसन ने उससे पूछाआर्फियस क्या तुम जो प्राचीन काल में मेरे साथ पढ़े हो अपने पहाड़ों को छोड़कर मेरे साथ एक वेर और स्ट्रीमन को मुनुआई के वीर पुरुषों के साथ में जहाज़में चलकर पार करोगे और सोनेकी ऊन घर लाओगे और क्यासब आदमियों और सब देवों से अपनी आश्चर्य जनक वीन और गानसे हमारा मेल करादोगे"?

तब आर्फियस ने आह भर कहा "क्या जबसे मैं शीरन की खोह में जो इयल्कस के ऊपर समुद्र तट पर है रह रहा ? तब से मैने बहुत परिश्रम और थकाने वाले काम दूर २ के स्थानों में नहीं किये हैं। जो चतुराई और वाणी मुझको मेरी माता देवी ने दी है वह वृथा है। वृथा ही मैं ने गाया और परिश्रम किया है वृथा ही में मुर्दों के पास गया और हेडीम के सब राजाओं को इसलिये प्रसन्न किया कि मैं अपनी स्त्री ड्यूरीडाईस को फिर जीत लू मैंने अपनी प्रिया को जीत लिया परन्तु उसी दिन फिर वह मेरे हाथ से जाती रही तब मैं पागल होकर मिस्र देश और लीबिया के रेतीले स्थानों में और सब समुद्रों के द्वीपों में भयानक डाम से आगे को खदेड़ा जाता हुआ इधर उधर मारा फिरा। मैंने वृथा ही मनुष्यों के हृदयो को वन के जंगली पशुओं

पुराने भजन हैं और सुन्दर प्राचीन रागवाली कविता में लिखे गए हैं। लोगों मे आज दिन तक उन्हें आर्फियस अथवा आर्फियस के भजन कहा है। उनमें यह लिखा है कि यह वीर किस प्रकार खाडी को पार करके अफीटाई में पहुंचे। दक्षिण-पश्चिम की वायु का बाट जोहा और अपने मल्लाहों में से एक कप्तान अभिषेक कर लिया। उनमें यह भी लिखा है कि कैसे उन सबो ने हिरेक्लीज को बुलाया क्योंकि वह बहुत बलवान और बडे डील डौल का था। परन्तु हिरेक्लीज ने इनकार कर दिया और जेसन को बुलाया क्योंकि वह उन सबों में बुद्धिमान था। इस तरह जेसन कप्तान बनाया गया। आर्फियस ने लकडी का एक ढेर लगाया, एक बैल का वध किया, उसे हीरा को भेंट दिया, और सब वीरों से जिनमें से प्रत्येक के शिर पर ज़ैतून का मुकट था चारों ओर खडे होने और उस बैल पर अपनी तलवार मारने को कहा। तब उसने एक सोने की सुराही को उस बैल के लोहू से, गेहूं के आटे से, मधु और मदिरा से और समुद्र के कडुये खारे पानी से भरा और वीरों से कहा कि "उसको खाओ"। इस तरह हरेक वीर ने उस सुराही के सामान को चखा और उसको सब वीरों को दिया और एक भयानक शपथ ली। उन्होंने सूर्य, रात्रि और नीले बाल वाले समुद्र के सामने जो पृथ्वी को हिला डालता है यह शपथ ली कि सोने की ऊन लाने के बड़े काम में जेसन को हृदय से सहायता देंगे। यह भी शपथ ली कि जो कोई पीछे हटा, या उसने आज्ञा न मानी अथवा अपने प्रण का उल्लघन किया तो न्याय से और इरीन्वीस से जो अपराधियों को शिक्षा देते हैं उसको दण्ड मिले गा।

इसके उपरात जेसन ने (लकडी के) ढेर को प्रज्वलित किया और बैल के मृत शरीर को जला दिया। लोग अपने जहाज़ में गये और पूर्व की ओर उन आदमियों के नाईं गये जिनको कोई काम करना हो। जिस स्थान से वे लोग गये उसका नाम अफीटाई अर्थात् जहाज़ के चलने का स्थान उस दिन से पड गया। तीन सहस्त्र वर्ष से भी अधिक उन्होंने पूर्वीय समुद्रों में जल यात्रा की जिनको वे नहीं जानते थे। बडी २ जातिया उस समय के पीछे हो गई हैं, पृथ्वी के ऊपर बहुत से तूफान आये हैं, बहुत से बडे २ जहाजों के बेड़े जिनके सामने आर्गो केवल एक छोटी सी नौका है अंग्रेजों, फ्रांसीसियों,

तुर्कियों और रूसियो ने उन समुद्रों पर उस समय के पीछे चलाये हैं परतु उस छोटे से आर्गो की कीर्ति सदा से जीवित है और आदमियों में उसका नाम एक कहावत हो गया है।

सो वे सियाथस द्वीप को छोडते हुये जिस समय उनके बाए हाथ पर सी-पियसअतरीप था उत्तर दिशा मे पेलियन की ओर मेगनीशिया के लबे तट के ओर आगे मुडे। उनके दहिने हाथ पर खुला हुआ समुद्र और उनके बाये हाथ पर प्राचीन पेलियन उठा हुआ था जिसके ओर काले पाइन (वृक्ष) के वनों और ग्रीष्म की हिम के ढेरों के चारों ओर मेघ चल रहे थे। उनके हृदय प्रिय प्राचीन पर्वत के लिये उत्कठित होते थे जिस समय उनको बीते हुये दिनों उनके बाल्यावस्था के खेलों, उनके आखेट, और पहाडी के नीचे खोह में उनका पढना लिखना स्मरण हुआ। अत में पेलियस ने "कहा मित्रो आओ हम यहा उतरें और अपनी प्रिय प्राचीन पहाडी पर एक बेर और चढ़ें। हम एक भयानक यात्रा को जा रहे है कौन जानता है कि हम पेलियन को फिर देखेंगे ? आओ हम अपने अध्यापक शीरन के पास चलें और इस स्थान से आगे चलने से पहिले उससे आशीर्वाद मागें। उसके पास मेरा एक लडका भी है जिसको वह शिक्षा दे रहा है जैसी किसी समय उसने मुझे दी थी अर्थात् वह पुत्र जिसको थिटिस मेरे पास लाई थी अर्थात् वह चादी के पैर वाली समुद्र की स्त्री जिसको मैं ने खोह में पकडा था और पाला था यद्यपि उसने अपना रूप सात बेर बदला। जब मैं उसे पकडे था तो वह जल, भाप, प्रज्वलित ज्वाला, चट्टान, श्याम के वर्ण की अयाल वाले सिंह और एक लबे सुन्दर वृक्ष के रूपों में बदल गई। परन्तु मैं उसे बराबर पकडे ही रहा यहा तक कि उसने फिर अपना रूप धारण कर लिया मैं उसे अपने पिता के घर ले गया और उसको अपनी स्त्री बनाया ओलिपस के सब शासक हमारे विवाह में आये और आकाश और पृथ्वी ने एक साथ हर्ष मनाया उस समय जब कि एक अमर प्राणी के साथ एक विनाशनीय मनुष्य ने विवाह किया। अब मुझे अपने पुत्र को देख लेने दो क्योंकि मैं उसे पृथ्वी के ऊपर प्राय न देखूंगा। वह विख्यात परन्तु अल्पायु होगा और युवावस्था ही में मर जायगा"।

अतएव टाईफोस जो पतवार चला रहा था जहाज़ को किनारे की ओर पेलियन के चट्टानों के नीचे ले गया और वे काले पाइन (वृक्ष) के वनो में होते हुये सेन्टार (नरघुड़) की खोह की ओर गये।

ये अंधकारमय बड़े कमरे में आये जो हिम से ढके हुये चट्टानों के नीचे था। वहां उन्होने महान सेन्टार को पड़ा हुआ देखा उसके बड़े हाथ पैर चट्टान पर फैले हुये थे। उसके एशिलीज अर्थात् वह बालक खड़ा था जिसको लोहा भी घाव नहीं पहुंचा सकता था और उसका मधुर बीन बजा रहा था। शीरन देख २ कर मुसकुरा रहा था।

तब शीरन ने कूद कर उनका स्वागत किया और हरेक का चुम्बन किया। उसने उनके आगे सुअर के मांस, हिरन के मांस और अच्छी मदिरा की ज्यौनार रक्खी युवा एशिलीज परोस रहा था और सुनहली सुराही चारों ओर लिये फिरता था। भोजन समाप्त होने पर सब वीरों ने अपनी तालियां बजाईं और आर्फियस से गाने की प्रार्थना की। परंतु उसने इनकार किया और यह कहा मैं जो छोटा हूं अपने पुराने मेहमानदार के आगे कैसे गा सकता हूं? अतएव उन्हों ने शीरन से गाने के लिये कहा। एशिलीज उसकी बीन ले आया और उसने एक आश्चर्य जनक गीत अर्थात् प्राचीन काल की एक प्रसिद्ध कथा जो सेन्टारों और लपियाई के बीच में हुई थी और जिसको तुम पत्थरों पर अबतक खुदा हुआ देखते हो आरंभ कर दिया। उसने यह गाया कि किस प्रकार उसके भाई अपनी ही मूर्खता से उस समय नष्ट हुये जब वे मदिरा से उन्मत्त हो गये थे। किस प्रकार वे और वीर पुरुष घूंसों से, दांतों से, और उन सुराहियों से लड़े जिनमें कि वे जल पी रहे थे। उसने गाकर यह बतलाया कि किस प्रकार उन्हो ने अपने क्रोध में पाइन के वृक्ष तोड डाले, पत्थरों के बड़े २ टीले फेंके, उस समय पर्वत युद्ध से गरज रहे थे और पृथ्वी बहुत दूर तक नष्ट हो गई। अंतमें लपिठाइयों ने उनको घरों से जो थेसिलिया के उपजाऊ मैदानों में थे पिंडस की सूनसान घाटियों में खदेड़ दिया और शीरन को अकेला छोड दिया। उन वीरों ने हृदय पूर्वक उसके गीत की प्रशंसा की क्योंकि उनमें से कुछ ऐसे थे जिन्हों ने उस बड़े युद्ध में सहायता दी थी।

तब आर्फियस ने बीन लेकर काश्रोस, अद्भुत सृष्टि के रचे जाने की कथा और इसकी कथा गाई कि कैसे सब वस्तुए लव (प्रेम) से जो एबिस में अकेला नहीं रह सकता था उत्पन्न हुई। जब उसने गाया तो उसका स्वर खोह से निकल कर टीलों के ऊपर वृक्षों की शिखरों पर होता हुआ वालून और पाइन वृक्षों की घाटियो पर गया। वृक्षों ने अपने शिर नीचे झुका लिये जब उन्हो ने उसको सुना। सफ़ेद चट्टान तड़क गये और गूंजने लगे। वन के जंतु सुनने के लिये निकट आ गये पक्षियो ने अपने घोंसले छोड दिये और चारो ओर छा गए। वृद्ध शीरन अपने दोनो हाथो से ताली बजाता और जादू के गीत के आश्चर्य के कारण अपने खुरो को पृथ्वी पर मारता था।

तब पेलियस ने अपने लडके का मुख चुंबन किया, उस पर रोया, और तब वे जहाज़में गये। शीरन उनके साथ रोता हुआ आया। उसने एक २ को चूमा आशीर्वाद दिया और उनके लिये बडी कीर्ति की प्रतिज्ञा की। जब वीर पुरुष उससे विदा हुये तो वे इतना रोये कि और अधिक नही रो सके। इसका कारण यह था कि वह दयालु, न्यायी, सज्जन, और सब पशुओं और मनुष्यो से अधिक बुद्धिमान था। तब वह एक टीले पर गया और उनके लिये प्रार्थना की कि वह घर भले चगे आवैं। वीर लोग जहाज में जब जा रहे थे तो उन्होंने उसको समुद्र के ऊपर अपने टीले पर इस अवस्था में खड़े हुये देखा कि वह अपने बडे हाथ आकाश की ओर उठाये था और उसके सफेद लट वायु में फहरा रहे थे। उन्होंने उसको अंत तक आखें फाड २ कर देखा क्योंकि उस समय उनको यह प्रतीत हुआ कि वे उसे अधिक नहीं देख सकते थे।

सो वे समुद की लम्बी लहर पर होते हुये ओलिंपस को पीछे छोड गये जो देवताओं का स्थान है वे एथास की वन वाली खाडियों और पवित्र द्वीप समोथ्रेस को भी पीछे छोड गये। तब वे लिम्नासको छोड कर हेलस्पाट आये और अबीडस की तंग आवनाय और २ स्थानो में होते हुये प्रपांटिस में आये जिसको हम अब मर्मोरा कहते हैं। वहा उनको साइज़िकस मिला जो

ऐशिया में डोलियन्स पर राज्य करता था जिनके विषय में गीत यह बतलाते है कि वह ईनियस का पुत्र था जिसको बहुत सी कथाएं तुम किसी दिन सुनोगे। क्योंकि होमरमें हमको बतलाया है कि वह किसतरह ट्रायऔर वर्जिल में लड़ा, किस तरह वह जहाज में बैठ कर गया और रोम की नीव डाली। और लोगों का थोडे ही वर्षो पहिले यह विश्वास था कि हमारे ब्रिटन के राजा उसी के व श के है। अब गीत यह बतलाते है कि साईज़िकस ने उन लोगों का स्वागत किया क्योंकि उसका पिता शीरन का शिष्य रह चुका था। अतएव उसने उनका स्वागत किया, उनको भोजन खिलाये, उनके जहाज में अनाज और मदिरा भर दीं, कपड़े और कबल, और गीत यह बतलाते हैं कि कमीज़ें रख दीं जिनकी सचमुच उनको अवश्यकता थी।

परतु रात्रि में जब वे सो रहे थे तो उनपर भयानक मनुष्य आये जो भालुओं के साथ पर्वतों में टाईटनों या देवों के समान रहते थे क्योंकि हरेक के छ हाथ थे और वे छोटे फर और पाईन के वृक्षों से लडते थे। परंतु हिरेक्लीज ने उन सबों को प्रात काल से पहिले ही अपने प्राणघातक विषैले बाणों से मार डाला। किन्तु उनके मध्य में उसने अंधेरे में दयावान राजकुमार साईज़िकस को वध कर डाला।

तब वे अपने जहाज पर गये और अपने २ डाडों २ पर बैठ गये। टाईफ़स ने रस्सों को छोडने और जहाज चलाने की आज्ञा दी। परतु जैसे ही वह बोला त्योंही एक आधी आ गई जिसने आर्गो को घुमा दिया और रस्सों को एक साथ ऐंठ दिया जिसका यह परिणाम हुआ कि उन्हें कोई भी ढीला न कर सका। तब टाईफस ने अपने हाथ से डाड को गिरा दिया और यह कहने लगा "यह सब देवताओं ने किया है जो ऊपर रहते है"। परंतु जेसन आगे गया और जादू वाली शाखा की सम्मति मागी।

तब जादू वाली शाखा बोली और उसने यह उत्तर दिया "इसका कारण यह है कि तुमने अपने मित्र साईज़िकस को वध कर डाला है। तुमको चाहिये कि उसकी आत्माको शात करो नही तो तुम इस स्थान से आगे कदापि नहीं बढ़ सकते"।

जेसन बड़े शोक के साथ लौट गया और उसने जो कुछ सुना था उसे

वीरों से कह दिया। वे समुद्र तट पर कूद पड़े और प्रात काल तक खोजते रहे प्रात काल में उनको उसका शरीर मट्टी और लोहू में सना हुआ उन बड़े डील डौल वाले पशुओं की लोथों के मध्य में मिला। वे अपने दयावान मेहमानदार के ऊपर रोये उसको एक अच्छे बिछौने के ऊपर लिटा दिया, उसके ऊपर एक बडा स्मार्क चिन्ह खड़ा किया और उसकी समाधि के ऊपर काली भेड़ को भेंट किया। आर्फियस ने उसके लिये एक आश्चर्यजनक गीत गाया जिससे उसकी आत्मा को शांति मिले। तब वे उसकी समाधि क ऊपर बहुत से खेल खेले जैसा कि उस समय में दस्तूर था और जेसन प्रत्येक जीतने वाले को इनाम देता था। ग्सियस को उसने एक सोने का प्याला दिय क्योंकि उसने सब से अच्छी कुश्ती लड़ी थी। हिरेक्लीज को उसने एक चादी का प्याला दिया क्योंकि वह सब से अधिक बलवान था। केस्टर को जो सब से अच्छा सवार था उसने एक सोने का ताज दिया। पार्लीड्यूसीज घू से से लडनेवाले को एक अच्छा गलीचा मिला और आर्फियस को जिसने गीत गाया था एक खडाऊ मिली जिसमें सोने के पख लगे हुये थे। परन्तु जेसन स्वयं सब से अच्छा बाण चलाने वाला था और मिनुआइयों ने उसके सिर पर जैतून का मुकुट रक्खा। गीतों से यह मालूम हुआ है कि इसी प्रकार सज्जन साईज़िकस की आत्मा को शांति प्राप्त हुई और वीर पुरुष चैन चान के साथ अपने मार्ग पर चले गये।

परन्तु जब साईज़ियस की स्त्री ने सुना कि वह तो मारा गया तो वह भी शोक के कारण मर गई और उसके आसुओं ने स्वच्छ जल के फुहारे का रूप धारण कर लिया जो बराबर वर्ष भर बहा करता है।

इसके उपरात गीतोंसे यह मालूम होता है कि जब वे मीसियाके किनारे २ और रिहन्डेकस के मुहाने के पास से खेते हुये गये तो उनको एक सुन्दर खाडी मिली जो अर्गाथस की लम्बी २ पक्तिया और बसाल्ट चट्टान की ऊ ची दिवारों से रचित थी। उस स्थान पर वे जहाज को तट पर पीले रेत के ऊपर ले गये पालों को लपेट दिया, मस्तूल को उतार लिया और उसे बांस से बाध दिया। दूसरे दिन उन्होंने सीढी उतारी और तट पर खेलने और आराम करने को चले गये।

हिरेक्लीज हाथ में धनुष लेकर जङ्गली हिरन का शिकार करने को वन में चला गया। सुन्दर लडका हाईलास चुपचाप से उसके पीछे २ चुराकर चला गया और वह घाटियों में जाकर मार्ग भूल गया। वह किसी झील के पास आराम करने के लिये बैठ गया। वहा जल की अप्सराए उसको देखने के लिये आईं। वे उसे प्यार करने लगीं और सदा प्रसन्न चित्त और युवा म्हेल का साथी उसे बनाने के लिये झील के नीचे ले गई। हिरेक्लीज ने वृथा ही उसकी खोज की। वह उसका नाम ले २ कर चिल्लाता जिस से कि पहाड गूंज उठे। परंतु हाईलास ने जो चमकती हुई झील के नीचे था उसका शब्द कदापि न सुना। अतएव जब हिरेक्लीज़ उसको खोजता हुआ फिर रहा था तो एक सुहावनी वायु उठी और हिरेक्लीज़ का भी लोप हो गया। अब आर्गो चला गया और हिरेक्लीज पीछे रह गया और उसको सुन्दर फ्रेंसिया नदी कभी न दिखाई दी।

तब मिनुआई एक ऐसे भयानक देश में पहुचा जहां एमीकस देव राज्य करता था और ज़ियस के नियमों पर तनिक भी ध्यान न देता किन्तु वह सब प्रदेशियों को यह धमकी देता कि वे उससे घूंसों से युद्ध करें और जिनको वह जीतता उन्हें वह बध कर डालता। परन्तु पालीड्यूसीज़ ने जो घूंसों से युद्ध करता था उसे ऐसा घूंसा मारा जैसा उसने पहिले कभी नहीं खाया था और उसे बध कर डाला। तब मिनुआई और आगे वास्फरस को गये और भयानक वीथिया के राजा फ्रीनियस के नगर में आगये। ज़ेटीस और कैले ने जेसन से वहा उतरने के लिये कहा क्योंकि उनको कुछ काम करना था।

वे समुद्र तट से नगर की ओर उन वनो में होकर गये जो हिम से श्वेत हो रहे थे। फ्रीनियस दुबला और उदास चहरा लिये हुये उनसे मिलने के लिये आया और यह कहने लगा "हे वीरो तुम इस कटु झोकों के देश में स्वागत हो यह ठंड और दुःख का देश है। तिसपर भी मैं यथाशक्ति तुमको भोजन खिलाऊंगा"। तब वह उनको भीतर ले गया और उनके सामने मांस रख दिया परन्तु उन्होंने अपने मुखों मे हाथ भी न रक्खे थे कि दो भयानक

देव आये जिनके समान देव मनुष्यों ने कभी न देखे होंगे। उनके चेहरे और चाल सुन्दर कुमारियो के से थे परन्तु पर और पजे बाजों के से थे। उन्होंने ग्रास को मेज़ पर से झपट्टा मारकर उठा लिया और चिल्लाते हुये छत्तों के ऊपर उड गये।

तब फीनियस अपनी छाती पीट कर यह कहने लगा 'यह हार्पिया हैं जिनके नाम ह्वर्लविंड श्रोर स्विफ़्ट हैं और जो वान्डर और एवरनिम्फ़ की पुत्रिया हैं। वे हमको रात दिन लूटा करती हैं। वे पाडेरियस की पुत्रियो को ले गई जिनको सब देवताओं ने आशीर्वाद दिया था । अफ्रोडाईट उन्हें ओलिम्पस के ऊपर मधु दूध और मदिरा पान कराता था। हीरा ने उनको सौंदर्य और बुद्धि दी। अथीनी ने प्रत्यक कला में उन्हें निपुणता दी परतु जब वे अपने विवाह में आई तो हार्पिया उन दोनों को उठा ले गई और दासिया होने के लिये।और अपने जीवन भर भय में रहने के लिये उन्हें इरीनीस को दे दिया। अब वे मेरे और मेरे लोगों के पास और वास्फ़रस में प्रचड तूफान लेकर आया करती हैं और हमारी मेजों पर से हमारा भोजन उठाले जाती हैं जिसका परिणाम यह होता है कि इतना धन सपत्ति हमारे पास होते हुये भी हम को भूखे मरना पडता है" ।

तब जीटीस और कैले जो उत्तर की वायु के पखदार पुत्र थे उठे और कहने लगे "फीनियस तुम हमको और इन पखों को नहीं जानते जो हमारी पीठ पर लगे हुये हैं ?" फीनियस ने भयके कारण अपना मु ह छिपा लिया परन्तु उत्तर में एक शब्द भी न कहा।

"फीनियस तुम विश्वासघाती रहे हो इसी लिये हार्पिया तुमको रात दिन घेरे रहती हैं। हमारी बहिन क्ल्योपैट्रा तुम्हारी स्त्री जिसको तुम बदींगृह में डाले हुये हो और उसके दोनों बच्चे कहा हैं जिनको तुमने क्रोध में आकर एक दुष्ट स्त्री के कहने से अधा कर डाला और उनको टीलों पर छुड़वा दिया हम से इस बात की शपथ लो कि तुम हमारी बहिन के साथ न्याय का वर्ताव करोगे और उस दुष्ट स्त्री को निकालबाहर करोगे। यदि तुम इतना करो तो हम तुमको इस आपत्ति से छुटकारा दें और ह्वर्लविंड की

कुमारियों को खदेड़ कर दक्षिण दिशा में करदें। किन्तु यदि तुम ऐसा न करोगे तो हम तुम्हारी आंखें निकाल लेंगे, जैसे कि तुमने स्वयं अपने दोनों पुत्रों की आखें निकाल ली थी"।

तब फ़ीनियस ने उनके सामने शपथ ली और उस दुष्टा को बाहर निकाल दिया। जेसन उन दोनो दीन बालकों को ले आया और उनकी आखों को आश्चर्य जनक बूटियों से चंगा कर दिया।

परन्तु ज़ीटीस और कैले उदास होकर उठे और कहने लगे "हे समस्त वीरो आप सबों को मेरा प्रणाम। हमारे प्यारे साथियो जिनके साथ हम प्राचीन काल में पेलियन के ऊपर खेले हैं हमारे भाग्य का पासा फेंका गया है और हमारा अन्तिम दिवस आ गया है जिसमें हम सदा के लिये भूमि और जल के ऊपर व्हर्लविंड (आंधी) का आखेट करेंगे। यदि हमने उन्हें पकड़ लिया तो वे मर जायगी और जो न पकड़ा तो हम स्वयं मरेंगे"।

इस बात को सुनकर सब वीर पुरुष रोने लगे परन्तु यह दोनों युवा पुरुष उछल कर ऊपर वायु में हार्पियों के पीछे चले और वायु युद्ध आरम्भ हो गया।

जब वीर पुरुषों ने वायु के झोकों के प्रचंड शब्द सुने तो वे मौनता के साथ कांपने लगे। उस समय महल और समस्त नगर हिल उठा। बड़े २ पत्थर टीलों पर से उखाड़ लिये जा रहे थे वन के पाइन (वृक्ष) पृथ्वी के ऊपर चारो दिशाओं में फेंके जाते थे और बास्फरस सफेद फेन और झागों से खौल रहा था। मेघ टीलों पर बड़े शब्द के साथ टक्कर खा रहे थे।

परन्तु अन्त में यह युद्ध समाप्त हो गया और हार्पियां चिचियाती हुई दक्षिण दिशा में भागी। नार्थविंड (उत्तर की वायु) के पुत्र उनके पीछे झपटे और जहां कहीं ये जाते वहा स्वच्छ धूप उपस्थित कर देते। मीलों तक उन्होंने उनका पीछा साईक्लेडीज़ के समस्त द्वीपों और दक्षिण पश्चिम में हेलास के उस पार तक किया यहां तक कि वे आयोनियन सागर में आ पहुंचे। वहां पहुंच कर उन्हों ने एशीनेडीज़ के ऊपर धावा किया जो

एशीलस के मुहाने पर थे यह द्वीप वर्षों से व्हर्लविंड (आंधी) के द्वीप कहलाते थे परन्तु ज़ीटीस और कैले का क्या हुआ मैं नहीं जानता कारण यह कि वीर पुरुषों ने उन्हें फिर न देखा। कुछ तो यह कहते हैं कि हिरेक्लीज़ उनको मिला, उनसे झगड़ा किया और अपने बाणों से उन्हें वध कर डाला। कुछ लोग यह कहते हैं कि वे थकित होकर और ग्रीष्म ऋतु की धूप के कारण नीचे गिर पड़े और तब सूर्य देवता ने उनको माईक्लेडीज के मध्य में टीनसके सुन्दर द्वीप में गाढ़ दिया यह। भी लोग कहते हैं कि सैकड़ों वर्ष तक उनकी समाधि उस स्थान पर दिखाई दी थी उसके ऊपर एक स्तंभ था जो प्रत्येक दिशा में वायु के झोंके की ओर घूमता था परन्तु यह प्रचंड आंधियां और अंधड़ बास्फरस में आज तक आया करते हैं।

किन्तु आर्गोनाट्स पूर्व दिशा की ओर खुले हुये समुद्र में गए जिसको हम कालासागर कहते हैं परन्तु उस समय वह इयुक्साईन कहलाता था। किसी हेलन ने पहिले कभी उसे पार नहीं किया था सब उस भयानक सागर, उसके चट्टान, बालू के ढेरों, कुहिरों और उसके प्रचंड ठंढी वायु के झोकों से डरते थे। वे उसके विषयमें आश्चर्यजनक कहानियां जिनमेंसे कुछ झूठी और कुछ आधी सची थीं कहते थे। यह भी कहते थे कि वह पृथ्वी के सिरों तक फैला हुआ है। वे मंद मलीन सागर, सदा रात्रि रहने और मुर्दों के स्थानों का भी वर्णन करते थे। अतएव वीर योद्धा बड़े साहसी और पराक्रमी होने पर भी उस समय कांप गये जब वे उस प्रचंड कालासागर में आये और उसको अपने सामने बिना किसी तट के जहां तक दृष्टि उनकी गई वहां तक फैले हुये देखा।

आर्फ़ियस बोल उठा और उनको यह चितावनी दी "अब हम घूमते हुये नीले चट्टान के पास आ जायगे। मेरी माता केलीयोप अमर सरस्वती देवी ने उनके विषय में भी चितावनी दी थी।

शीघ्र ही उनको नीले चट्टान सफेद शीशों के लाटों और किलों के समान दिखाई दिये। उनमें से बरफ के समान ठंढी वायु निकलती थी और वीर पुरुषों के हृदयों को ठंढा कर देती थी जब वे निकट पहुंचे तो उन्होंने उनको उछलते हुये उस समय देखा जब वे समुद्र की लम्बी लहरों के ऊपर उतरा रहे थे। वे बड़े शब्द के साथ गिरते और एक दूसरे को चूर करते थे, जिसका

शब्द आकाश तक जाता था। उनके मध्य में समुद्र का जल फुहारों के रूपमें उठता था और उनके चारों ओर झाग की श्वेत चद्दरों में वहता था। परन्तु उन चट्टानों की शिखरें वायु में वहुत ऊंची झुकी हुई थीं और वायु टीलोंके बीच में होकर तीव्र शब्द कर रही थी।

वीर पुरुषों का साहस टूटगया और वे भय के कारण अपने डाडों पर बैठे रह गए परन्तु आर्फियस ने टाईफस को बुलाया जो पतवार चलाता था "उनमें से होकर हमको जाना चाहिये। इसलिये आगे कोई निकास देखो और हिम्मत रक्खो क्योंकि हमारे साथ हीरा है" परन्तु टाईफस जो एक चतुर पतवार चलानेवाला था अपने दांतों को पीसता हुआ चुपचाप खडा रहगया कि उसी समय उसने एक वगुले को मस्तूल के वरावर ऊंचा चट्टानों की ओर उडते हुये और उनके सामने वायु में इधर उधर उड़ते हुये देखा मानो वह उन टीलों में कोई निकास की खोज में है तव उसने चिल्लाकर कहा "हीरा ने हमारे लिये एक मल्लाह भेजा है। आओ हम इस चतुर पक्षी के पीछे पीछे चलें"।

तव वगुले ने एक क्षण मात्र पर फरफराये तव उसको एक गुप्त स्थान दिखाई दिया और उसमें वह वाणके समान झपटा। वीर पुरुष देखते रहे कि क्या होता है।

जिस समय वह पक्षी उस तंग मार्ग में होकर शीघ्रता से भागा तो नीले चट्टान एक साथ टकराये परन्तु वे उसके केवल पूछ के एक पर से लगे और तव फिर टक्कर खाकर अलग होगये।

तव टाईफ़स ने वीरों के साहस को वढाया और वे चिल्लाये। डाड विलो (वृक्ष) की शाखाओं के समान उनके चलने से उस समय झुकगये जव वे इन गिरते हुए वरफ के चट्टानों और मृत्युके नीले मार्गों में होकर शीघ्रताके साथ निकले। और चट्टानों के एक दूसर से मिलने के पहिले वे निकल गये और खुले हुये समुद्र में वेखटके पहुंच गये !

इसके उपरांत वे थकावट के साथ एशिया के किनारे २ होते हुये ब्लेक-केप और थाईनीसके पास से गये जहां थीब्रिस की गरम धारा समुद्र में गिरती

है। वे सेंगेरियस के पास से होते हुये गये जिसका जल युक्साइन में बह कर जाता है तब वे उल्फ नदी में होते हुये दयावान राजा उल्फ के पास आ पहुंचे।वहा पहुच कर दो वीर पुरुष इडमन और टाईफ़ीस जो बुद्धिमान पतवार चलाने वाला था मर गये एक तो किसी बुरे रोग में ग्रसित होकर मर गया और दूसरे को एक जगली भालू ने वध कर डाला। अतएव उन वीरों ने उन दोनों के नामका स्मार्क चिन्ह बनाया और उसके ऊपर एक ऊचा डाड खडा कर दिया और उनको वहा पर दूर लीशिया के तट पर एक साथ सोने के लिये छोड़ दिया। परन्तु आईडास ने उस भालू को मार डाला और टाईफिस का बदला ले लिया एनसेयस ने डाड लिया और पतवार चलाने लगा। वह उन सबों को पूर्व दिशा में ले गया।

वे साईनाप के पास से बहुत बड़ी २ नदियो के पास से बहुत सी बनैली जातियो में होते हुये और पूर्व की लड़ाका स्त्रियो के नगरों में होते हुये ग यहा तक कि रात भर उन्हों ने निहाइयो की खनक और भट्टियो के झोकों के घोर शब्द को सुना लोहा गलाने की भट्टिया अधकार के कारण जो ऊपर घाटियो में हो रहा था चिनगारियों के समान चमक रही थीं। इसका कारण यह था कि वे शेलीबीज अथवा उन लुहारों की दुकानो के निकट आ गये थे जो कभी नही थकते वरन् निर्दयी युद्ध देवता एरीज की सेवा किया करते हैं अर्थात् दिन रात अस्त्र बनाया करते हैं।

दिन निकलते ही जब उन्होंने पूर्व दिशामें और समुद्र और आकाशके मध्य में देखा तो उनको श्वेत हिम की शिखरें लटकती हुई और मेघों के ऊपर चमकती हुई और दीप्तमान मालूम दीं तब उनको यह ज्ञान हुआ कि वे काकेशस के पास पृथ्वी म डल के सिरे पर आ पहुचे अर्थात् वह काकेशस जो सब पर्वतों में बहुत ऊचा और पूर्व की नदियो का पिता है उसी की शिखर पर प्राइटन जजीर से बधा पड़ा है और गिध उसका हृदय फाड रहा है। उस पर्वत के नीचे बहुत से अधकारमय वन आश्चर्य जनक काल्शियस देश के चारों ओर हैं।

वे तीन दिन तक पूर्व दिशा में चलते रहे और काकेशस हरेक घ टे में

ऊ चा उठता जाता था। तब इन्होंने फेसिस की श्याम धारा को बडे वेग के साथ समुद्र में आते हुये और इन्हों की शिखरो के ऊपर चमकते हुये देखा जो एटीज राजा की सुनहली छत है जो सूर्य का पुत्र है।

तब अनसेयस जो पतवार चला रहा था यह बोला "अन्त में हम अपने ठिकाने पर आ पहुचें क्योंकि एटीज की छतें और वन वह हैं जहा सब तरह के विष होते हैं परन्तु हमें कौन बतला सकता है कि उनमें सोने की ऊन कहा छिपी हुई है उसको पाने और फ्लीस अपने घर ले जाने के लिये हम लोगों को बड़ा परिश्रम उठाना पडेगा।

परन्तु जेसन ने उन वीरों का साहस बढाया क्योंकि वह स्वय बड़ा वीर था। उसने यह कहा "मै एटीज, के पास यद्यपि वह सूर्य का पुत्र है अकेला जाऊ गा और कोमल बात चीतसे उसको अपने वशमें करू गा ऐसा करना इसकी अपेक्षा अच्छा है कि सब इकट्ठा जाय और शीघ्र ही घूसो से लडने लगें परन्तु मिनुआई पीछे ठहरते ही न थे। अतएव वे वीरता के साथ उस नदी में गये।

ईटीज को एक स्वप्न हुआ जिससे उसके हृदय में भय समा गया उसने ऐसा विचार किया कि उसको चमकता हुआ तारा दिखाई दिया जो उसकी लडकी की गोद में गिरा। उसकी लड़की मीडिया ने उसे हर्ष पूर्वक ले लिया नदी के किनारे उसको ले गई और उसको उसमें फेंक दिया। घूमती हुई नदी उसको नीचे ले गई और तब वह युक्साइन सागर मे बह कर पहुंच गया।

तब वह भय से कूद उठा और अपने नौकरो को आज्ञा दी कि वह उसका रथ लाये जिसमें बैठ कर वह नदी के तट को जाये और अप्सराओं और उन वीर पुरुषों को शान्त करे जिनके प्रेत तट पर ही रहते हैं अतएव वह अपने सुनहले रथमें अपने पास अपनी लडकियोको मीडि़या जो एक रूप-वती जादूगरनी थी और चलसियाप को बिठाकर गया जो फ्रिक्सस की स्त्री रह चुकी थी। उसके पीछे नौकरो और सिपाहियोका एक दल गया क्योंकि वह एक धनवान और बलवान राजकुमार था।

जिस समय वह सर्कंडे वाली नदी में जा रहा था तो उसने आर्गो की

तट के नीचे २ धीरे २ जाते हुये देखा। उसमें बहुत से वीर पुरुष बैठे हुये थे जो अपनी सुन्दरता और बल के कारण देवता जान पड़ते थे क्योंकि उनके अस्त्र उनके चारो ओर प्रात काल की सीधी धूप में नदी के श्वेत कुहरे में दीप्तमान हो रहे थे परन्तु जेसन सब से अधिक गुणवान था क्योंकि हीरा ने जो उसे प्यार करती थी उसको अच्छा रूप लम्बा डील डौल और भयानक वीरता दी थी।

जब वे सब पास आये और एक दूसरे की ओर देखने लगे तो वीर पुरुष एटीज से डरा जिस समय वह अपने रथ में अपने पिता दीप्तमान सूर्य के समान चमक रहा था उसके वस्त्रों में सोने चादी का अच्छा काम किया हुआ था और उसके मुकुट में से अग्नि के समान किरणों की झलक आ रही थी। अपने हाथ में वह रत्न सेखचित राज दण्ड लिये था जो तारों के समान चमकता था। बड़ी कठोर दृष्टि से उसने उन लोगों की भोंए चढ़ाकर देखा और ऊचे शब्द से कठोरता के साथ उसने यह कहा—

तुम लोग कौन हो और तुम यहा क्या चाहते हो जो तुम कुटइया के तट पर आयेहो? क्या तुम को मेरे राज्य अथवा मेरी प्रजा कालशिस के लोगों को नहीं जानते जो मेरी सेवा करते हैं जो अबतक युद्ध में कभी नहीं थकित हुये और जो चढ़ाई करनेवाले का सामना करना भली भाति जानते हैं।

वे वीर पुरुष कुछ समय तक मौन होकर उस प्राचीन राजा के सामने बैठे रहे। परन्तु भयकर देवी हीरा ने जेसन के हृदय में वीरता का संचार किया। वह उठा और चिल्लाकर उसने यह उत्तर दिया 'हम समुद्री डाकू अथवा धर्म विरुद्ध पुरुष नहीं हैं। हम लोग लूटने, नाश करने अथवा तुम्हारी भूमि से दास ले जाने के लिये नहीं आये हैं वरन् मेरे चचा पुसीडन के पुत्र पेलियस मिनुआइयो के राजा ने मुझको इस खोज में भेजा है कि मैं सोने की ऊन लाऊ। यह लोग भी मेरे साहसी साथी कुछ छोटे आदमी नहीं हैं। क्योंकि उनमें से कुछ तो देवताओं के पुत्र हैं और कुछ वीर ऐसे हैं जो बहुत दूर तक प्रसिद्ध हैं। हम युद्ध में कभी नहीं थकते और हम लोग चोट करना और चोट खाना भली भाति जानते हैं। तो भी हम तुम्हारे यहा मेहमान रहने की इच्छा रखते हैं। अतएव यह दोनों के लिये अच्छी बात होगी''।

तब सी एटीज़ को आंधी के समान क्रोध शीघ्र आगया और जब उसने जेसन की बात को सुना था तो उसकी आंखों से अग्नि की ज्वाला निकल रही थी परन्तु उसने अपने क्रोध को अपने हृदय ही में शांत करके नम्रता के साथ चतुरता युक्त यह वक्तृता दी।

"यदि तुम मेरे कालशिस के लोगों से सोने की ऊन के लिये लड़ोगे तो बहुत से आदमी मरेंगे। परन्तु क्या तुम सचमुच लड़कर मुझसे सोने की ऊन जीत लेना चाहते हो? तुम लोग इतने थोड़े हो कि यदि तुम हरा दिये जाओ तो मैं तुम्हारे जहाज़ को तुम्हारी लाशों से लाद सकता हूं परन्तु यदि तुम चाहो कि मैं तुम लोगों पर शासन करूं तो तुम्हारे लिये यह बात बहुत ही अच्छी होगी यदि तुम अपने में से सबसे अच्छे आदमी को छांटलो और उससे वह काम कराओ जो मैं करना चाहता हूं। तब मैं उसको पारितोपिक के समान सोने की ऊन देदूंगा जिससे कि तुम सब लोगों का नाम होगा"।

ऐसा कहकर उसने अपने घोडे मोड़े और चुप चाप नगर की ओर उनको हांक ले गया। मिनुआई शोक से चुपचाप बैठे थे और हिरेक्लीज और उसके बलकी याद कर रहे थे। क्योंकि कालीशस के लोगोंसे युद्ध करना और भयानक युद्ध का परिणाम देखना एक अनुचित बात थी।

परन्तु फ्रिक्सस की विधवा स्त्री चेलसियाप रोती हुई नगर में गई। क्योंकि उसको अपने मिनुआ के पति और अपनी युवावस्था के हर्ष और आनन्द स्मरण हुये जिस समय उसने अपने कुटुम्बियों और उनके सुनहले बालों के लम्बे लट देखे। उसने अपनी बहिन मीडिया से धीरे से कहा "यह सब वीर पुरुष क्यों मरैं। मेरा पिता उन्हें सोने की ऊन क्यों नहीं देदेता कि मेरे पति की आत्मा को शान्त प्राप्त हो"?

मीडिया के हृदय में वीरों पर और सब से अधिक जेसन के ऊपर दया आगई। उसने उत्तर दिया "हमारा पिता कठोर और भयानक है और सोने की ऊन कौन जीत सकता है? परन्तु चेलसियाप ने कहा "यह आदमी हमारे आदमियों की तरह नहीं हैं और कोई काम ऐसा नहीं है जिसे करने का साहस वे न करें।

मीडिया ने जेसन और उसके वीरता युक्त रूप का विचार किया और कहा "यदि उनमें से कोई भी ऐसा हो जिसको भय न हो तो मैं उसको यह बतलादूं कि सोने की ऊन कैसे मिल सकती है"।

सो संध्या के समय चेलसियाप, मीडिया जादूगरनी और फ्रिक्सस का पुत्र आर्गस नदी के तटकी ओर गए। बालक आर्गस चुपचाप सार्किडों के खेतों में आगे चला गया और उस स्थान पर जा पहुंचा जहां वीर पुरुष जहाजकी बेंचों पर तट के नीचे सो रहे थे और जेसन समुद्र तट के ऊपर चौकीदारी कर रहा था और विचार में मग्न अपने भाले के ऊपर झुका हुआ था। वह लड़का जेसन के पास आकर यह कहने लगा।

"मैं तुम्हारे चचेरे भाई फिक्सस का पुत्र हूं और मेरी माता चेलसियाप तुमसे सोने की ऊन के विषय में बात चीत करनेका बाट जोह रही है"।

तो जेसन निडर होकर उस लडके के साथ चला गया और उसने दोनों राजकुमारियों को खडा पाया। जब चेलसियाप ने उसे देखा तो वह रोने लगी और उसके हाथ पकडकर चिल्लाकर यह कहने लगी।

"मेरे प्रिय पति के चचेरे भाई तुम मरने से पहिले घर जाओ" "हे सुन्दर राजकुमारी इस समय घर जाना नीच बात होगी और इन सब समुद्रों में होकर आना वृथा होगा"। तब दोनों राजकुमारियों ने उससे प्रार्थनाकी परन्तु जेसन ने कहा "अब बहुत देर होगई"।

मेडिया ने कहा "परन्तु तुम नहीं जानते कि उस आदमी को जो सोने की ऊन लावे क्या करना चाहिये। उसे उन दो बैलों को पालना चाहिये जिनके पैर पीतल के हैं और जिनके श्वास के साथ नाश करने वाली ज्वाला निकला करती है। उनको लेकर रात्रि होनेसे पहिले अरीस के खेत में चार एकड़ पृथ्वी जोतनी चाहिये और उसमें सर्पों के दांत बोदेने चाहियें प्रत्येक दांत से एक हथियारबंद आदमी निकलेगा। तब उस पुरुष को इन सब योद्धाओं से लड़ना पडेगा और उनको जीतने से उसको कुछ भी लाभ न होगा क्योंकि उस सोने की ऊन की रक्षा एक सर्प किया करता है जो किसी पर्वत के पाइन (दरख्त) से कहीं बड़े डील डौल का है। और यदि तुम सोने की

ऊन तक पहुंचना चाहते हो तो तुमको उसके ऊपर पैर रखना पड़ैगा"।

तब जेसन हंसा और शोक के साथ कहने लगा "यह एक अनुचित बात है कि सोने की ऊन का स्वामी एक अन्यायी और धर्मविरुद्ध राजा है और यह भी अनुचित है कि मैं अपनी युवावस्था मे मरूंगा क्योंकि मैं कल सूर्यास्त तक उसको पाने का यत्न करूंगा"।

तब मीडिया कांपी और कहने लगी कोई मनुष्य उस सोने की ऊन तक नहीं पहुंच सकता जब तक मैं उसको मार्ग न बतलाऊं। इसका कारण यह है कि नदी के उस पार एक दीवार है जो २३¾ फीट ऊंची है। उसमें ऊंचे २ मीनार और पुश्ते हैं और बड़े २ फाटक हैं जिसपर पीतल के तीन पर्त चढ़े हुये हैं फाटकों के ऊपर की दीवार मेहराबदार है और उसके ऊपर सोने के नगर कोट हैं। फाटक के ऊपर उनकी कुशील जादूगर्नी रहती है जिसके हाथमें पाईन (वृक्ष) का पलीता है और इधर उधर उसके पागल शिकारी कुत्ते भूंका करते हैं। कोई आदमी सिवाय मेरे क्योंकि मैं उसकी पुजारिन हूं उसका सामना नहीं कर सकता अथवा उसको नहीं देख सकता है। वह बहुत दूर तक देखा करती है कि कहीं कोई अनजान आदमी निकट न आ जाय।

"कोई दीवार इतनी ऊंची नहीं है कि उसके ऊपर अंत में कोई चढ न सके कोई वन इतना घना नहीं है कि उसमें होकर आदमी जा न सके। कोई सांप इतना चौकन्ना नहीं है जो मोहित न होसके अथवा कोई जादूगर्नी इतनी भयानक नहीं है कि वह मन्त्रोंसे शांत न हो सके मैं भी सोने की ऊन को ला सकता हूं यदि एक बुद्धिमान लड़की वीर पुरुषों की सहायता करै"।

उसने मीडिया को सियानपन के साथ देखा और अपनी चमकती हुई आंख से उसको मोहित कर दिया यहां तक कि वह लाल होगई, कांपने लगी और कहने लगी।

'बैल की श्वास के क्रोध का सामना कौन कर सकता है और कौन दस सहस्र हथियार बंद आदमियों से युद्ध कर सकता है'?

जेसन ने उसकी प्रशंसा करके कहा "ऐसा वही आदमी कर सकता है जिसकी तुम सहायता करो क्योंकि तुम्हारी कीर्ति पृथ्वी के ऊपर फैली हुई है। क्या तुम सब जादूगनियों की रानी नहीं हो और अपनी बहिन सर्स से भी अधिक बुद्धिमान हो जो पश्चिम में अपने सुन्दर द्वीप में रहती है" ?

"मैं चाहती हूं कि मैं अपनी बहिन सर्स के साथ उसके सुन्दर द्वीप में होती जो पश्चिम में है और उस दु:खदाई लुभाव और उन विचारों से दूर होती जिनसे हृदय फटता है? परन्तु यदि ऐसा होना चाहिये—तुम क्यों मरो-मेरे पास यहा एक मलहम है। कि मैं ने उसको उस आश्चर्यजनक बरफ में लगने वाले फूल से बनाया था जो प्रासीथ्यूस के घाव से बादलों के ऊपर काकेशश पर बरफ के सूनसान मैदानों में उत्पन्न हुआ था। तुम उसको अपने लगालो तो तुम में सात आदमियों का बल आ जायगा उसको तुम अपनी ढाल में लगा लो तो तुमको अग्नि अथवा तलवार हानि न पहुंचा सकेगी परन्तु जो कुछ तुम आरभ करो उसे तुम सूर्यास्त से पहिले ही से समाप्त करदेना क्योंकि उसका गुण केवल एक दिन तक रहता है। सापों के दातों को बोने से पहिले उस मलहम को अपनी टोपी में लगा देना और जिस समय पृथ्वी से पुत्र उत्पन्न होंगे तो तुम अपनी टोपी को उनके मध्य में फेंक देना तो युद्ध देवता की प्राण घातक सेना अपने आप कटकर नष्ट हो जायगी"।

तब जेसन उसके सामने अपने घुटनों पड़ा । उसने उसे धन्यवाद दिया और उसके हाथ चूमे। उसने जेसन को मलहम का बर्तन देदिया और सर्किंडों में होकर कापती हुई भाग गई। जेसन ने अपने साथियों ,को बतला दियाजो कुछ हुआ था और उन्हें मलहम का संदूक दिखाया। सब लोग सिवाय आईडस के प्रसन्न हुये और वह ईर्षा के मारे उन्मत्त होगया।

सूर्योदय के समय जेसन ने जाकर स्नान किये और उस मलहम को शिर से पैर तक अपनी ढाल में अपनी टोपी में और अपने हथियारों में लगाया और अपने साथियों से कहा कि वे उस जादू की परीक्षा करें। सो उन्होंने उसके भाले को झुकाने का यत्न किया परन्तु लोहे की छड़ के समान खड़ा रहा आईडस ने ईर्षा के कारण उसको अपनी तलवार से काटा परन्तु उसके फल के टुकड़े २ होकर उसके मुह पर आ पड़े। तब उन्होंने अपने भाले

उसकी ढाल पर चलाये परन्तु भालों की नोकें सीसे के समान होगईं। सीनियस ने उसको उठाकर फेकने का यत्न किया परन्तु वह एक पैर भी हटा न सका। पालीड्यूसीज ने उसको एक घूंसा मारा जिससे एक बैल मरजाता परन्तु जेसन केवल मुसकुराया और वीर पुरुष उसके इधर उधर हर्षसे नाचने लगे वह कूदा दौड़ा और उस महान बलवान के हर्ष से चिल्लाने लगा यहां तक कि सूर्य उदय हुआ। और अब समय आ गया कि वह जाकर एटीज़ से प्रतिज्ञा पूरी कराये।

इसलिये उसने टिलेमन और ऐथेलीडीज को भेजा कि वे एटीज़ से कहैं कि "मैं लड़नेको तय्यार हूं" वे संगमर्मर की दीवारों के ऊपर गये, सोनेकी छत्तों के नीचे गये और जाकर एटीज़ के बड़े कमरे में खड़े हो गये। वह क्रोध से पीला होगया था।

"जलते हुये सूर्य के पुत्र तुमने जो हमसे प्रतिज्ञा की थी उसको पूरा करो हमको सांपों के दांत देदो और भयानक बैलों को खोलदो"। क्योंकि हमको अपने ही में एक ऐसा साथी मिलगया है जो सोनेकी ऊन ला सकता है।"

एटीज ने अपने होंठ काटे क्योंकि उसने यह समझा कि वह रातमें भाग आये हैं परन्तु वह अपनी प्रतिज्ञा के विपरीति नहीं कर सकता था अतएव उसने उनको सांपों के दांत देदिये।

तब उसने अपना रथ और अपने घोड़े मंगवाये और सारे नगर भरमें दूत भेजदिये। सब लोग उसके साथ भयानक युद्ध देवता के मैदान में गये।

वहां एटीज़ अपने राजसिंहासन पर बैठा था। उसके सहस्त्रों योधा उसके इधर उधर शिर से लेकर पैर तक लोहे का कवच पहिने हुये बैठे थे। लोग और स्त्रियां प्रत्येक झरोके के किनारे और दीवार पर इकट्ठा थीं। मिनुआई जो उस बड़ी सेना के मध्यमें केवल एक मुट्ठी आदमी थे इकट्ठा खड़े थे।

वहां चेलिसियाप थी और कपकपाता हुआ आर्गस था और मीडिया घूंघट में अपना मुंह भली भांति छिपाये हुए थी परन्तु एटीज को यह बात नहीं मालूम थी कि वह अपने होटों से धीरे २ कुछ जादू के शब्द चतुराई के साथ कह रही थी।

तब जेसन ने चिल्लाकर कहा "अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करो और अपने भयानक बैलों को निकालने दो"।

तब एटीज ने फाटकों के खुलने की आज्ञा दी और आश्चर्यजनक बैल कूदते हुये बाहर निकले। उनके पीतल के खुर पृथ्वी के ऊपर शब्द करते थे। उनके नथनों में से घनी ज्वाला निकलती जिस समय वे अपने शिर नीचे किये हुये जेसन पर झपटे। परन्तु उसने एक पग भी पीछे न हटाया। उनके श्वास से ज्वाला निकल कर उसके चारों ओर उड़ी परन्तु उसके शिरका एक बाल न झुलसा। और बैल अकस्मात् रुक गये और कांपने लगे जिस समय मीडिया ने अपने मन्त्र पढ़ना आरम्भ किये।

तब जेसन ने बहुत ही निकट आकर उन पर धावा किया और उसका सींग पकड़ लिया। वे मैदान में इधर उधर कुश्ती लड़रहे थे यहां तक कि बैल विवश होकर जेसन के घुटनों पर जा गिरा। इसका कारण यह था कि वह पशु हिम्मत हारगया और उसके बलवान अंग ढीले पड़ गए जिस समय उस काली जादूगर्नी की घोर दृष्टि और उसके होटों के आश्चर्य जनक और हलके शब्दों का प्रभाव उनके ऊपर पड़ा।

अतएव दोनों बैल पालू होगये और उनपर हल रक्खा गया। जेसन ने उनको हल में जोत दिया और अपने भाले से आगे चढाया यहां तककि उसने उस पवित्र खेत को जोत डाला।

सब मिनुआई चिल्ला उठे परन्तु एटीज ने क्रोध से अपने होंट काटे क्योंकि जेसन का आधा काम समाप्त होगया और अब तक सूर्य ऊंचा आकाश में था।

तब उसने सांपों के दांत लिये और उनको बो दिया और देखने लगा कि क्या होता है। परन्तु मीडिया और उसके टोपकी ओर देखती रही कि कहीं वह उन बातों को न भूल जाय जो उसने उसको बतलाई थीं।

प्रत्येक हलाई उछली उसमें से शब्द हुआ और प्रत्येक मट्टी के टुकडे में से एक आदमी निकला। पृथ्वी में से सहस्त्रों आदमी निकल पड़े। हरेक शिर से पैर तक लोहेका कवच पहिने हुवे था और वे अपनी तलवार खींचकर

जेसन उस स्थान पर झपटे जहां वह मध्य में अकेला खड़ा था।

तब मिनुयाई उसके निमित्त भय करने लगे परन्तु एटीज ताने के साथ मुसकराया। "देखो यदि मेरे इधर उधर बहुत से योधा न होते तो मैं उनको पृथ्वी में से निकाल सकता हू"।

परन्तु जेसन ने अपना टोप उतारकर उसको भीड के अत्यन्त घने भाग में फेंक दिया। उनमें अत्यन्त उन्मत्तता आगई अर्थात् शंका घृणा और भय होगया एक ने अपने साथी से कहा 'तू ने मुझको मारा'। दूसरे ने कहा "तू जेसन है तू मरजायगा"। सो उन पुरुषों से उत्पन्न हुये प्रेतों को क्रोध आगया और हरेक ने शेष आदमियों को मारा। वे लड़े परन्तु वे थकित न हुये यहां तक कि वे सब पृथ्वी पर मर कर गिर गये। तब आश्चर्यजनक हत्याऱ्या पृथ्वी और दयावान पृथ्वी ने उनको निगल लिया। तब उन सबो के ऊपर हरी घास लग गई और जेसन का काम समाप्त हुआ।

तब मिनुयाई उठे और चिल्लाये यहां तक कि मामीथियम ने उनका शब्द अपने टीले के ऊपर से सुना। जेसन ने चिल्लाकर कहा "इसी समय मुझे उस स्थान का मार्ग सूर्यास्त से पहिले बताओ जहां वह सोने की ऊन है।

परन्तु एटीज ने यह विचार किया "उसने बैलों के ऊपर विजय प्राप्त की है और प्राणघातक फसल को बोकर काट लिया है। यह कौन मनुष्य है जिस पर किसी प्रकार का मंत्र नहीं चल सकता है? वह अब भी अजदेह को मार सकता है। अतएव उसने विलम्ब किया और अपने राजकुमारों से सम्मति लेता हुआ बैठा रहा यहां तक कि सूर्यास्त होगया और अंधकार होगया तब उसने एक दूत को आज्ञा दी कि वह चिल्लाकर यह कहदे "हरेक आदमी आज की रात अपने घर जाय। कल हम इन वीरों से मिलेंगे और सोने की ऊन के विषय मे बात चीत करेंगे"।

तब उसने मीडिया की ओर देखकर कहा "हे झूठी जादूगनी यह तेरा सब काम है। तेने इन अनजान आदमियों को जिनके बाल भूरे हैं सहायता देकर अपने पिता और स्वयं अपने को लज्जित किया है"।

मीडिया ठिठक गई और कांपने लगी और भय के कारण पीली पड़ गई। एटीज़ को मलूम होगया कि उसीका दोष है और उसने धीरे से कहा "यदि वे सोने की ऊन प्राप्त करलें तो तू मर जायगी"।

परन्तु मिनुआई अपने जहाज की ओर चले गये और उन सिंहों के समान शब्द कर रहे थे जिनका शिकार छिन गया हो। क्योंकि उनको यह बात मालूम होगई कि एटीज़ का यह प्रयोजन था। कि उन्हें सताये और उनको उस वस्तु के विषय में धोखादे जिसके लिये उन्होंने यह सब परिश्रम किया था। आयलियस ने कहा "आओ हम सब कुंज में चलें और सोने की ऊन को बलात्कार छीन लें।

उतावली करनेवाले आईडास ने कहा "आओ हम चिट्ठी छोड़कर यह निर्णय करलें कि पहिले कौन जायगा क्योंकि जब अजदहा एक को खानेमें लग जायगा तो शेष उसको मारकर बेखटके सोने की ऊन को ले जांयगे"। परन्तु जेसन ने उनको रोक दिया यद्यपि वह उनकी प्रशंसा करता रहा इसका यह कारण था कि वह मीडिया की सहायता की आशा कर रहा था।

कुछ समय पीछे मीडिया कांपती हुई आई और बोलने से पहिले बहुत देर तक रोई। और अंत में "मेरा समय आगया है और मुझको अवश्य मरना चाहिये क्योंकि मेरे पिता को यह बात मालूम होगई है कि मैंने तुमको सहायता दी है। तुमको वह बधकर डालेगा यदि उसने साहस किया परन्तु वह तुमको हानि न पहुंचावेगा क्योंकि तुम उसके मेहमान रहचुके हो। तो जाओ और बिचारी मीडिया को याद करना जब समुद्र पार बहुत दूर चले जाओ"। परन्तु सब वीर पुरुष चिल्लाकर कहने लगे!

यदि तुम मरोगी तो हम भी तुम्हारे साथ मरेंगे क्योंकि बिना तुम्हारे हमको सोने की ऊन नहीं मिल सकती और बिना उसको लिये हुये हम घर नहीं जायगे वरन् इसी स्थानपर एक २ आदमी लड़कर मर जायगा"।

जेसन ने कहा "तुम्हारे मरने की आवश्यकता नहीं हमारे साथ समुद्र पार कर चली चलो। पहिले हमको सोने की ऊन को प्राप्त करनेकी युक्ति बतलादो क्योंकि तुम यह काम कर सकती हो। और फिर तुम कुंज की पुजारिन भी हो केवल उस सोने की ऊन प्राप्त करने की युक्ति हमें बतलादो तब हमारे

साथ चलो तुम मेरी महारानी वन जाना और मिनुआई के धनवान राजकुमारों पर इयल्कस में राज्य करना जो समुद्र के किनारे है" ।

जितने वीर पुरुष थे वे सब चारों ओर उसके घिर आये और उससे इस बातकी शपथ खाई कि "तुमको अवश्य हम सब लोग अपनी महारानी बना लेंगे" ।

मीडिया रोई और कांपकर अपने मुंहको अपने हाथों से छिपालिया । क्योंकि उसके हृदय में उसकी बहिनो, उसके खेल के साथियों और उस घर को देखने की इच्छा उत्पन्न होगई जहां वह बचपन से पाली गई थी । परन्तु अतमें उसने जेसन की ओर देखा और सुवकिया लेकर यह बोली ।

क्या मैं अपने घर और अपने देश के आदमियो को छोड़कर अनजान आदमियोके साथ समुद्र पार जाऊं ? मेरा भाग्य निर्णय होगया और मै उसका सहन करूंगी । मैं तुमको युक्ति वतलाऊंगी कि सोने की ऊन को कैसे प्राप्त करना चाहिये । अपने जहाज को वनकी ओर लाकर किनारे पर लङ्गर डालदो । जेसन आधी रात को अपने साथ एक वीर आदमी को लेकर आवे और दीवार के नीचे मुझसे मिले ।

तव सव वीर पुरुष चिल्ला उठे "मैं जाऊंगा मैं, मैं । उतावली करनेवाला आईडस मारे डाह के उन्मत होगए। क्योकि वह सब बातों में आगे होना चाहता था । परन्तु मीडिया ने उन सबों को शांत करके कहा "आर्थियस जेसन के साथ जायगा और अपना आश्चर्यजनक बीन लेता आयेगा क्योंकि मैंने सुना है कि वह सब गवइयो का राजा है और पृथ्वी के ऊपर की सब वस्तुओं को मोहित कर सकता है" ।

हर्ष के मारे आर्फ़ियस हंसा और ताली बजाने लगा क्योंकि वह चुन गया था । उन दिनों में कवि और गवइये पराक्रमी योधा भी हुआ करते थे ।

अतएव आधी रात में वे सब तटपर गये और वहां उनको मीडिया मिली । उसके साथ २ एवसिर्टस उसका छोटा भाई एक वर्ष के मेमने को लिये हुये आया ।

तब मीडिया उनको युद्ध देवता के फाटक के पास किसी झाडीमें लाई। उसने जेसन को उस स्थान में एक गढा खोदने की आज्ञा दी और यह कहा मेमने को मारकर वहा छोडदो। तब उसके ऊपर आश्चर्य जनक बूटिया छिडकदी गई और छत्ते में से मधु निकालकर डाल दिया गया।

तब पृथ्वीमें से आईमा वनकी जादूगर्नी निकली जिसके आगे लालअग्नि की ज्वाला निकल रही थी और उसके पागल शिकारी कुत्ते चारो ओर भूंक रहे थे उसके एक शिर घोडे का सा था, दूसरा शिर फाडखाऊ शिकारी कुत्तेका सा था दूसरा शिर फुफकारते हुये साप का सा था और हरेक हाथ में एक तलवार थी। वह अपने शिकारी कुत्तों को लेकर गढ़े में कूद पडी और उन सबो ने अपने पेट भरके खाया पिया। जेसन और आर्फियस काप रहे थे और मीडिया ने अपनी आखें छिपाली। अन्त में वह जादूगर्नी लोप होगई और अपने शिकारी कुत्तों के साथ वनमें भागई। फाटकों के छप्पर गिर पडे, पीतल के दरवाजे चौपट खुलगये। मीडिया और उसके वीर पुरुष आगे को भागे और विषके वन में शीघ्रता से होते हुये चले वे बडे वीच (वृक्ष) के अंधेरे करने वाली शाखाओं के मध्य में होते हुये सोने की ऊन की चमककी सहायता से गये यहा तककि उन्होने उसको एक बड़े वृक्ष पर मध्य में लटकते हुये देखा जेसन उसको लेने के लिये उछल पडा ही होता परन्तु मीडिया ने उसको रोक दिया और काप कर उस वृक्ष की जड़की ओर संकेत किया जहा बड़े डील डौल वाला सांप जड़ों के भीतर और बाहर लिपटा हुआ पडा था उसका शरीर पर्वत के पाइन (वृक्ष) के समान था वह कई क़दम (छ फोट) तक लिपटा पडा था और उसके ऊपर कासे और सोने की चित्तियां पडी हुई थीं। वे लोग उसको आधे से अधिक नहीं देख सकते थे क्योकि उसका शेष भाग अंधकार में दूर पड़ाहुआ था।

जब उसने उन लोगों को आते हुये देखा तो उसने अपना शिर उठाया और उन्हें अपनी छोटी चमकीली आखों से देखने लगा। उसने अपनी काटेदार जिह्वा को चमकाया और दावानल के समान, गर्जा यहा तक कि वन हिल और गूंज उठा। इसका कारण यह था कि उसने पेडोंकी पत्तियों से लेकर जडों तक हिला दिया। वह वडी २ नदियों के ऊपर टीग के वडे कमरे तक फ़ैल

गया नगर के सोनेवालों को उसने जगादिया यहा तक कि माताओं ने भय के कारण अपने बच्चों को छाती से लगाया।

परन्तु मीडियाने उसको धीरेसे बुलाया और तब उसने अपनी लंबी चित्ती दार गर्दन बढाई, उसका हाथ चाटा और उसकी ओर देखा मानो वह कुछ भोजन मागता था। तब उसने आर्फियस की ओर सकेत किया और उसने अपना आश्चर्य जनक गीत आरभ कर दिया।

जिस समय उसने गाया तो वन मे फिर शांति होगई और प्रत्येक वृक्ष की पत्तिया सुन्न पडगई। सापका शिर नीचे झुकगया, उसके पीतलकीऐंठनें ढीली पड़गई और उसकी चमकती हुई आखें बडे धीरे २ बद होगई यहा तक कि वह बच्चे के समान धीरे २ सास लेने लगा। तब आर्फियस ने सुहावनी नींदको बुलाया जो आदमियो, पशुओं और लहरो को शाति देती है।

तब जेसन सावधानता के साथ आगे कूदगया उस बडे डील डौल वाले सांप के ऊपर से होकर निकल गया और वृक्षकी डालमें से सोने की ऊन को तोडलिया। तब वे चारों शीघ्रता से वाटिका में से निकलकर समुद्र तट को गये जहा आर्गो लगर डाले खडा था।

क्षण भर तक तो मौनता रही और जेसन सोने की ऊन को ऊपर लिये हुए था। तब उसने शब्द के साथ कहा "हे अच्छे आर्गो तेज़ और बराबर चलने वाले जहाज अब चलो यदि तुझे अब पेलियन को देखने की इच्छा "है।

जिस समय इन वीरों ने उसे चलाया तो वह कपडो से मढ़े हुये डाडोंके द्वारा उदास और चुपचाप चला जा रहा था यहा तक कि (पाइनल कडीके) डाड़ विलो (वृक्षकी) लकडी के समान उनके हाथो में झुक गये और बड़े जहाज आर्गोमें से भयानक शब्द होता था जब वे उसे चला रहे थे।

वे अंधेरी ठंडी रात्रि में शीघ्रता के साथ उस समुद्र में आगे बढते चले जा रहे थे जिसमे भवर पड रहे थे। वे काली दीवारों, मदिरों और पूर्व के राजकुमारों के महलों के नीचे से होते हुये गये। वे मोरियो के फाटकों, सुगंधित वाटिकाओं, आश्चर्य जनक फलों की कुजों और वन

दलदलदार स्थानों के पास से होते हुये गये जहां मोटी गौएं पड़ी सो रही थीं और वे शब्द करते हुये सकि हे के ल वे खेतों के पास से होते हुये गये यहां तक कि उनको लहर का सुहावना शब्द समुद्र तट पर उस समय सुनाई दिया जब वह चादनी में अकेली उठी।

वे लहरों में शीघ्रता के साथ गये और आर्गो घोड़े के समान लहरों के ऊपर से निकाला गया। क्योंकि उसको यह मालूम था कि अब पराक्रम दिखाने और उन वीरों के और उसके लिये कीर्ति प्राप्त करने का समय आ गया है।

वे लहरों में शीघ्रता के साथ गये और आर्गो घोड़े के समान लहरों के ऊपर से निकल गया यहा तक वीरों ने जिनमें से हरेक अपने डाड़ पर था हापना उस समय बंद किया जब वह मौन और चौड़े समुद्र में आ पहुचा।

तब आर्फियस ने अपना वीन लेकर एक भजन गाया जिससे वीरों के हृदय प्रफुल्लित हो गये और वे दृढ़ता के साथ बराबर पश्चिम की दिशा की ओर अंधकार में जहाज में चले गये।

पांचवां भाग

आर्गोनाट्स कैसे अनजान समुद्र में गये।

वे शीघ्रता के साथ पश्चिम की ओर भागे परन्तु एटीज़ ने अपने जहाजों के बेडे में आदमियों को लेकर उनका पीछा किया। लिनसियस ने जिसकी दृष्टि तीव्र थी उसको आता हुआ उस समय देखा जब वह कई मील पीछे था और चिल्ला उठा "मैं सौ जहाजों को सफ़ेद राजहंसों के झुंड के समान बहुत दूर पूर्व दिशा में देखता हूं"। इस बात को सुनकर वे अपने जहाजो को और भी ते चलाने लगे परंतु जहाज हर घंटे निकट ही आते गये।

तब काली जादूगर्नी मीडिया ने एक क्रूर और चतुराई की युक्ति निकाली उसने अपने छोटे भाई एबसिर्टस को मार कर समुद्र में डाल दिया और यह

कहा "जब मेरा बाप उसकी लोथ को ले जायगा और गाड़ेगा तो उसे बहुत देर तक ठहरना पड़ेगा और बहुत पीछे रह जायगा"।

जितने वीर थे सब कंपकपाये और लज्जित होकर एक दूसरे की ओर देखने लगे। तिसपर भी उन्होंने उस काली जादूगरों को दण्ड न दिया क्योंकि उसी के द्वारा उन लोगों को सोने की ऊन मिली थी।

जब एटीज़ उस स्थान पर आया तो उसने उस लोथ को पानी पर उतराते हुये देखा। वह बहुत देर तक ठहरा अपने पुत्र का शोक किया और उसको लेकर घर चला गया। परंतु उसने अपने मल्लाहों को पश्चिम की ओर भेज दिया और उनको यह भयानक श्राप दिया "उस काली जादूगरनी को लौटा लेआओ वह भयानक रीति से सताई जाकर बध करी जायगी। परंतु यदि तुम विना उसके लौटोगे तो तुम्हारी ही वैसी मृत्यु होगी"।

सो आर्गोनाट्स उस समय तो भाग गये। परन्तु फादर जियस ने उस निकृष्ट पाप को देख लिया। उसने आकाश में से तूफान भेजा और उस जहाज को उसके मार्ग से बहुत दूर कर दिया। प्रति दिन तूफ़ान उस जहाज़ को पानी के फ़ेनों और अंधकार करने वाले कुहिरे में हटाता गया यहां तक कि उन लोगों को यह न जान पड़ा कि वे कहा हैं जिसका कारण यह था कि सूर्य आकाश से लोप होता जाता था। अन्त में जहाज छिछले पानी पर आ पड़ा जहां कीचड़ और बालू के छोटे २ द्वीप थे। उसके ऊपर और भीतर लहरें आ गईं और वीरों को अपने २ प्राणों की आशा जाती रहीं।

तब जेसन ने हीरा से चिल्लाकर कहा "दयालु महारानी कि जिसने अब तक हमारी रक्षा की है क्यों तैं ने इस अनजान समुद्र में हम लोगों को मरने के लिये छोड़ दिया है। जिस सन्मान को, हमने इतने परिश्रम और जोखिम उठाकर प्राप्त किया है उसके खो देने में बड़ा दुःख मालूम देता है। हेलास और पगासाई की सुन्दर खाड़ी का फिर न देखना भी दुःखदाई मालूम देता है"।

तब आश्चर्य जनक शाखा जो आर्गो के सिरे पर लगी हुई थी बोल उठी "फादरजियस अप्रसन्न है इसी लिये यह सब तुम पर बीत रहा है

कारण यह है कि जहाज के ऊपर बड़ा निकृष्ट पाप हो गया है और यह पवित्र जहाज लोहू से दूषित हो गया है"।

इस बात को सुनकर कुछ वीर चिल्ला उठे "मीडिया ने वध किया है। उस जादूगनी को अपना पाप भोगने और मरने दो। अतएव उन्होंने मीडियाको पकड लिया कि उसको समुद्र में फेंककर उस छोटे लडके की मृत्यु को प्रायश्चित करलें। परन्तु आश्चर्यजनक शाखा फिर बोली "उसको उस समय तक जीवित रहने दो जब तक उसके सारे पाप पूरे न हो जाय। उसको धीरे २ और अवश्य उसका फल मिल जायगा परन्तु उसका जीवित रहना उचित है क्योंकि तुमको अवतक उसकी आवश्यकता है। वह तुमको अपनी बहिन सर्स के निवास स्थान का मार्ग बतायेगी जो पश्चिम के द्वीप में रहती है। तुम लोग उसके पास बहुत दूर अपने जहाज में जाओ और वह तुम्हारे पाप से तुम्हारा प्रायश्चित कर देगी"।

तब सब वीर पुरुष चिल्लाकर रो उठे जब उन्हों ने उस बलूत की (शाखा) की आज्ञा को सुना क्योंकि उनको यह बात मालूम थी कि एक जोखिम की यात्रा उनको करनी है और कई वर्षों तक कठिन परिश्रम करना है। कुछ तो उस काली जादूगनी को धिक्कारते थे और कुछ यह कहते थे "नहीं हम लोग अब तक उसको धन्यवाद देते हैं। बिना उसके हमें सोने की ऊन कदापि न मिलती। परन्तु उनमें से बहुत से अपने होंठ को चुपचाप काटते क्योंकि उन्हें उस जादूगनी के जादुओं से भय मालूम देता था।

अब समुद्र कुछ शान्त हुआ सूर्य एक बेर और चमका उन वीरों ने अपने जहाज को बालू से अलग हटाया और अपने धक्का देने वाले मार्ग पर काली जादूगनी की सहायता से अनजान समुद्र के सून सान स्थानों में आगे बढे।

मैं यह नहीं कह सकता कि वे कहा गये और न यह कि वे कैसे सर्स के द्वीप में पहुचे। कुछ लोग यह कहते हैं कि वे पश्चिम दिशा को डेन्यूब नदी के चढ़ाव की ओर गये और इस प्रकार एडरियेटिक में आ पहुचे।

कुछ लोग यह कहते हैं कि वे दक्षिण की ओर लाल हिन्दुस्तानी सागर में गये और उन धूपदार देशो में होते हुये जहा मसाले होते हैं एथियोपिया के चारों ओर पश्चिम की ओर गये। अन्त में वे लीबिया में आये अपने जहाज जलते हुमे रेत में से और पहाडियो के ऊपर खीच कर सिरटीज़ में ले गये जहा छिछले स्थान और दलदल मीलों तक फैली हुई है और जो उपजाऊ सिरीन और लोटस ईटर के किनारे के मध्य में है। परतु यह सब स्वप्न और झूठी कहानिया और अनजान देशो की अनिश्चत बातें हैं।

परतु सब यह कहते हैं कि वे ऐसे स्थान में आये जहा उनको अपने जहाज़ को नौ दिन तक रस्सियो और वेलनों से भूमि के ऊपर घसीटना पडा यहा तक कि वे एक अनजान समुद्र में आ पहुचे। पुराने गीतों में सब से अच्छा गीत हमको यह बतलाता है कि वे उत्तर दिशा को गये यहा तक कि वे काकेशस के ढालू स्थान पर आ पहुचे। जहा वह समुद्र मे झुका हुआ है और तब वे तंग किमरियन बासफरस में आये जिसको टाईटन बैल के ऊपर बैठकर तैर कर पार कर गया। वहा से वे म द मीओटिड झील के धीमे जल में आये फिर वहा से वे उत्तर की ओर टनाये के ऊपर जिसको हम डान कहते हैं गिलोनी और सौरोमनाई और बहुत से फिरने वाले गडरिये की जातियो में होते हुये गये। वे एकाची अरीमास्पी के पास से होते हुये गये जिनके विषय में ग्रीस के पुराने कवि यह कहते हैं कि वे ग्रिफिन्स से जो रिफ़ाईयन की पहाडियो में है सोना चुरा कर ले जाया करते हैं।

इसके पश्चात वे सिथिया के बाण चलाने वालो और तौरी के पास से होते हुये गये जो आदमी खा जाते हैं। वे घूमने वाले हिपरबोरिआई के पास से होते हुये गये जो अपने खरकों को ध्रुवतारे के नीचे चराया करते हैं यहा तक कि वे उत्तरी सागर अर्थात मद कोनिया सागर में आ गये। वहां पहुंच कर अर्गो आगे नहीं चलता था। हरेक आदमी परिश्रम और भूख से हिम्मत हार गया, अपने हाथ लपेट लिये और अपने हाथ पर शिर लटका कर अपने २ जीवन से निराश हो गया। परतु वीर एनसेयस पतवार चलाने वाले ने उनके मनों को एक बेर और प्रसन्न किया। उसने उनसे भूमि के ऊपर कूदने और जहाज़ की रस्सियो और वेलनो से थकित करने वाले बहुत

दिनों तक खींचने के लिये कहा। मैं यह नहीं जानता कि पृथ्वी की बर्फ़ अथवा बरफ़ के ऊपर खींचने को कहा क्योंकि गीत मिश्रित है और स्वप्न के समान खंडित है। इसके आगे उस गीत से यह विदित होता है कि वे विख्यात चिरंजीवी मनुष्यों की धनवान जाति के पास आये। वे सिमरियन के तट पर आये जिनको सूर्य कभी नहीं दिखाई देता। यह तट बरफ़ के पहाड़ों की घाटियों से बहुत गहरा छिपा रहता है। तब वे हर्मियन की अच्छी भूमि में आये जहा सब जातियों में अत्यंत धर्मिष्ट पुरुष रहते थे। वे पाताल लोक के फाटकों और स्वप्नों के मंदिरों में भी आये।

अन्त में एनसेयस चिल्ला उठा "वीर मित्रो थोड़ा सा कष्ट और सहन करो। जो बहुत कष्ट दायक यात्रा थी वह तो हो गई क्योंकि मैं पश्चिम की पवित्र वायु को पानी को हिलाते हुये देखता हूं और बालू के ऊपर समुद्र की गरज को सुनता हूं। अतएव मस्तूल को उठादो और खेना आरम्भ करो और आदमियों के समान उसका सामना करो जो आगे आवे"।

तब आश्चर्य जनक शाखा बोल उठी "ओह मेरी तो यह इच्छा है कि मैं बहुत समय पहिले नष्ट हो गई होती और मुझको भयानक नीले चट्टान युक्साइन की भयानक लहरों के नीचे कुचल डालते। यह इसकी अपेक्षा अच्छा था कि मैं अपने राजकुमारों के पास से कलंकित सदा फिरूं क्योंकि एबसिर्टस का लोहू अबतक मेरे पीछे है और एक आपत्ति के पीछे दूसरी आपत्ति आती चली जाती है अब कोई भयानक जोखिम में मैं पड़ूंगी यदि मैं इयर्न द्वीप के निकट पहुंचू। किसी तुम भूमि के बराबर दक्षिण की ओर जहाज़ को लेते न चलोगे तो मैं अटलांटिक के आगे ऐसे समुद्र ही में फिरती रहूंगी जिसका कोई तट नहीं है"।

तब उन्हों ने आश्चर्य जनक शाखा को धन्यवाद दिया और दक्षिण की ओर भूमि के बराबर २ चले। परन्तु इयर्न से आगे चलने के पहिले जो कुहिरे और तूफ़ानों की भूमि है प्रचंड वायु अंधकार करती और गरजती हुई आ पहुंची। उसने पालों को बाध दिया और रस्सियों को ऐंठ दिया। वे बारह रातों तक प्रतिकूल पश्चिमी समुद्र के ऊपर फेन और लहरों में चले

और उनको न तो सूर्य और न तारे दिखाई दिये। वे फिर चिल्लाये "हम नष्ट हो जायगे क्योंकि हमको नहीं मालूम कि हम कहा हैं। हम सूनसान अंधकार में जहा सर्दी है खो गये हैं और उत्तर दक्षिण नहीं बतला सकते।

परतु दूरदर्शी लिनसियस समुद्र के अग्र भाग से प्रसन्नता पूर्वक बोल उठा "वीर मल्लाहो फिर हिम्मत करो क्योंकि मैं एक ऐसे द्वीप को जो पाईन (वृक्षों) से ढका हुआ है और दयावान पृथ्वी माता के बडे २ भवन देख रहा हू जिनके चारो ओर मेघो के दल है"।

परतु आर्फियस ने कहा "उनसे अलग रहो क्योकि कोई प्राणी वहा नहीं उतर सकता। किनारे पर कोई बदरगाह नहीं है वरन् चारो ओर ढालू दीवारो के चट्टान हैं"।

अतएव अनसेयस ने जहाज को फेरा और तीन दिन तक और वे चले तब वेर्स के घर अइया और पश्चिम के सुन्दर द्वीप में आ पहुचे।

वहा पर जेसन ने उन लोगों से उतरने और मनुष्य का चिन्ह खोजने के लिये कहा। जब वे वहा की भूमि पर चले तो उन्हें सर्स जहाज की ओर आती हुई मिली। उसको देख वे लोग कपित हुये क्योकि उसके बाल, उसका चेहरा और उसके वस्त्र ज्वाला के समान चमक रहे थे।

उसने आकर मीडिया को देखा और मीडिया ने अपना मुह कपड़े से छिपा लिया।

सर्स ने चिल्ला कर कहा "अरे अभागी लडकी क्या तू अपने पापों को भूल गई कि तू यहा मेरे द्वीप में आई है जहा सालभर बराबर फूल खिला करते हैं। तेरा वृद्ध पिता और भाई कहां है जिसको तैंने मारा था? मैं बहुत कम आशा करती हू कि तू इन अनजान पुरुषों को लिये हुये जिनसे तेरा प्रेम है लौट जायगी। मैं तेरे पास भोजन और मदिरा भेजूगी परतु तेरा जहाज़ यहां नही ठहरना चाहिये क्योकि वह पाप से और अपने मल्लाहों के पाप से दूषित है"।

उन वीरों ने उससे प्रार्थना की परंतु वृथा और उसने यह चिल्लाकर

कहा "हमको हमारे पाप से शुद्ध करो"। परन्तु उसने उन्हें विदा कर दिया और कहा "मालिया को जाओ वहा तुम शुद्ध हो जाओगे और घर लौट जाना"।

तब अनुकूल वायु बही वे पूर्व की ओर टार्टोसस के पास से होते हुये आईबीरिया के नट पर गये यहा तक कि वे हक्यूलीज के खंभे और मेडीटरेनियन सागर के पास आ पहुचे। वहा से सार्डीनिया के समुद्रों, ओनोनिया के द्वीपो और टिरीनिया के तट के अन्तरीपों के पास से होते हुये गये यहा तक कि वे ग्रीष्म ऋतु की दीप्तमान और शातिमय सध्या के समय एक फूलदार द्वीप में आये। जिस समय वे धीरे २ और थकित होकर उसके निकट आये तो उनको तट पर मीठे गान सुनाई दिये। परंतु जब मीडिया ने उसको सुना तो वह चौंकी और चिल्ला उठी "वीरो सावधान हो जाओ क्योंकि यह सिरस के चट्टान हैं। तुम उनके पास से चले जाओ क्योकि और कोई दूसरा निकास नहीं है परतु जो उस गान को सुनेंगे वह नष्ट हो जायगे"।

तब आर्फियस जो गवइयो का राजा था बोल उठा "उनको अपने गानों को मेरे गाने से मिलान करने दो। मैं ने पत्थरों,वृक्षों अजदहों और मनुष्यो के हृदयो को कितना प्रसन्न किया है"। सो उसने अपना वीना ले लिया और जहाज़ के पीछे के भाग में खड़ाहोकर अपना आश्चर्य जनक गान आरम्भ कर दिया।

अब उनको एनथीमूमा अर्थात् फूलदार द्वीप पर सिरेंस दिखाई देने लगीं तीन सुन्दर लडकिया समुद्र तट पर एक लाल चट्टान के नीचे सूर्यास्त में लाल पोस्तों और सुनहले अस्फाडल के वृक्षों की कियारियो के मध्य में बैठी थीं। धीरे २ और ऊँघ २ कर वे मधुर शब्दो में कोमलता और स्पष्टता के साथ गा रही थीं वे शब्द सुनहले जल के ऊपर होते हुये उन वीर पुरुषों के हृदय के भीतर तक पहुचते थे यद्यपि आर्फियस भी गा रहा था।

सब वस्तुए चुप होकर सुनने लगी। बतखें श्वेत पक्तियो में चट्टानों के बराबर बैठी हुई थी। समुद्र तट पर बड़े २ सील (समुद्री पक्षी) धूप ले रहे

थे और अपने शिरो को सुस्ती से हिला कर ताल देते थे। उस समय चमकती हुई मछलियों के समूह सुनने के लिये आते थे और उस समय धीरे २ शब्द करते थे जब वे समुद्र की चमकती हुई तल को हिलादेते थे। ऊपर की वायु ने सनसनाना उस समय बद कर दिया जब उसने मेघो को पश्चिम दिशा मे हटा दिया और मेघ नीले आकाश में गान को सुन रहे थे मानो वह सुनहली भेडों के झुड के समान स्वप्न देख रहे हैं।

जिस समय वीर पुरुष गान को सुन रहे थे तो डांड़ उनके हाथों से गिर गये। उनके शिर उनके सीनो पर झुके हुये थे और वे अपनी भारी आखो को बद करे हुये थे। वे चमकीली सुनसान वाटिकाओं और शब्द करते हुये पाइन (वृक्षों) के नीचे निद्रा आने के स्वप्न देख रहे थे यहा तक कि उनका सारा परिश्रम उनको एक मूर्खता का काम जान पड़ा और फिर उन्हों ने अपनी कीर्ति का तनिक,भी विचार न किया।

तब उनमें से एक ने अकस्मात् अपने शिर को उठाया और चिल्लाकर यह कहा "सदा फिरने का क्या काम है? आओ हम यहा थोडी देर तक ठहरें और विश्राम करें? दूसरे ने कहा " आओ हम जहाज़ को समुद्र तट पर ले चलें जो बातें वे गा रहे हैं उनको सुनें। दूसरे ने कहा "मुझको बातों का कुछ विचार नहीं है वरन गान का विचार है। वे मेरे सोजाने और विश्राम करने के लिये गाये गे"।

ब्यूट्स जो पेनडियन का लडका था और सब आदमियों में बहुत सुन्दर था कूद पड़ा और तट की ओर तैरने लगा और चिल्लाकर यह कहने लगा "सुन्दर कुमारियो मैं आता हूं मैं यहा रहने, तुम्हारा गीत सुनने और मरने के लिये आ रहा हूं"।

तब मीडिया ने अपने हाथों से ताली बजाई और चिल्लाकर यह कहा "आर्फ़ियस और ऊचे शब्द से गाओ, और अच्छा राग गाओ। इन अभागे सुस्तियों को जगा दो नहीं तो उनमें से कोई भी हेलस के देश को नहीं देख पायेगा"।

तब आर्फ़ियस ने अपना वीन उठाया और अपने हाथ को चतुराई के

साथ उसके तारों पर फेरा। उसका गाना और उसका शब्द तुरही के समान सायकाल की मौन वायु में उठा। वह वायु में गडगड़ाता हुआ उठा यहा तक कि चट्टान और समुद्र दोनों गूंज उठे। वह गाना ऐसा था कि वह मदिरा के समान उनके हृदयों में लगता हुआ जान पडा यहा तक कि उनके मन में आनन्द की तरंगें उठने लगीं।

उसने पर्सियस का गीत गाया। यह गाया कि कैसे देवता उसको भूमि और समुद्र पर ले गये, वह कैसे घृणीय गार्गन को वध करके अपने लिये अद्वितीय दुलहिन विवाह लाया, किस प्रकार वह इस समय ओलिपस के ऊपर देवताओं के साथ आकाश में चमकते हुये तारे के समान अपनी अमर स्त्री के साथ अमर होकर और पृथ्वी के आदमियों से आदर किया जाता हुआ बैठा है।

इस प्रकार आर्फियस और सिरंस ने गाया, हरेक सुनहले समुद्र के आर पार एक दूसरे को उत्तर देते थे यहा तक कि आर्फियस के शब्द में सिरस का शब्द डूब गया और वीर पुरुषों ने डाडो को फिर पकड लिया।

वे चिल्ला उठे "हम पर्सियस के समान आदमी होंगे और हम अंत तक साहस करेंगे और कष्ट का सहन करेंगे। वीर आर्फियस उसका गीत हमें फिर सुनाओ कि हम सिरंस और उनके जादू को भूल जाय"।

जब आर्फियस ने गाया तो उन्हों ने डाडों को समुद्र में चलाया और उसके गाने पर तालें देते जाते और शीघ्रता से भागे चले जा रहे थे। सिरन्स के शब्द उनके पीछे रह गये जिसका कारण यह था कि उनके मार्ग में पानी और फेन का घोर शब्द हो रहा था।

परतु ब्यूटस समुद्र तट की ओर तैर गया और सिरेन्स के सामने घुटनों पडकर उसने चिल्लाकर कहा "गाती जाओ गाती जाओ। परतु वह इससे अधिक न कह सका क्योंकि उसको आश्चर्य जनक निद्रा ने आ घेरा और उसके कानों में एक सुहावनी गुनगुनाहट होने लगी। वह पत्थर के टुकडे पर बैठ गया और पृथ्वी और आकाश को भूल गया। उसने अपने चारों ओर उस शोक जनक तट को नहीं देखा जहा आदमियो की हड्डिया छितरी हुई थीं।

तव वे दोनों सुन्दर बहिनें जिनके होठों पर क्रूर मुसकुराहट थी धीरे २ उठीं और धीरे २ वे उसकी ओर उन तेंदुओं के समान वैसे ही वढ़ीं जैसे वह अपने आखेट की ओर धीरे २ जाते हैं। उनके हाथ उकावों के पंजो के समान थे उस समय मालूम दिये जब वे क्रूरता से मारे हुये पशुओं की हड्डियों के ऊपर से होकर गईं।

परन्तु जब सुन्दर एफ्रोडाईट ने इडैलिया की सब से ऊंची चोटी पर से ब्यूट्स को देखा तो उसको उसकी युवावस्था और उसका सुन्दर रूप देखकर दया आ गई। वह अपने सुनहले सिंहासन पर से कूदी और गिरते हुये तारे के समान उसने आकाश को फाड दिया और चमकते हुये प्रकाश की एक लकीर सी छोडी यहां तक कि वह सिरंस के द्वीप में उतरी और उनके शिकार को उनके पजों से छीन ले गई। जब ब्यूट्स सो रहा था तो वह उसे उठा ले गई और सुनहले कुहिरे से उसे ढक दिया। वह उसे लिलीबियम की शिखर पर ले गई जहां वह बहुत वर्षों तक आनन्द पूर्वक सोया।

परन्तु जब सिरंस ने देखा कि वे परास्त हो गईं तो डाह और क्रोध से चिल्लाईं। वे तट पर से समुद्र में कूद पडीं और चट्टान के रूप में बदल गईं जो वे आजतक हैं।

तब वीर पुरुषों ने लिलीबियम की आवनाय में आकर सिसली देखा जो त्रिकोण द्वीप है जिसके नीचे एनसीलेडस देव दिन रात विलाप करता हुआ पड़ा रहता है और जिस समय वह फिरता है तो पृथ्वी हिलने लगती है और उसकी श्वास घोर शब्द करती हुई ज्वालाओं में एटना के सब से ऊंची शिखर से भूरे वनों के ऊपर तडतड़ाती हुई आती है। वहां शेरिवडिस नदी ने उनको अपनी भयानक ऐंठती हुई लहरों से घेर लिया वह उनके चारों ओर मस्तूल वरावर ऊंची उठी और उनको चारों ओर से लपेट लिया वे न तो आगे और न पीछे जा सकते थे और भवर उनको नीचे ही के ओर खींचती थी।

जब वे इस प्रकार परिश्रम कर रहे थे तो उन्हों ने अपने पास उस आवनाय के दूसरी ओर एक चट्टान पानी में खडा हुआ देखा जिसकी शिखर बादलों में लिपटी हुई थी। वह ऐसा चट्टान था कि आदमी चाहे उसके बीस

हाथ और पैर हों उसके ऊपर नहीं चढ़ सकता था। कारण यह था कि उसका पत्थर ऐसा चिकना और फिसला देने वाला था मानो वह मनुष्य के हाथ से चिकना कर दिया गया है। आधे दूर और ऊपर कुहिरे से भरी हुई खोह पश्चिम की ओर खुली हुई दिखाई देती थी।

जब आर्फियस ने उसे देखा तो वह विलाप कर करके अपने हाथों को एक साथ पीटने लगा। उसने चिल्लाकर कहा "भंवर के मुंह से बच जाने से हमारा काम नहीं निकलेगा क्योंकि उस खोह में साइला जो समुद्र की एक चुडैल है रहती है और उसका बच्चा चिल्लाया करता है। जब हम हेलस से चले थे तो मेरी माता ने मुझको उसकी चितावनी दी थी। उसके छ शिर और छ लम्बी गर्दनें हैं और वह उस अंधेरी खोह में छिपी रहती है। अपनी खोह में से वह सब वस्तुओं को जो वहां से होकर निकलती हैं जैसे कि शार्क, सील (यह समुद्री जन्तु है) और डालफिन मच्छी और समुद्र के सब जन्तुओं को शिकार कर लेती है। किसी जहाज के मल्लाहों ने इस बात का अभिमान न किया कि वे उस चट्टान से बिना जोखिम के लौट आये क्योंकि वह अपनी लम्बी गर्दन को उनकी ओर झुका देती है और प्रत्येक मुंह एक आदमी को पकड लेता है। अब हमारी सहायता कौन करेगा। क्योंकि हीरा और ज़ियस हमसे घृणा करते हैं और हमारा जहाज़ पाप से दूषित है। अतएव हमको अब मरना पडेगा चाहें जो कुछ हम पर बीते"।

तब गहरे समुद्र में से थीटिस निकली जो पेलियस की स्त्री थी और जिसके पैर चांदी के समान श्वेत थे और जो अपने वीर पति और उनसब अप्सराओं के प्रेम के कारण निकली जो उसके चारों ओर थीं। ये श्वेत डालफ़िनों (मच्छी) के समान खेलने लगीं। वे लहरों में कभी तो जहाज़ के आगे कभी उसके पीछे और कभी इधर उधर गोता लगाती थीं ठीक उसी तरह से जैसे कि डालफिन मच्छियां खेलती हैं। उन्हों ने जहाज़ को पकड लिया उसको मार्ग बतलाया हाथों हाथ लिया और लहरों में उछाल दियाठीक वैसे ही जैसे कि लडकियां गेंद उछालती हैं। जब साइला जहाज को पकडने के लिये झुकी तो उन्हों ने उसके भयानक शिरों को पीटकर पीछे हटा दिया। तब निकृष्ट साइला पिल्ले की तरह शब्द करती हुई चली गई जिस

समय उन्हों ने अपने कोमल हाथों से उसको छू दिया । परन्तु वह भयभीत होकर अपनी खोह में चली गई कारण यह है कि सब बुरी वस्तुए अच्छी वस्तुओं से पीछे हटती हैं। आर्गो वेरोकटोक उसके पास से निकल गया और उसके पीछे अच्छी वायु चलने लगी। तब थीटिस और उसकी अप्सराएं समुद्र के नीचे अपने मूंगे की खोहों में उन हरी और बैंगनी वाटिकाओं में प्रवेश कर गईं जहां बराबर साल भर जीवित पुष्प फूला करते हैं। वीर पुरुष आनन्द करते हुये आगे बढे परन्तु उनको इसका भय था कि अब आगे क्या होता है।

इसके उपरांत वे दृढ़ संकल्प के साथ बहुत दिनों तक जहाज में चले और थकगये यहां तक कि उन्हों ने एक लम्बा ऊंचा टापू और उसके दूसरी ओर पहाडी देश देखा। ढूंडते २ उनको एक बन्दरगाह मिला उसमें वे अपने जहाज को वीरता से ले गये। परन्तु थोडे समय पीछे वे ठहर गये और आश्चर्य करने लगे क्योंकि तट पर एक बडा नगर था मंदिर दीवारें और वाटिकाएं और चट्टानों के ऊपर ऊंचे २ क़िले थे जो हवा से बातें कर रहे थे। हर तरफ उन्होंने एक बंदरगाह देखा जिसका तंग मुंह था परन्तु वह भीतर से चौडा था और असंख्य काले जहाज़ देखे जो बहुत ऊंचे २ और सूखे हुये थे।

तब एनसेयस जो बुद्धिमान पतवार चलाने वाला था बोला "यह कैसा नया अचम्भा है। मैं सब द्वीपों बन्दरगाहों और समुद्रों के फेरफारों को जानता हूं और इस को कारसिरा होना चाहिये जिसमें जंगली बकरियों के झुण्ड झुंड रहते हैं। परन्तु यह नये बन्दरगाह और चिकने पत्थरों के बड़े २ काम कहां से आये"।

परन्तु जेसन ने कहा "यह जंगली लोग तो हो नहीं सकते। हम जाकर देखेंगे कि क्या बात है"।

सो वे सहस्रों काले जहाज़ों के बीच में से होकर जिनमें से हरेक आर्गो से कहीं बडा था बन्दर गाह में एक चिकने पत्थर के घाट की ओर गये। जब उन्हों ने उस बड़े नगर को देखा जिसमें चमकते हुये पीतल की छतें थीं

लम्बी और ऊंची २ दीवारें सगमरमर की थीं और ऊपर पुष्ट मुर्चाबदी की हुई थी तो उन्हें वडा अचम्भा हुआ। घाट लोगों से, व्यापारियो, मल्लाहो गुलामों से भरे हुये थे जो व्यापार का सामान लेकर जहाजों के झुंड में होकर आ और जा रहे थे। वीर पुरुषो अपने मन में उदास हुये और वे एक दूसरे की ओर देखकर कहने लगे "जिस समय हम लोग इयलकस से समुद्र यात्रा को चले थे तो हमने अपने को बहादुर मल्लाह समझा था परन्तु हम इस नगर में कैसे छोटे-मधुमक्खियो के छत्ते के सामने जैसे कि मक्खी-दिखाई देतें हैं

तव मल्लाहों ने घाट पर से रुखाई के साथ कहा "तुम लोग कौन आदमी हो? हम यहा किसी अनजान आदमी या समुद्री डाकुओं को नहीं चाहते। हम अपना काम आप ही करते हैं"।

परंतु जेसन ने नम्रता पूर्वक और वहुत मधुर शब्दो में उत्तर दिया। उनके नगर उनके वन्दरगाह और उनके बहादुर जहाजों के वीडे की प्रशसा की। 'सचमुच तुम लोग पोसीडन की सतान और समुद्र के स्वामी हो। हम लोग तो केवल गरीव मल्लाह हैं जो इधर उधर मारे २ फिर रहे हैं और प्यास और परिश्रम से थकित हो गये हैं। हमें केवल भोजन और पानी दो और हम चुपचाप अपनी जल यात्रा करते चले जायगे'।

तव मल्लाह हसे और उन्हों ने उत्तर दिया "हे अनजान मनुष्य तुम मूर्ख नहींहै तुम ईमानदार आदमी की तरह वात करते हो और तुम हमको भी अवश्य ईमानदार पाओगे। हम पोसीडन की सन्तान और समुद्र के स्वामी हैं परन्तु तुम तट पर आओ और हमारे पास जो सव से अच्छी वस्तु होगी वह हम तुमको देंगे"।

सो वे लगडाते हुये तट पर गये क्योंकि वे जकड और थक गये थे। उनकी डाढ़िया ठीक तरह से नहीं वनी थीं, उनके कपोल काले पड़ गये थे, कपड़े फटे और मैले हो गये थे, उनके हथियारो पर समुद्र के पानी के कारण मोर्चा लग गया था और मल्लाह उनको देख २ कर हसते थे (क्योंकि उनकी रूखी वोली थी यद्यपि उनके मन में कोई कपट न था और उनमें दया था)। एक ने कहा "यहलोग कच्चे मल्लाह हैं ऐसा मालूम देता

है कि दिन भर से वे मादे हो रहे है"। दूसरे ने कहा "अधिक जहाज को चलाने से उनकी टागें टेढ़ी पड़ गई है जिसके कारण से वतखों की नाईं हिल २ कर चलते हैं"।

इस बात को सुनकर उतावले ईडास ने उनको मार दिया होता परन्तु जेसन ने उसको रोक दिया। तब एक व्यापारी राजा ने जो एक लम्बा और सुन्दर रूप वाला मनुष्य था उनसे कहा।

"हे अनजान मनुष्यो अप्रसन्न मत हो। यह मल्लाह लडके तो अवश्य ही ठट्ठा करेंगे। परन्तु हम तुम्हारे साथ न्याय और दया के साथ वर्ताव करेंगे क्योंकि अनजान और गरीब आदमी ईश्वर के यहा से आते हैं। और तुम लोग अपने वल ऊचाई और अर्ङ्गों से तो साधारण मल्लाह नहीं जान पड़ते हो। आओ मेरे साथ एलसिनस के महल को चलो जो एक धनवान राजा समुद्र पर व्यापार करने वाला है और हम तुमको भली भाति और हर्ष पूर्वक भोजन कराएगे। इसके पश्चात् तुम लोग अपने नाम हमें वतलाना"।

परन्तु मीडिया पीछे रह गई। वह कपकपाने लगी और उसने जेसन के कान में धीरे से यह कहा "हम धोका खा रहे हैं और अब हमारा नाश होने वाला है क्योंकि मैं अपने देश के आदमियों को इस झुड में देखती हूं अर्थात् काली आंख वाले कालशी के लोग को कवच पहिने देखती हूं ठीक जैसे कि वे मेरे पिता के देश में पहिनते हैं"।

जेसन ने कहा "अब लौटना ठीक नहीं है। और उसने व्यापारी राजा से कहा "श्रीमान् यह कौन सा देश है और यह कौनसा नया बना हुआ नगर है" ?

"यह देश फ्रीसियस का है जिसको सब देवता प्यार करते हैं। क्योंकि वे यहा आते हैं और मित्रों के समान हमारे साथ खाते हैं और हमारे साथ वड़े कमरे में वैठते हैं यहा हम साईक्लापूस की दुष्टता से बचने के लिये आये हैं क्योंकि उन्हों ने हम ऐसे निरपराध व्यापारियों के परिश्रम से कमाये हुये बरतनों और धन को लूट लिया। सो नासिथस जो पोसीडन का पुत्र है हमको यहा ले आया और शाति के साथ मर गया। अब उसका बेटा

अलसिनस और जो बहुत ही बुद्धिमान महारानी है हम पर राज्य करते हैं"।

सो वे चौकोनिया स्थान के ऊपर होकर गये और ज्योंही वे गये तो उनको आश्चर्य हुआ। क्योंकि घाटों पर नियम के अनुसार बड़े २ लम्बे पाल फैलानेकी डाढें और मन्तूल पुसीड्श मन्दिरके सामने जो समुद्रोंका नीले बाल वाला राजा है पड़े हुये थे। चौकोनियाके चारो ओर जहाज बनाने वाले काम कर रहे थे। उनकी सख्या चैंटियो के बराबर थी वे रस्सिया बट रहे थे लकडी काट रहे थे, डडो और डांडों को चिकना कर रहे थे। मिनुआई चुपचाप सगमरमर की श्वेत गलियो में चले जा रहे थे। वे एलसिनस के बड़े कमरे के पास आये और उनका आश्चर्य वहां और भी अधिक बढ़ गया। कारण यह था कि ऊचा महल धूप में पीतल से मढ़ी हुई दिवारों के कारण दरवाज़े से लेकर भीतर के कमरे तक चमक रहा था और उसके दरवाजे चादी और सोने के थे। दरवाजे के हरेक तरफ़ सोने के जीवित कुत्ते बैठे हुये थे जो न तो कभी बूढ़े होते और न मरते थे। हिफ़ेस्टस ने उनको अपने कारखाने में जो घुआदेने वाले लेमनस में था इतनी अच्छी तरह बनाया था और उन्हें एलसिनस को दे दिया था कि वे रात्रि में उसके फाटकों की चौकसी करें। भीतर चलकर दीवारों के बराबर दोनों ओर कमरे की सपूर्ण लम्बाई में सिंहासन रक्खे हुये थे और उनके ऊपर बहुमूल्य और कोमल शाल बिछे हुये थे। उनके ऊपर समुद्र पर घूमने वाले सचतुर फी के व्यापारी राजा बैठे हुये अभिमान के साथ खाते पीते और बराबर साल भर ज्यौनार किया करते थे। ढले हुये सोने के लडके चमकती हुई वेदी में खड़े हुये थे और अपने हाथों में मशालें लिये खड़े रहते थे कि मेहमानो को रात भर प्रकाशित करते रहें। घर के चारो ओर पचास दासियां बैठी रहती थीं। कोई तो चक्की में आटा पीसती थीं, कोई चर्खा काता करती थीं और कोई कलों पर काम किया करती थीं। उनके हाथ उस समय जब वे नाल को घुमाती थीं तो हिलती हुई एस्पन (वृक्ष) की पत्तियों के समान चमकते थे।

महल के सामने बाहर एक बड़ी वाटिका थी जिसके चारो ओर दिवार

थी। उसमें सुन्दर फलों के वृक्ष सफ़ेद ज़ैतून, मीठे अंजीर, अनार, शफ़्तालू और सेब के वृक्ष थे जो सालभर फल दिया करते थे। इसका कारण यह था कि उन वृक्षों पर दक्षिण पश्चिम की वायु चलती थी जिससे प्रत्येक शफ़्तालू प्रत्येक अंजीर प्रत्येक अंगूर जाड़े और बसन्तऋतु में पक जाता था और आगे चलकर सुन्दर फूलों की क्यारियां साल के प्रत्येक ऋतु में खिला करती थीं। दो कुंडों में से जल उठता और बहता था। एक का तो वाटिका की भूमि में होकर और दूसरे का महल के फाटक में होकर जाता था जिससे सारा नगर सिंचता था। ऐसे अच्छे २ पदार्थ बुद्धिमान एलसिनस को पर्मात्मा ने दिये थे।

सो वे भीतर गये और उन्हों ने पोसीडन के समान उसे सिंहासन के ऊपर बैठा हुआ देखा। उसके पास उसका सुनहला राज दण्ड रक्खा था और वह सुनहले कपड़े पहिने था उसके हाथमें एक प्याला था जिसमें नक्क़ाशी का काम किया हुआ था। उसने उस समय व्यापारी राजाओं के स्वास्थ के निमित्त मदिरा पान की। उसके निकट ही अरीट जो उसकी बुद्धिमान और प्यारी मलका थी खड़ी हुई थी। वह ; एक स्तंभ के सहारे उस समय झुकी हुई थी जब वह सुनहले डोरों को कात रही थी।

तब एलसिनस ने उठकर उनका स्वागत किया और उनको बैठने और भोजन करने की आज्ञा दी। नौकर उनके लिये मेज़ें रोटी मास और मदिरा ले आये"।

परन्तु मीडिया कांपती हुई सुन्दर मल्का इरीट की ओर गई। वह उसके घुटनों पर गिर पड़ी उनसे लपट गई और जिस समय वह अपने घुटनो पड़ी तो वह रोकर इस प्रकार विलाप करने लगी।

'हे सुन्दर रानी मैं तुम्हारी मेहमान हूं और मैं तुम से जीयस के नाम से विनती करती हू जिससे प्रार्थनाएं आती है। मुझको मेरे पिता के पास न भेजो नहीं तो मेरी मृत्यु बड़ी भयानक,होगी वरन् मुझे अपने स्वर्ग पर जाने दो और अपने पापो के बोझका सहन करने दो। क्या मुझको उचित दण्ड और लज्जा नहीं प्राप्त हुई है"?

"हे अनजान लडकी, तुम कौन हो और तुम्हारी प्रार्थनाका क्या आशय है" ?

मैं एटीज़ की लडकी मीडिया हूं और मैंने अपने देशके आदमियो को यहां पर आज देखा। मैं जानती हूं कि वह मेरी खोज के लिये और मुझे इस लिये घर लेजाने के लिये आये हैं कि वहां मेरी भयानक मृत्यु हो"।

तब अरीट ने खिसिया कर कहा "मेरी लडकियो इस लडकी को भीतर ले जाओ। राजा ही निर्णय करेंगे मैं नहीं"।

एलमियस अपने सिंहासन पर से कूद पडा और चिल्लाकर पूछने लगा "हे अनजान आदमियो, बतलाओ कि तुम कौन हो और यह लडकी कौन है"।

जेसन ने कहा "हम लोग मिनुआई के वीर पुरुष हैं और इस लडकी ने सत्यही कहा है। हमी लोग हैं जिन्हो ने सोने की ऊन प्राप्तकी, हमी हैं जिनकी कीर्ति एक तट से दूसरे तट तक फैल रही है। हम इस स्थान में उन दुःखों का सहन करके उतरे हैं जैसे मनुष्यने पहिले कभी न उठाये होंगे। हम संख्यामें बहुत थे जब हम बाहर निकले थे परन् अब लौटने के समय बहुत थोडे रह गये हैं क्योंकि हमारे बहुत से वीर साथी नष्ट होगये। इस लिये हम लोगों को अपने मेहमानों के समान चैनचान के साथ जाने दो जिससे कि संसार यह कहे "एलमिनियस न्यायी राजा है"।

परन्तु एलसिनस अप्रसन्न हुआ और विचार में लवलीन होगया अन्तमें वह यह बोला।

"यदि वह काम जो किया गया है न किया जाता तो आजके दिन मैं यह कहता 'एलसिनस और उसके पीछे उसकी सन्तान के लिये यह एक सम्मान की बात है कि प्रसिद्ध आर्गोनाट्स उसके मेहमान हैं'। परन्तु तुम्हारी तरह वे कालशी मेरे महमान हैं, वे बराबर इस महीने भरसे अपने जहाजोंको लिये हुये यहां ठहरे हैं क्योंकि उन्होंने हेलास के सब समुद्र छान डाले और वे तुमको न खोज सके और उन्होंने न तो आगे और न घर जानेका साहस किया"।

'उनको अपने साथी ढूढने दो और हम लोग एक २ आदमी सेयुद्ध करेंगे"।

"हमारे कोई मेहमान हमारे द्वीप में युद्ध नहीं करेंगे और यदि तुम बाहर चले जाओ तो वे तुमसे संख्या में बढ़जायगे । मैं तुम्हारे और उनके बीचमें न्याय करूंगा क्योंकि जो कुछ ठीक है मैं उसीको जानता हूं और उसीको करता हूं" ।

तब उसने अपने राजाओं की ओर देखकर यह कहा " इस बात को कल के लिये छोडदो । आज रात को तो हम अपने मेहमानों की ज्यौनार करेंगे । उनके यात्राओं की कहानी को और उनके इस स्थान में उतरने का वर्णन सुनेंगे" ।

अतएव एलसिनस ने अपने नौकरों को आज्ञा दी कि वह उन वीर पुरुषों को भीतर लेजाकर स्नान कराए और उन्हें कपड़े पहिनाए । वे लोग प्रसन्न हुये जब उन्होंने गरम पानी देखा क्योंकि वे बहुत दिनोंसे नहीं नहाये थे उन्हों ने समुद्र के खार को अपने अङ्गों में से धोडाला, अपने शरीर में तेल मला और अपने सुनहले बालों को कंघे से काढ़ा तब वे फिर बडे कमरे में लौटकर आये और व्यापारी राजा उनका आदर करने के लिये उठे । हरेक आदमी ने अपने पडोसी से कहा " कोई आश्चर्य नहीं है कि इन लोगों ने कीर्ति प्राप्त की । वे देवो या टाइटनों या उन देवताओं के समान खड़े हैं जो ओलिंपस से नीचे उतर आये हैं यद्यपि बहुत से शरद ऋतुओं और बहुतसे प्रचंड तूफानों का उन्होंने सहन किया है । वे कैसे सुंदर रहे होंगे जिस समय वे इयल्कस से बहुत समय पहिले अपनी तरुण अवस्था में चले थे" ।

तब वे बाहर बाटिका में गए और व्यापारी राजकुमारों ने कहा "हे वीर पुरुषो हम लोगों के साथ दौड दोड़ो । देखें किसके पैरों में सब से अधिक फुर्ती है" ।

"हम तुम्हारे साथ नहीं दौड सकते क्योंकि तुम्हारे हाथ पैर समुद्र यात्रा के कारण कडे होगये हैं । और हमारे दो तेज साथी अर्थात् उत्तरी वायु के पुत्र नष्ट होगये । परन्तु हमको कादर मत समझो यदि तुम हमारे बल की परीक्षा करना चाहते हो तो हम पृथ्वी के ऊपर चाहे किसी आदमी के साथ निशाना लगा सकते हैं अथवा घूंसों से और कुश्ती लड़ सकते हैं" ।

एलसिनस ने मुसकरा कर यह उत्तर दिया "हे वीर मेहमानो मैं तुम्हारी

बात का विश्वास करता हूं। तुम्हारे लंबे हाथ पैरों और चौड़े कंधों से हम यहा बराबरी कदापि नहीं कर सकते। क्योंकि यहा हम घूसों से लड़ने अथवा धनुष से निशाना चलानेकी पर्वाह नहीं करते वरन् हम लोग ज्योनारों, गीतों बीन बजाने, नाचने और दौड दौडने में ध्यान इस लिये देते हैं कि हम तटपर अपने हाथ पैरों को फैला सकें"

अतएव वे प्रसन्न चित्त व्यापारी राजा वहा पर नाचे और दौडे यहा तक कि रात होगई और सब लोग भीतर चले गए।

तब उन्हों ने खाया पिया और अपने थकित हृदयों को आराम दिया। तब एलसिनस ने किसी दूत को बुलवाया और उससे कहा कि जाकर बीन बजाने वाले को ले आओ।

दूत बाहर गया और बीन बजाने वाले को हाथ पकड़कर बुला लाया। एलसिनस ने भेडके मासका एक टुकडा कूल्हे के सबसे मोटे भाग में से काट-कर उसके पास भेजा और यह कहा "अच्छा बीन बजाने वाले जाकर वीर पुरुषों के हृदयों को प्रसन्न करो"।

सो बीन वाले ने बीन बजाई और गाया और नाचने वाले कई तरह से नाचे। इसके पश्चात् नटों ने अपने खेल दिखाये जिससे कि वीर पुरुष फिर हसे"।

तब एलसिनस ने पूछा "वीर पुरुषो तुमने बहुत समुद्र यात्रा की है और सब जातियो के ढग देखे हैं। क्या तुमने हमारे यहा के ऐसे नाचने वाले देखे हैं या ऐसा राग अथवा गाना सुना है? हम ससार भर में अपने गाने बजाने को अच्छा समझते हैं"।

P105 आर्फियस ने कहा "ऐसा नाच तो हमने कभी नहीं देखा है और तुम्हारा गाने वाला एक प्रसन्न चित्त मनुष्य है क्योंकि स्वय फ़ीबस ने उसको सिखाया होगा नहीं तो वह किसी देवी का लड़का है जैसा कि मैं हूं और मैंने एक या दो बेर गाया है यद्यपि इतना अच्छा नहीं जितना उसने"।

एलसिनस ने कहा "तो हे सभ्य प्रदेशी हमको गाना सुनाओ और हम तुमको बहुमूल्य भेंटें देंगे"।

सो आर्फियस ने अपना आश्चर्यजनक वीन लेकर एक उत्तेजित करनेवाला गीत इयल्कस से अपनी समुद्र यात्रा, अपने जोखिमों, किस प्रकार उनको सोने की ऊन मिली, मीडिया का प्रेम, किस प्रकार उसने लोगो की सहायता की और इसके विषय में गाया कि वह उनके साथ भूमि और समुद्र पर से गई। उसने अपने उन भयानक जोखिमों का गीत गाया जो उनको देवो चट्टानों और तूफ़ानों से हुएथे यहा तक कि अरीट का हृदय पिघल गया और सब स्त्रियां रोने लगीं। प्रत्येक व्यापारी राजा अपने सुनहले सिंहासन से उठा, अपने हाथों से ताली बजाई और इस तरह चिल्ला उठा "इन सभ्य आर्गोनाट्स को नमस्कार है जो इस अनजान समुद्र में आये हैं"।

तब वह आगे बढा और मद उत्तरी समुद्रकी यात्रा और बिना तट वाले बाहरी समुद्र में होकर पश्चिम के सुन्दर द्वीप में आने का गीत गाया। उसने सिरस, साईला, शारिब्डिस और सब अद्भुत वस्तुओं का गीत गाया जो उन्होंने देखी थीं यहां तक कि आधी रात निकल गई और दिन निकल आया परन्तु उन राजाओं ने सोने का तनिक भी विचार न किया। प्रत्येक आदमी चुपचाप बैठकर अपने हाथको अपनी ठोडी पर रखकर सुन रहा था।

अन्त में जब आर्फियस समाप्त कर चुका वे सब विचार से परिपूर्ण बाहर गये और वीर पुरुष गूंजती हुई देहलीज के नीचे बाहर जहा एरीट ने कबल और गलीचे उनके लिये बिछा दिये थे ग्रीष्म ऋतु की सुहावनी और सूनसान रात्रि में सो गये।

परन्तु एरीट ने अपने पति से मीडिया के लिये बहुत वादाविवाद किया क्योंकि उसके हृदय में दया आगई थी। उसने कहा "देवता उसको, हमे नहीं, दण्ड देंगे। यद्यपि वह अपराधी हो वह हमारी मेहमान है और मुझसे प्राणदान मांगती है और प्रार्थनाएं जियस की पुत्रिया हैं। फिर कौन ऐसा है जो आदमी और स्त्रीको उससमय जबउन्होंने इतना कष्ट सहन किया है अलग कर सकता है"।

एलसिनस ने मुसकुराकर कहा 'इस गवइये के गीत ने तुमको मोहित करलिया है परन्तु जो कुछ ठीक है मुझको उसे याद रखना चाहिये क्योंकि गीतों से न्याय नहीं बदला जा सकता है और मुझे अपने नामका सच्चा

होना चाहिये। मेरा नाम अलसिनस है अर्थात् वह आदमी जो दृढ़ स कल्प हो और मैं अवश्य अलसिनस होऊ गा"। परन्तु इन सब बातों के होते हुये भी अरीट ने उससे प्रार्थना की यहा तक कि उसने उसको अपने बश में कर लिया।

सो दूसरे दिन प्रात.काल में उसने एक दूत भेजकर राजाओं को चौकोण स्थान में बुलवाकर कहा "यह एक कठिन विषय है। केवल एक बात स्मरण रहनी चाहिये। यह मिनुआई हमारे पास ही रहते हैं और हम उन से समुदपर बहुधा मिलेंगे परन्तु एटीज बहुत दूर रहता है और हमने केवल उसका नाम ही सुना है। सो इन दोनो में से किसको अप्रसन्न करैं—हमारे पास जो आदमी हैं उनको या उन आदमियो को जो दूर हैं"।

राजकुमार हंसे और उसकी बुद्धिमानी की प्रश सा की। एलसिनस ने वीर पुरुषो और कालशी को चौकोण में बुलवाया। वे आये और एक दूसरेके सामने आकर खडे होगये परन्तु मीडिया महल ही में रह गई। एलसिनसने कहा "कालशी के वीर लोगो इस स्त्री के विषय में तुम्हारा क्या स देशा है?

'यह है कि हम उसे अपने साथ घर ले जाय जिससे कि वह लज्जा के साथ मारी जाय परतु यदि हम बिना उसके लौटेंगे तो हम उस तरह मारे जायगे जिसतरह कि वह मारी जाती"।

मिनुआई की ओर देखकर एलसिनस ने पूछा "जेसन इयोखिड तुम इस विषय में क्या कहते हो?"।

चालाक जेसन ने कहा "ये लोग यहां एक निष्फल सदेशा लेकर आये हैं। कालशी के वीर पुरुष क्या तुम विचार करते हो कि तुम उसको अपने साथ ले जा सकते हो। हे कालशी के वीर पुरुष क्या तुम यह समझते हो कि मीडिया जो सब तरह के जादू जानती है तुम्हारे पीछे २ चली आवेगी। वह तुम्हारे जहाजों को रेत पर फेंकदेगी अथवा तुम्हारे ऊपर ब्राइमो को बुला लेगी जो जगली शिकारी स्त्री है या ऐसा होगा कि उसकी कलाइयो में से ज जीरें गिर जायगी और वह अपनी अजदहा गाडी में भाग जायगी या अगर ऐसा नहीं तो किसी दूसरी युक्ति से, क्योंकि उसके पास सहस्त्रों युक्तियो और चालें हैं। हे वीर पुरुषो तुम घर को क्यों लौटते हो और लम्बे समुद्रों

बासफरस और तूफानी युक्साईन का सामना क्यों करते हो और अपने परिश्रम को दुगना क्यों करते हो। इन तटो के चारों ओर बहुतसी सुंदर भूमि है जो तुहमरे ऐसे वीर आदमियो को परख रही हैं। वहीं ठहरना, एक नगर बनाना और एटीज और कालशीस को अपना काम अपने आप सभालने के लिये छोड़ देना अच्छा होगा।

तब कालशियो में भुनभुनाहट का शब्द हुआ और कुछ लोगों ने यह कहा "उसने ठीक कहा है" कुछ लोगों ने यह कहा "हमने बहुत समुद्र की यात्राकी है अब अधिक समुद्र यात्रा नहीं करेंगे"। अन्त में उनके सर्दार ने कहा "अच्छा ऐसा ही किया जाय। यह हमारे लिये एक आपत्ति का कारण हुई है वह अपने पिता के घराने के लिये भी आपत्ति का कारण हुई है और वह तुम्हारे लिये भी एक आपत्ति होगी। उसको पकड लो क्योंकि तुम इससे अधिक बुद्धिमानी के साथ काम नहीं कर सकते और हम उत्तर की ओर जहाज में चलें।

तब एलसिनस ने उनको भोजन, पानी, वस्त्र और सब तरह के बहुमूल्य भेंट दिये। यही पदार्थ उसने मिनुआई लोगों को दिये और उनको शांति के साथ विदा किया।

अतएव जेसन ने काली जादूगर्नी को रखलिया कि वह आपत्ति और लज्जा उपस्थित करे। कालशी लोग उत्तर दिशा को अड्रियेटिक में गये वे वह बस गये और उन्होंने किनारे पर नगर बनवा लिये।

तब वीरलोग पूर्व दिशा में जाहाज़ में गये जिससे कि वह अपनी प्यारी भूमि हेलसमें पहुंच जाय। परन्तु एक तूफान उनपर आगया जो उनको बहुत दूर दक्षिण में उडा लेगया। वे जहाज को चलाते गये यहा तक कि वे अंधेरो और अधा करदेने वाले मेह में परिश्रम करने से थकित होगये। परन्तु वे यह नहीं बतला सकते थे कि वे कहा हैं और उन्होंने जीवन की सारी आशा को तज दिया। अत में उनका जहाज भूमिसे लग गया और जब दिन होगया तो वे पानी में होकर तट पर चले गये। उन्होने अपने चारों ओर सिवाय रेत और सूनसान नमक के कुंडों के और कुछ न देखा क्योंकि वे सिर्टिस के रेतीले स्थान और सूनसान बिना वृक्ष के उन मैदानों में आगये थे जो नुमीडिया और सिरीन के मध्य में अफ्रीका के जलते हुये तट पर हैं। यहा वे बहुत

दिनों तक थके हुये और भूखे प्यासे फिरे यहां तक कि उन्होंने अपने जहाज़ को फिर पानी में छोड़ा और खुले हुये समुद्र में आगये। वहा केनथस उस समय जब वह भेडो के हकाने का यत्न कर रहा था एक पत्थर से मर गया जो किसी गडरिये ने फेका था।

वहा माप्सस भी अर्थात् वह भविष्यवक्ता मरगया जो सब पक्षियोकी बोली जानता था। परन्तु वह अपने अत को स्वय न बतला सका क्योंकि उसके पैरमें उन सांपो में से एक ने काट लिया था जो गार्गन के शिर में से उस समय निकले थे जब पर्सियस उसको रेतके ऊपर से लिये जा रहा था।

अन्त में उन लोगों ने उत्तर की ओर बहुत दिनों तक समुद्र यात्रा की और थकित होगये। उनका खाना और पीना सब समाप्त होगया। वे भूख और प्यास से बहुत पीडित होगये। परन्तु अन्त में उन्होंने एक लम्बा टापू द्वीप और एक नीली शिखर बहुत ऊ ची बादलों के मध्य में देखी। उन्होंने जाना कि वह आइडा की शिखर और क्रीटकी विख्यात भूमि है। उन्होंने कहा "हम क्रीट देश में उतर कर न्यायी राजा, माईनस और उसको कीर्ति और उसके धनको देखेंगे कमसे कम वह हमारे साथ मेहमानी का बर्ताव करेगा और हमें तटपर अपने पानी के पीपे भर लेने देगा।

परन्तु जब वे उस द्वीप के और निकट आए तो उन्होंने टीलों के ऊपर एक आश्चर्य जनक दृश्य देखा। एक अन्तरीप पर जो पश्चिम की ओर थी एक देव खड़ा था जो पर्वत के पाईन (वृक्ष) से भी बहुत लम्बा था। वह आकाश में दीप्तमान पीतल के मीनार के समान ऊंचा चमक रहा था। उसने फिर कर अपने चारों ओर देखा यहा तक कि उसने आर्गो और उसके मल्लाहों को देख लिया। जब उसने उनको देखा तो वह उनकी ओर फुर्तीले घोड़े से भी अधिक फुर्ती के साथ घाटियों को एक ही छलांग में पार करता हुआ और एक ही फलांग में एक मैदान से दूसरे को हांकता हुआ आ पहुंचा। जब वह उनके बराबर आ पहु चा तो वह अपने हथियारों को ऊपर और नीचे उस तरह फिराने लगा जिस तरह जहाज के पाल के ऊपर और नीचे उठाए जाते हैं और अपनी पीतल के कंठ से तुरही के समान बहुत दूर पहा-ड़ियों पर से वज्रशब्दके साथ चिल्लाया 'तुम समुद्री डाकू हो, तुम लुटेरे हो!

यदि तुम यहां उतरने का साहस करोगे तो तुम मरोगे।"

तब वीर पुरुषों ने चिल्ला कर उत्तर दिया " हम समुद्री डाकू नहीं हैं। हम सब सीधे और सच्चे आदमी हैं, और जो कुछ कि हम मागते हैं, वह केवल भोजन और पानी ही है परन्तु वह देव और भी अधिक चिल्लाया।

"तुम लुटेरे हो! तुम सब समुद्री डाकू हो! मैं तुमको जानता हूं और यदि तुम यहा उतरेगे तो तुम अवश्य मरोगे"।

" तब उसने अपने हाथों को फिर चितावनी देकर हिलाया। उन्हों ने लोगों को भूमि के ऊपर उड़ते हुए, और अपने आगे अपनी (भेड़ों) के समूह को हंकाते हुये देखा उसी समय पहाड़ियों में बड़ी ज्वाला उठ रही थी। तब वह देव एक घाटी के ऊपर दौड़ा और लोप होगया। वीर पुरुष भयभीत होकर अपने डाड़ों के ही पास रहे।

परन्तु मीडिया यह सब बातें अपनी काली तिर्छी भौंओं से खड़ी हुई देख रही थी। उसके होठों पर चालाकी की मुसकुराहट थी और उसके हृदय में कपट प्रबन्ध था। अन्त में वह बोल उठी " मैं इस देव को जानती हूं। पूर्व के देश में मैंने उसका हाल सुना था। अग्नि देवता हिफ्रेस्टस ने उसे अपनी रटना की भट्टी में भूमि के नीचे बनाया उसका नाम टेलस रक्खा, और उसे माईनस को इस लिये देदिया कि क्रीट के तट की चौकसी नौकर की तरह करे वह इस द्वीप के चारों ओर घूमने के लिये दिन में तीन वेर निकलता है और शयन करनेके लिये भी नहीं ठहरता है। यदि अनजान आदमी उस भूमि पर चले आवें तो वह अपनी भट्टी में कूद पड़ता है जिसमें से पहाड़ियों के मध्य में ज्वालाएं निकला करती हैं और जिस समय वह गरम लाल हो जाता है तो वह उनके ऊपर झपटता है और उन्हें अपने पीतल के हाथों से पकड़ कर भस्म कर देता है"।

तब सब वीर पुरुष चिल्ला उठे " हे बुद्धिमान मीडिया हम क्या करें? हमको पानी मिलना चाहिये नहीं तो हम प्यासे मर जायगे। जीवित मनुष्य का तो हम सामना कर सकते हैं परन्तु इस लाल गरम पीतल का कौन सामना कर सकता है"?

"मैं इस लाल गरम लोहे का सामना कर सकती हूं यदि वह कथा जो

के किनारे के पास से होते हुये गये; सुनियम के पास बिलकुल थकित होकर और इयूविया की आवनाय के ऊपर आ पहुंचे। तब उनको पेलियन, एफ्रोटाए और समुद्र के तट पर इयल्कस फिर एक वेर दिखाई दिया।

वे जहाज़ को तट पर लेगये परन्तु उनमें इतना बल न रहा था कि वह उसे खींच कर किनारे ले जांय। वे बटियों पर धीरे २ गए और बैठ कर बहुत रोये। कारण यह था कि घर और वृक्ष सब बदल गए थे। जितने आदमी उन्होंने देखे वे सब अनजान थे। और हर्ष के बदले उनको शोक हुआ जिस समय उन्हों ने अपनी युवावस्था, अपनी सारे परिश्रम और उन वीर साथियों का विचार किया जो नष्ट हो गये थे।

लोग चारों ओर से एकत्रित हो गये और उनसे पूछने लगे "तुम लोग कौन हो कि यहा बैठे रोते हो"?

"हम लोग तुम्हारे राजकुमारों के पुत्र हैं जो बहुत वर्ष हुये कि समुद्र यात्रा करने वा बाहर गये थे। हम सोने की ऊन लेने गए थे। हम उसे ले आये हैं। और उसके साथ शोक लाये हैं। हमको हमारे पिता और माता का समाचार दो यदि उनमें से इस पृथ्वी के ऊपर कोई जीवित हों"।

तब वहा पर चिल्लाना, हसना और रोना आरम्भ हो गया। सब राजा तट पर आगये और वीरों को अपने घर ले गये और मरे हुये वीर पुरुषों का शोक करने लगे।

तब जेसन मीडिया के साथ अपने चचा पेलियस के महल में गया। जब वह भीतर गया तो पेलियस अगीठी के पास अवस्था के कारण लगडा और अधा होकर बैठा हुआ था। उसके सामने, ईशन जेसन का पिता लंगडा और अन्धा उसी तरह बैठा था। दोनों बूढ़ों के शिर एक साथ उस समय हिलते थे जिस समय वे आग के सामने अपने को गरम करने का यत्न करते थे।

जेसन अपने बाप के घुटनों पर गिरा और रोकर उसका नाम लेकर पुकारने लगा। बूढ़े आदमी ने अपने हाथ फैलाकर उसे टटोला और यह कहा "हे युवा वीर मुझको मत चिढ़ा मेरा लड़का जेसन तो बहुत समय हुआ समुद्र में मर गया"।

"मैं स्वयं तुम्हारा बेटा जेसन हूं जिसको तुमने पेलियन के ऊपर नरघुड़ के

पास छोड दिया था। मैं सोने की ऊन और सूर्य वंश की एक राज कुमारी को अपनी दुलहिन बनाकर लाया हूं। इस लिये अब मेरे चचा पेलियस, मुझ को राज दो और अपनी प्रतिज्ञा को उसी तरह पूरी करो जैसे मैंने अपनी प्रतिज्ञा को पूरा किया है"।

तब उसका पिता बच्चे के समान उससे लिपट कर रोने लगा और उसे जाने नहीं देता था और चिल्ला कर यह कहने लगा "अब मैं अकेला कबर में न जाऊगा। इस बात की प्रतिज्ञा कर कि तू मुझको मेरे मरने तक न छोडेगा"।

छठवां भाग।

वीर पुरुषों का अंत कैसा हुआ।

अब मैं चाहता हूं कि मैं अपनी कथा को आनन्द के साथ समाप्त करूं इसमें मेरा कोई अपराध नहीं है कि मैं ऐसा नहीं कर सकता। पुराने गीतोंके अनुसार तो उनका शोक जनक अन्त होता है और मैं विश्वास करता हू कि यही ठीक है और बुद्धि के अनुसार है। इसका कारण यह है कि यद्यपि वीर पुरुषों का प्रायश्चित मीलिया में हो गया तथापि भेटों के द्वारा बुरे हृदय अच्छे नहीं हो सकते। जेसन मीडिया को अपनी स्त्री बना लाया था और उस को अपना बोझ अंत तक सहन करना पडा।

पहिले तो उस स्त्री ने उस बिचारे बूढ़े को इसकी अपेक्षा कि उसे चैन शान के साथ मरने दे दंड देने के लिये कपट प्रबंध किया।

उसने उसकी लडकियों से कहा "मैं पुरानी वस्तुओं को फिर नया कर सकती हूं। मैं तुम को दिखाऊंगी कि ऐसा करना कितना सुगम है"। सो उसने बुड्ढे भेडे को लेकर वध कर डाला और आश्चर्य जनक बूटियों के साथ उसको देग में रक्खा। तदुपरांत उसने उसपर अपने मन्त्र पढे तो वह फिर एक छोटा मेमना बनकर बाहर कूद आया। अतएव "मीडिया का देग" अब तक कहावत चला आता है जिससे युद्ध और परिवर्तन का आशय है अर्थात् वह समय जब कि सृष्टि, पुरानी और क्षीण हो जाती है और घोर कष्टों के द्वारा फिर नवीन हो जाती है।

जोखिम के प्रिय द्वीप इथाका में उसकी भक्तिमान स्त्री पेनीलोप उसके पुत्र टिलीमेकस और इयूमायस के पास जो सज्जन धानुक था और उन वृद्ध कुत्ते के निकट भेजा जिसने उसके हाथ को चाटा और मर गया। बालको! हम उस अच्छी कहानी को अग्नि के पास बैठकर किसी शरद ऋतु की रात्रि में पढ़ेंगे। अब मैं अपनी कहानी को समाप्त करके दूसरी आरम्भ करता हूं, जो और भी अधिक हर्ष दायक है और जो ऐसे वीर पुरुष के विषय में है जो एक योग्य राजा होगया और जिसकी प्रजा उससे प्रीति रखती थी॥

तीसरी कहानी थीसियस।

पहिला भाग।

थीसियस ने पत्थर कैसे उठाया।

एक समय ट्रीज़िनी में एक राजकुमारी ऐथरा थी जो राजा पिथियस की लडकी थी। उसके एक सुन्दर पुत्र था जिसका नाम थीसियस था और जो देशभर में सबसे अधिक बलवान था। ऐथरा कभी न मुसकराती सिवा य उस समय के जब वह उसकी ओर देखती। इसका कारण यह था कि उसका पति उसको भूल गया था और बहुत दूर रहता था। वह पर्वत के ऊपर ट्रीजि नी के ऊपर पुसीडन के मंदिर में जाया करती और वहां बैठकर दिनभर खाड़ी के उस पार मिथाना के ऊपर इजीना की बैंजनी शिखरों और एटिकक तट को देखा करती थी जो बहुत दूर था। जब थीसियस पूरा पन्द्रह वर्ष का होगया तो वह उसे अपने साथ मंदिर में और उस कुंजकी झाड़ियों में ले गई जो मंदिर के हाते में लगी थीं। वह उसे एक लम्बे साल के वृक्ष के पास लेगई जिसकी छाया के नीचे अर्ब्यूटस, लेंटिस्क और बैंजनी हीदरकी झाडिया लगी थीं। वहा उसने आह भरकर यह कहा "मेरे बेटे थीसियस उस झाडी में जा और तुमको उस साल के वृक्ष की जड़के पास एक बड़ा चपटा पत्थर मिलेगा। उसको उठा और जो कुछ उसके नीचे है उसे मेरे पास ले आ"।

तब थीसियस घनी झाड़ियों में होकर गया और उसको यह मालूम हुआ कि बहुत वर्षों से वे हटाई नहीं गई थीं। जब उसने उनको झाड़ियों में खोजा

द्वार दक्षिण दिशा की ओर है जो ऐसा देश है जहां ज़ैतूनका तेल और मधु होता है जो देवताओं और मनुष्यों के लिये हर्षदायक है। इसका कारण यह है कि देवताओं ने उसको पर्वतों से घेर दिया है जिनकी नसें शुद्ध चांदी की और हड्डियां संगमरमर की हिम के समान श्वेत हैं। वहा पहाडियां मसालों और काली तुलसी के पेडों से और हरे मैदान वनफशा और अस्फ़ोडल दृक्षों से सुगंधित है। बुलबुलें दिन भर झाडियों में बहते हुये सोतों के पास गाया करती हैं। वहा बारह नगर ऐसे हैं जो घने बसे हुये हैं। वह एक प्राचीन वंश के लोगों के घर हैं जो सर्पों के राजा के क्रप्स की सन्तान हैं जो पृथ्वी माता का पुत्र है। वे अपने सुनहले बालों के लटों में सोने के आभूषण पहिनते हैं जो साईकेलस (एक जन्तु) के समान होते हैं कारण यह है कि साईकेलस के समान ही वे पृथ्वी से उत्पन्न हुये और साईकेलस के समान ही वे दिन भर गरम धूप में आनन्द के साथ गाया करते हैं। मेरे पुत्र थीसियस यदि तुम ऐसे देश के राजा हो जाओ तो तुम क्या करोगे" ?

तब थीसियस अचिंभित होकर उस समय खडा होगया जब वह चौड़े चमकते हुए समुद्र को एक सिरे से दूसरे सिरे तक और सुन्दर एटिक के तट को सुनियम से हिमीटस और पेनटिलीकस तक और उन सब पर्वतों को देख रहा था जो जो एथेन्स को चारों ओर से घेरे हुये है। परन्तु वह ऐथेन्स को नहीं देख सकता था क्योंकि बैंजनी इजीना उसके सामने समुद्र के मध्य में था।

तब उसका हृदय भीतर ही भीतर विकसित हुआ और उसने कहा "यदि मैं ऐसे देशका राजा होजाऊं, तो मैं बुद्धिमानी और बल के साथ भली भाति इस तरह राज्य शासन करूं कि जब मैं मर जाऊं तो सब लोग मेरी समाधि के ऊपर रोवें और चिल्लाकर यह कहें "शोक है लोगों के रक्षक के लिये"।

ऐथरा ने मुसकुराकर कहा "तो तलवार और खडाऊं को लेकर एथेन्स के राजा ईजियस के पास जाओ जो पेलस की पहाड़ी पर रहता है और उससे कहो "पत्थर उठ गया परन्तु उसके नीचे किसकी धरोहर रक्खी है? तब

जब उसका अठारहवा वर्ष व्यतीत होगया तो ऐथरा उसको फिर मंदिरमें ले गई और यह कहा "थीसियस आज इस पत्थर को उठा नही तो तुमको यह कदापि न मालूम होगा कि तू कौन है" थीसियस झाडी में गया पत्थर के ऊपर खडा होगया और जब उसने उसको खींचा तो वह हिला। तब उसका हृदय उत्तेजित हुआ और उसने कहा "यदि मैं अपने हृदय को अपने शरीर के भीतर तोडडालू तो वह उठ जायगा"। तब उसने एक वेर और उसे खींचा उसे उठा लिया और चिल्लाकर उसे अलग हटा दिया।

जब उसने उसके नीचे देखा तो उसको पृथ्वी के ऊपर कांसे की एक तलवार मिली जिसमें चमकते हुये सोने का दस्ता लगा हुआ था और उसके पास ही एक जोडा सोने की खड़ाऊं थी। उसने उनको ले लिया और झाड़ियों में होकर जगली भालू के समान झपटा हुआ गया और उन दोनों को अपने शिर के ऊपर उठाये हुए वह कूदकर अपनी माता के पास जा पहुचा।

परन्तु जब उसने उन्हें देखा तो वह चुपचाप वहुत देर तक शाल से अपने चेहरे को छिपाये हुये रोई। थीसियस भी उसके पास आश्चर्य में खडा था। वह भी रोया परन्तु वह यह नहीं जानता था कि क्यों। जब वह रोते २ थक गई तो उसने अपना शिर उठाया और अपनी अगुली को अपने होंटों पर रखकर वोली "मेरे पुत्र थीसियम उनको तू अपने वक्ष स्थल में छिपाले और मेरे साथ ऐसे स्थान को चल जहा से हम समुद्र को देख सकें"।

तव वे पवित्र दीवार के वाहर गये और चमकते हुए नीले समुद्र के ऊपर देखने लगे। ऐथरा ने कहा।

"क्या तुम इस देश को अपने पैरों के नीचे देखते हो ?

उसने उत्तर दिया "हां यह ट्रीज़िनी है जहा मेरा जन्म हुआ और जहा मैंने शिक्षा प्राप्त की"।

उसने कहा "वह केवल एक छोटासा ऊसर और चट्टानी देश है और उसका सामना शीतल उत्तर पूर्व दिशा की ओर है। क्या तुम उस देश को बहुत आगे देखते हो" ?

"हां वह एटीका है जहा अथेन्स के लोग रहते हैं"।

"थीसियस मेरे पुत्र, वह सुन्दर और वड़ा देश है। उसका सामना धूप-

दाग दक्षिण दिशा की ओर है जो ऐसा देश है जहां जैतूनका तैल और मधु होता है जो देवताओं और मनुष्यों के लिये हर्षदायक है। इसका कारण यह है कि देवताओं ने उसको पर्वतों से घेर दिया है जिनकी नसें शुद्ध चांदी की और हड्डियां संगमरमर की हिम के समान श्वेत हैं। वहां पहाड़ियां मसालों और काली तुलसी के पेड़ों से और हरे मैदान बनफशा और अस्फ़ाडल दृक्षों से सुगंधित है। बुलबुलें दिन भर झाड़ियों में बहते हुये सोतों के पास गाया करती हैं। वहां बारह नगर ऐसे हैं जो घने बसे हुये हैं। वह एक प्राचीन वंश के लोगों के घर हैं जो सर्पों के राजा के क्रप्स की सन्तान हैं जो पृथ्वी माता का पुत्र है। वे अपने सुनहले बालों के लटों में सोने के आभूषण पहिनते हैं जो साईकेलस (एक जन्तु) के समान होते हैं कारण यह है कि साईकेलस के समान ही वे पृथ्वी से उत्पन्न हुये और साईकेलस के समान ही वे दिन भर गरम धूप में आनन्द के साथ गाया करते हैं। मेरे पुत्र थीसियस यदि तुम ऐसे देश के राजा हो जाओ तो तुम क्या करोगे" ?

तब थीसियस अचिंभित होकर उस समय खड़ा होगया जब वह चौड़े चमकते हुए समुद्र को एक सिरे से दूसरे सिरे तक और सुन्दर एटिक के तट को सुनियम से हिमीटस और पेनटिलीकस तक और उन सब पर्वतों को देख रहा था जो जो एथेन्स को चारों ओर से घेरे हुये हैं। परन्तु वह ऐथेन्स को नहीं देख सकता था क्योंकि बैंजनी इजीना उसके सामने समुद्र के मध्य में था।

तब उसका हृदय भीतर ही भीतर विकसित हुआ और उसने कहा "यदि मैं ऐसे देशका राजा होजाऊं, तो मैं बुद्धिमानी और बल के साथ भली भांति इस तरह राज्य शासन करूं कि जब मैं मर जाऊं तो सब लोग मेरी समाधि के ऊपर रोवें और चिल्लाकर यह कहें "शोक है लोगों के रक्षक के लिये"।

ऐथरा ने मुसकुराकर कहा "तो तलवार और खड़ाऊं को लेकर एथेन्स के राजा ईजियस के पास जाओ जो पेलस की पहाड़ी पर रहता है और उससे कहो "पत्थर उठ गया परन्तु उसके नीचे किसकी धरोहर रक्खी है? तब

उसको तलवार और खड़ाऊ दिखा देना और जो कुछ तुम पर बीतें उसका सहन करना'।

परन्तु थीसियस रोकर यह कहने लगा "हे मेरी माक्यात मैं तुमको छोड़ जाऊ"।

उसने उत्तर दिया "मेरे लिये मत रोओ। जो कुछ भाग्य में लिखा है अवश्य होगा और शोक उन लोगों के लिये सुगम है जो शोक करने के सिवा और कुछ नहीं करते। मेरी युवावस्था और मेरा जीवन शोक से परिपूर्ण था मेरी युवावस्था वेलीरोफन के कारण शोकमय थी जिसने कि मीरा को जिस को मेर पिता ने धोका देकर हंकादिया था वध किया। मेरा जीवन तेरे कपटी पिता और तेरे कारण शोकमय था। मेरी वृद्धावस्था भी शोकमय होगी (क्योंकि मैं अपने भाग्य को स्वप्नों में देखा करती हूं) उस समय जब स्वान के पुत्र मुझको पकड़कर ट्येरोटस की शून्य घाटी में ले जायगे यहां तक कि मुझे ग्रीस के आपत्ति देने वाले (हेलन) की दासी बनकर समुद्र पार करके जाना होगा। तो भी मेरा बदला पूरा होजायगा जब सुनहले बाल वाले वीर पुरुषट्राय पर चढ़कर आयेंगे और इलियम के महलों को नाश करेंगे। तब तेरा बेटा मुझ को दासत्त्व से छुटकारा देगा और मैं थीसियस की कीर्ति की कथा को सुनूंगी। परन्तु उसके पश्चात् भी मुझको नए शोक देखने पड़ेंगे किन्तु मैं उनको उसी तरह सह सकती हूं जैसे मैं ने भूत काल में सहन किया है"।

तब उसने थीसियस का चुम्बन किया और उसके ऊपर रोई। तब वह मंदिर में गई और फिर थीसियस ने उसको न देखा।

दूसरा भाग।

थीसियस ने मनुष्य भक्षकों को कैसे बध किया।

सो थीसियस वहा पर खड़ा हुआ था और उसका मन बहुत सी आशाओंसे परिपूर्ण था। पहिले तो उसने बंदरगाह जाने और एक वेग चलने वाला जहाज किराये पर लेने और खाडी को पार करके एथेन्स जानेका विचार किया परन्तु उसको ऐसा मालूम हुआ कि इस युक्तिसे भी विलंब होगा और उसके मनमें यह इच्छा उत्पन्न हुई कि उसके पर होते तो वह समुद्र पर उड़

कर अपने पिता को खोजता। परन्तु कुछ समय पीछे वह हिम्मत हारगया और उसने आह भरकर अपने मनमें कहा।

"क्या यदि मेरे पिता के दूसरे पुत्र हो इधर उधर हों जिनको वह प्यार करता हो! क्या यदि वह मुझे स्वीकार न करे! और मैंने क्या किया है कि वह मुझे स्वीकार करे। वह मुझको उस समय से भूलगया है जब मैंने जन्म पाया था। तो अब वह मेरा क्यों स्वागत करे" ?

तब उसने बहुत देर तक शोक के साथ विचार किया और अन्त में उसने चिल्लाकर कहा "हा मैं अपने को उससे इस तरह प्यार कराऊंगा कि मैं अपने को उसके प्यार के योग्य सिद्ध करूंगा। मैं सम्मान और कीर्ति प्राप्त करूंगा और ऐसे काम करूंगा कि इंजियस मेरे ऊपर अभिमान करने लगेगा यद्यपि उसके पचास और लड़के हों। क्या हिरेकूलीजने अपने लिये सम्मान नहीं प्राप्त किया यद्यपि उसके ऊपर अत्याचार हुआ था इयूरिसथियस के दास ने क्या सब लुटेरों और दुष्ट पशुओं को न मारा, बड़ी २ झीलों और दलदलदार स्थानोंको नहीं सुखाया और पहाड़ियोंको अपने डंडे से तोड नहीं डाला। यही कारण था कि सब लोगोंने उसका सम्मान किया क्योंकि उसने उनको आपत्तियों से छुटकारा दिया और उनके जीवन और उनके पश्चात उन के बच्चों के जीवन को आनंद मय कर दिया। मैं कहा जाऊं कि मैं वह काम करने पाऊं जो हिरेकूलीज ने किये हैं? कहा मुझको अद्भुत काम, लुटेरे, देव, नरक के बच्चे और मनुष्यों के शत्रु मिलें? मैं स्थल के ऊपर होता हुआ पर्वतों में और इसमस में होकर चारों ओर जाऊंगा। कदाचित वहा वीरता के काम और कुछ ऐसा कर सकूं जिससे मेरा पिता मुझे प्यार करे"।

अतएव वह स्थल से पर्वतो में गया और अपने पिताकी तलवार को अपनी जंघा पर रक्खे गया। वह स्पाईडर नामक पर्वतों पर पहुंचा जो एपीडारस और समुद्र के ऊपर लटके रहते हैं जहां घाटिया नीचे की ओर मध्य की एक शिखर से आती हुई जान पड़ती हैं उस समय जब किरणें मकड़ी के जाले में फैलती हैं।

वह अंधेरी घाटियों में जो संगमरमर की लकीर की हुई दिवारों के मध्य में थीं गया यहा तक कि नीचे की भूमि उसके पैरों के नीचे नीली

दिखाई देने लगी और मेघ उसके शिरके इधर उधर शीतल जान पड़ने लगे।

परंतु वह पेचदार घाटियों में होता हुआ ऊपर ही चलता गया यहां तक कि उसको अपने नीचे तंग खाड़िया चारो दिशाओं में फैली हुई दिखाई दीं। उसको अंधियारी कंदरायें जो लगभग कुहिरे से भरी हुई थीं और ऊपर को सूनसान मैदान दिखाई दिये।

उसको उस मैदान के ऊपर जाना पड़ा क्योंकि दाहिने बाऐं कोई सडक न थी। अतएव वह दलदलदार स्थानो और झाड़ियो में परिश्रम के साथ गया यहा तक कि वह पतथरो के एक ढेर के पास पहुच गया।

पत्थरो के ऊपर एक आदमी भालूकी खाल का लबादा पहिने बैठा था। भालूका शिर उसकी टोपी का काम दे रहा था और दात उसके माथे के चहु ओर श्वेत और भयानक मालूम दे रहे थे। उसके पैर उसके कंठके इधर उधर बधे हुये थे और पंजे उसकी छाती पर श्वेत चमक रहे थे। जब उसने थीसियस को देखा तो वह उठा यहा तक कि घाटिया गूंज उठीं।

"तू कौन है, सुन्दर मक्खी जो इस मकडी के जाले में चला आया है" परन्तु थीसियस दृढ़ता पूर्वक आगे को बढ़ता ही गया और कोई उत्तर उसने न दिया परन्तु उसने विचार किया "यह क्या कोई लुटेरा है? क्या मेरे सामने एक वीरता का काम आगया"? परंतु वह आश्चर्यजनक मनुष्य और भी उच्च तर शब्द से बोला।

"निडर मक्खी क्या तुझको नहीं मालूम है कि यह घाटियां जाले के तुल्य हैं कि कोई मनुष्य इनमें से बाहर निकल कर नहीं जा सकता और यह मैदान मकडी का स्थान है। मै मकडी हू और मैं ही मक्खियो का लोहू पी लेता हू! यहा आ कि मैं तुझे खा जाऊं। क्योंकि भागना वृथा है। इस लिये कि मेरे पिता हिफेस्टस ने चतुराई के साथ मेरे लिये उस समय यह जाला बनाया जब उसने पहाड़ों में यह कदराए बनाई जिनमें से मनुष्य को अपने घर का मार्ग नहीं मिलता है"।

परन्तु थीसियस दृढ़ता के साथ आगे बढ़ा और उसने पूछा।

"हे निडर मकड़ी, आदमियो में तेरा क्या नाम है और मकड़ीके पंजे तेरे पास कहां हैं"?

"तब उस आश्चर्यजनक मनुष्य ने हसकर फिर कहा।

"मेरा नाम पेरीफ़ेट्स है और मैं हिफ़ेस्टस और एटीक्लीया अर्थात् पर्वत की अप्सरा का पुत्र हूं। परन्तु लोग मुझको कारीनीट्स अर्थात् गदा-धारी कहते हैं। मकडी का पजा यह है मेरे पास"।

और उसने अपने पास के पत्थरों के ऊपर से कासे की अपनी गदा उठाई।

"यही मेरे पिता ने मुझको दी थी और पर्वतों के नीचे उसने स्वय उसे निर्माण किया था। उसीसे मैं सब अभिमानी मक्खियोंको इतना पीटता हूं कि उनकी मुटाई और उनकी मनोहरता सब निकल जाती है। अतएव अपनी वह सुन्दर तलवार अपना वस्त्र और अपनी खडाऊ मुझे देदे नहीं तो मै तुझे पीटूंगा। और दुर्भाग्य वश तू मर जायगा"।

परन्तु थीसियस ने शीघ्रता के साथ अपने वस्त्र को अपने बाएं हाथ के चारों ओर कधे से हाथ तक भली भाति लपेटा और अपनी तलवार खींचकर गदाधारी के ऊपर झपटा और गदाधारी उसके ऊपर झपटा।।

तीन वेर उसने थीसियस पर चोट की और चोटों के कारण छोटे पौधे के समान उसे झुका दिया परतु थीसियस अपने शिर को अपने बाए हाथ से और उस वस्त्र से बचाये हुये था जो उसके चारों ओर लपेटा हुआ था।

तीन वेर थीसियस चोट खा कर सीधा उछल खडा हुआ ठीक उस पौधे के समान जो तूफान निकल जाने के पीछे खड़ा हो जाता है।। उसने अपनी तलवार से गदाधारी को मारा परन्तु भालू की खालकी ढीली पर्तों के कारण वह बच गया।

तब थीसियस उन्मत होकर उससे युद्ध करने लगा। उसने उसका गला पकड लिया। तब वे दोनों गिरे और एक साथ इधर उधर लुढकने लगे। परन्तु जब थीसियस भूमि पर से उठा तो वह गदाधारी उसके पैरों के नीचे ही पड़ा हुआ था।

तब थीसियस ने उसकी गदा और भालू की खाल ले ली और उसको चीलों और कौओ के लिये छोड़ कर अपनी यात्रा पर घाटियों के नीचे आगे

ढाल् (चट्टान) पर चला यहां तक कि वह एक चौडी हरी घाटी में पहुंचा और उसने भेड बकरियों के खरके वृक्षों के नीचे सोते हुये देखे।

एक मनोहर फुहारे के पास चट्टानो और वृक्षों की छाया के नीचे अप्सराये' और गडरिये नाच रहे थे। परन्तु जब वे नाच रहे थे तो उनके साथ कोई गाता नहीं था।

जब उन्हों ने थीसियस को देखा तो वे चिल्ला उठे। गडरिये भाग गये और भेडो के खरकों को हका ले गये। अप्सराओं ने फुहारों में पनडुब्बियों के समान गोता लगाया और लोप हो गई।

थीसियस चकित हुआ और हसकर यह कहने लगा "यहां के लोग कैसे अनोखे विचार के हैं कि अनजान आदमियों को देख कर भाग जाते हैं और उनके साथ कुछ गाना नहीं रहता जब वे नाचते हैं"। परन्तु वह थका हुआ मट्टी से भरा हुआ और प्यासा था। इस लिये उसने उनका तनिक भी विचार नहीं किया वरन उसने निर्मल कुण्ड में से जल पिया, उसमें नहाया और तब वह एक साल के वृक्ष के नीचे लेट गया जहां वह बहते हुये जल के गीत से उस समय सो गया जब उसका शब्द पत्थरों में होता था।

जब वह जगा तो उसने धीरे २ बोलने का शब्द सुना और यह देखा कि अप्सराये उसको फुहारे के दूसरी ओर एक खोह के अंधकारमय छेद में से जहा वह काई के हरे गद्दों पर बैठी थीं झांक कर देख रही थीं। उनमें से एक ने कहा "सचमुच यह पेरीफ़ीटूस नहीं है"। दूसरी ने कहा "वह डाकू नहीं जान पड़ता वरन् वह एक सुन्दर और सीधासाधा युवक है"।

तब थीसियस ने मुसकुरा कर उनको पुकारा "सुन्दर अप्सराओ मैं पेरीफीटूस नहीं हू। वह चीलों और कौओं के बीच में सो रहा है परन्तु मैं उसकी भालू की खाल और उसकी गदा ले आया हू"।

तब वे कुण्ड को पार करके उसके पास आई' और गडरियों को फिर बुला लिया। उसने उनको बतलाया कि किस तरह उसने गदाधारी को बध कर डाला और गडरियो ने उसके पैरों का चुम्बन किया और यह गीत गाया "अब हम अपनी भेडो को बे खटके चराये गे और नाचते समय हमको

गाने बजाने का भय न होगा क्योंकि अन्याचारी गदाधारी का सामना बराबर वाले से पड़ गया और अब वह हमारी बसी को न सुनेगा"।

तब वे उसके लिये बकरी का मांस और मदिरा लाये। अप्सरायें उसके लिये चट्टानों से मधु लाईं। वह खा पी कर फिर सो गया और अप्सरायें और गडरिये नाचने गाने लगे। जब वह जागा तो उन्हों ने उससे ठहरने के लिये प्रार्थना की परन्तु वह नहीं ठहरा। उसने कहा "मुझे एक बड़ा काम करने को है। मुझे इस्मस की ओर जाना है कि मैं एथेन्स को पहुच जाऊं"

परन्तु गडरियो ने कहा "क्या तुम एथेन्स को अकेले ही जाओगे। हम और कोई भी बिना हथियार व द. सिपाही लिये हुये यात्रा नहीं करता है"।

हथियार तो जैसा कि तुम देखते हो मेरे पास बहुत है। सिपाहियो के विषय में यह बात है कि ईमानदार आदमी को अपने ही संग का बहुत सहारा होता है। मैं एथेन्स की ओर अकेला क्यों न जाऊं"?

"यदि तुम जाते हो तो इस्मस पहुच कर चौकसी के साथ अपने इधर उधर देख लेना कहीं तुमको सिनिस नामी डाकू न मिले जिसे लोग पिटुओ केम्प्टांज अर्थात् पाइन (वृक्ष) झुकाने वाला कहते हैं। जिसका यह कारण है कि वह दो पाइन (वृक्ष) को झुका देता है तब उनके मध्य में सब पथिकों के हाथ पैर बांध देता है और जब वह उन वृक्षों को फिर छोड़ देता है तो उनके शरीर के टुकड़े २ हो जाते हैं"।

दूसरे ने कहा "इसके पश्चात् तुमको सूखे मार्ग मे बराबर जाना चाहिये और सिरन के टीलों के ऊपर जाने का साहस न करना चाहिये। क्योंकि बायें हाथ पर पर्वत है और दहिने हाथ पर समुद्र है। इस लिये तुम भाग नहीं सकते वरन् तुमको सिरन नामी डाकू अवश्य मिलैगा जो तुमसे अपने पैर धुलवायेगा और जब तुम पैर धोने में लगोगे तो चट तुमको ठोकर मार कर टीले पर पहुंचा देगा और तब तुमको वह कछुआ खाजायेगा जो नीचे रहता है और मरे हुये आदमियो की लोथों को खाया करता है"।

थीसियस ने अभी उत्तर भी न दिया था कि दूसरे ने चिल्ला कर कहा

"उसके आगे चलकर और भी एक बडा जोखिम है सिवाय इसके कि तुम बराबर सूखे मार्ग से चलो और इल्यूसिस को बहुत दूर अपने दहिने हाथ पर छोड दो। क्योंकि इल्यूसिस में अत्याचारी राजा कर्कुअन राज करता है जो सब मनुष्यो के लिये एक भय है और जिसने अपनी लडकी अलोव को बदीगृह में बध करा दिया। परन्तु वह एक सुन्दर फुहारे के रूप में बदल गई। उसने उसके बच्चे को पर्वतों पर फिकवा दिया किन्तु जंगली घोडिया उसको दूध देती थीं। अब वह प्रत्येक आनेवाले मनुष्य को ललकारता है कि वह उसके साथ कुश्ती लड़े जिसका कारण यह है कि वह एटीका में सब से अच्छा कुश्ती लडने वाला है और सब आदमियो को जो आते हैं हरा देता है। जिनको वह हराता है उन्हें वह कुरीति के साथ वध कर डालता है और उसके महल का आगन उनकी हड्डियो से भरा हुआ है"।

तब थीसियस ने क्रोध में आकर कहा "सचमुच मालूम होता है कि इस देश में शासन ठीक नहीं होता और उसमें बहुत बडे काम मेरे करने के लिये निकल आयेगे। परन्तु यदि मैं उसका उत्तराधिकारी हो जाऊ तो मैं उसपर शासन करू और उसे ठीक कर दू। मेरा राजदण्ड यह है"! उसने अपनी कासे की गदा को हिलाया। उस समय अप्सराये और गड़रिये उसके चारों ओर एकत्रित हो गये और उससे प्रार्थना की कि वह न जाय।

परन्तु वह आगे चलता ही गया यहा तक कि उसको समुद्र और कोरिथ का कोट जो सारी पृथ्वी से बहुत ऊचा था दिखाई देने लगा। वह शीघ्रता के साथ इस्मस के पास से होकर निकल गया क्योंकि क्रूर सिनिस से मिलने के लिये उसका हृदय जल रहा था। अन्त में वह उसे एक पाइन (वृक्ष) के वन मे मिला उस स्थान पर जहा इस्मस बहुत सकेत थी और ऊचे चट्टानों में होकर सड़क गई थी। वहा वह एक पत्थर के ऊपर सडक के किनारे बैठा हुआ था। वह अपने घुटनों के आरपार एक छोटा सनोवर का वृक्ष रक्खे था जिस से वह गदा का काम लेता था और उसके पास ही एक रस्सा तय्यार रक्खा था। उसके शिर के ऊपर सनोवर वृक्ष की चोटी पर मरे हुये आदमियो की हड्डिया लटक रही थीं।

तब थीसियस ने चिल्ला कर उससे कहा "ओ हो तू वीर पाइन (वृक्ष)

झुकाने वाले क्या तैं ने मेरे लिये दो सनोवर के वृक्ष रख छोड़े हैं" ?

सिनिस उछल कर अपने पैरों पर खड़ा हो गया और उसने अपने शिर के ऊपर की हड्डियो की ओर संकेत करके यह उत्तर दिया "कुछ समय हुआ कि मेरा भडार खाली हो गया है इस लिये दो सनोवर के वृक्ष मैंने तेरे लिये तय्यार कर रक्खे हैं"। अपनी गदा को उठा कर वह थीसियस पर झपटा और थीसियस उस पर झपटा।

तब वे एक दूसरे पर एक साथ चोट करने लगे यहा तक कि हरे वन गूंज उठे। परन्तु धात पाइन (वृक्ष) से अधिकतर कडी थी इसलिये सिनिस की गदा ठीक बीच में से टूट गई जिस समय कासे की चोट उसपर पडी। तब थीसियस ने अपनी भारी गदा दूसरी चोट के लिये उठाई और सिनिस के मुंह पर उसने चोट की। और उसकी पीठ में अपने घोटू गढ़ा कर उसको स्वय अपने ही रस्से से बाधा और यह कहा "जैसा तूने दूसरो के साथ किया है वैसा ही तेरे साथ किया जायगा"। तब उसने सनोवर के दो वृक्ष झुकाये सिनिस को उनके मध्य में बाध दिया यद्यपि उसने बहुत यत्न और प्रार्थना की तब थीसियस नें उन वृक्षों को छोड दिया और सिनिस को वध कर डाला और उसको बाजो और कौओं के लिये छोडकर आगे बढ़ा।

तब वह पहाड़ियो के ऊपर मिगारा की ओर गया और सारनिक सागर के पास ही बराबर रहा यहा तक कि वह स्कियन के टीलो और उस सकेत मार्ग पर आ गया जो पर्वत और समुद्र के मध्य में है।

वहां उसने सिरन को फुहारे के पास टीले के किनारे पर बैठे हुये देखा। उसके घुटनों पर एक बड़ी गदा रक्खी थी। उसने मार्ग को पत्थरों से रोक रक्खा था जिससे हरेक आदमी जो आता हो रुक जाय।

तब थीसियस ने उससे चिल्ला कर कहा "ओ हो कछुये को आहार देने वाले क्या आज तेरे पैरों के धुलने की आवश्यकता है" ?

स्कियन अपने पैरों से उछल खडा हुआ और उसने यह उत्तर दिया।

मेरा कछुआ बहुत भूखा है और आज मेरे पैरों के धुलने की आवश्यकता है"। तब वह अपनी पाद के सामने खडा हो गया, और अपनी गदा को दोनों हाथों में उठा लिया।

तव थीसियस उसके ऊपर झपटा और टीले के ऊपर घोर युद्ध हुआ क्योंकि जब स्किरन को कासे की गदा का बोझ मालूम दिया तो उसने अपनी गदा को गिरा दिया और थीसियस के साथ लडने लगा और यह यत्न किया कि उसे टीले के ऊपर केवल बल से फेंक दे। परन्तु थीसियस चौकस पहलवान था। उसने अपनी गदा को गिराकर उसका कठ और घोंटू पकड लिया और उसको पत्थरों की दीवार से दे मारा और दीवारों पर इतने धमाके के साथ उसे कुचला कि उसकी सास लगभग बद हो गई। स्किरन ने हार कर यह कहा "मुझको छोड दे मैं तुझको चला जाने दू गा"। परन्तु थीसियस ने उत्तर दिया "मैं नहीं जाऊंगा जब तक मैं खुदुरे मार्ग को चिकना न कर दूं। तब उसने उसको दीवार पर ढकेल दिया जिस से वह गिर पड़ा और स्किरन शिर नीचे और पैर ऊपर किये लुडक गया।

तब थीसियस ने उसे संपूर्णत घायल करके उठा लिया और यह कहा, यहा आ और मेरे पैर धो"। तब उसने अपनी तलवार खींच ली और कुये के पास बैठकर कहने लगा "मेरे पैर धो नहीं तो मैं तेरे टुकडे करे देता हूं"।

सिरन ने कापते २ उसके पैर धोये और जब यह हो गया तो थीसियस उठा और ऊंचे शब्द से यह कहने लगा "जैसा तैंने दूसरो के साथ किया है वैसा ही तेरे साथ किया जायगा। जा अपने कछुये को तू स्वय भोजन करादे" और उसने उसको एक ठोकर मारी जिससे वह टीले पर जाकर समुद्र में चला आया।

कछुये ने उसे खा लिया। यह बात मैं नहीं जानता क्योकि कुछ लोग कहते है कि पृथ्वी और समुद्र दोनों ने उसके शरीर को लेने से घृणा की जिसका कारण यह था कि वह पाप से दूषित हो गया था। अनएव समुद्र ने उसको किनारे पर फेका और किनारे से फिर वह समुद्र में आया। अन्त में लहरों न क्रोध में आकर उसको ऊपर वायु में उछाल दिया जहा वह बिना समाधि के लटका रहा यहा तक कि वह एक सूनसान चट्टान के रूप में बदल गया जो लहरो के मध्य में आज दिन तक नहीं खडा है।

कम से कम यह बात सच है जो पासेनियस ने हमको" बतलाई है कि

उसने एथेन्स के राजा के महल की देहलीज में थीसियस की मट्टी की मूर्ति को और उसके पास सिरन डाकू को समुद्र में सिर के बल गिराते हुये देखा।

तब वह एक लंबे दिन की यात्रा करता हुआ मिगारा के पास से होकर एटिक देश में गया। उसके सामने सिथीरन की हिम से ढकी हुई शिखर जो काले पाइन (वृक्ष) के बनों के ऊपर निदान शीतल हो रही थी उठी हुई थीं। उस स्थान में अप्सराएं और बावला बैशी और वह अप्सराए रहती हैं जो मनुष्यों को बहुत दूर सूनसान पर्वतों के ऊपर जहा दिन भर आंधिया चला करती हैं भटका देती है। उसके दाहिने हाथ पर लगातार समुद्र और सलामिस जिसमें चट्टानी टापू थे और समुद्र युद्ध की पवित्र आवनाय थे, जहा से कुछ समय पीछे फारस निवासी ग्रीस निवासियों के सामने से भाग गये थे। अतएव वह दिन भर सायंकाल तक चलता ही रहा यहां तक कि उसको थ्रेशिया का मैदान और इल्यूसिस का पवित्र नगर दिखाई दिया जहा पृथ्वी माता का मंदिर है। क्योंकि वहाँ पर डिमीटर दयालु माता जिसके हाथ में अनाज की एक बाल थी ट्रिपटोलिमस से उस समय मिला जब सारी पृथ्वी ऊजड होगई थी। उसने उसे बिना जोती हुई भूमिका जोतना और सुस्त बैलों पर जुआ रखना सिखलाया। उसने उसको खेतों में बीजों का बोना और सुनहले अनाज का काटना सिखाया और उसको सब जातियों को शिक्षा देने और परिश्रम करने वाले आदमियों को अनाज देनेके लिये भेजा। इसी लिये इल्यूसिस में सब लोग उसका आदर करते हैं। चाहे जो कोई भूमिको जोते। लाग उसका और उसके प्रिय (ट्रिपटोलिमस) का आदर करते हैं जो परिश्रम करने वाले मनुष्यों को अनाज देता था।

थीसियस मैदान में होता हुआ इल्युसिस में गया और बाजार में खडे होकर उसने उच्च शब्द से कहा।

नगर का राजा ककुंश्रन कहा है? आज के दिन मै उससे कुश्ती लड़ूंगा"।

तब सब लोग उसके चारों ओर एकत्रित होकर चिल्लाकर यह कहने लगे "सुन्दर युवा पुरुष तू क्यों मरेगा? तू नगर के बाहर इससे पहिले कि

क्रूर राजा यह सुन पावे कि कोई अनजान आदमी यहा आगया है शीघ्र चला जाए"।

परन्तु थीसियस नगर में होता हुआ गया। लोग रोते और प्रार्थना करते थे। वह महलके फाटकों, हड्डियो और खोपडियोंके ढेरों में से होता हुआ गया यहा तक कि वह कर्कुश्रन के वडे कमरे के दरवाजे पर आ पहुचा। यह कर्कुश्रन सव आदमियों के लिये एक वडा भय होगया था।

वहा उसने कर्कुश्रन को वडे कमरे में मेज के पास अकेले वैठा हुआ देखा उसके सामने एक समूची भेडी भूनीगई थी और उसके पास ही एक वर्तन मदिरा से भरा हुआ रक्खा था। थीसियस ने खड़े होकर उसे पुकारा "ओहो वीर पहलवान, क्या तू आज कुश्ती लडैगा"।

कर्कुश्रन ऊपर देखकर हसा और उसने यह उत्तर दिया

"मैं आज कुश्ती लडूगा परन्तु भीतर चले आओ क्योंकि मैं अकेला हू और तुम थकित हो और मरने से पहिले खापी लो"।

तव थीसियस निडर होकर चला गया और कर्कुश्रन के सामने भोजनके पास जा वैठा। उसने भेडका मास भर पेट खाया और मदिरा भी भर पेट पीई। थीसियस ने तीन आदमियों के वरावर भोजन किया परन्तु कर्कुश्रन ने सात आदमियों के वरावर भोजन किया।

उन दोनों में से कोई भी दूसरे से एक शब्द न कहता था यद्यपि वे मेज के दूसरी ओर आख वचाकर देखते थे और हरेक अपने मन में यह कहता था "उसके कंधे चौडे हैं परन्तु मैं विश्वास करता हूं कि मेरे भी उतने चौड़े हैं जितने कि उसके।

अन्त में भेड़ खा ली गई और मदिरा का वर्तन भी रीता कर दिया गया तो कर्कुश्रन राजा ने उठकर यह कहा "आओ सोने से पहिले कुश्ती लडलें"।

सो उन्होंने अपने सव वस्त्र फेक दिये और महल के आगन में चले गये कर्कुश्रन ने आज्ञा दी कि और अधिक वालू हड्डियों के मध्य में खुले हुये स्थान में डाल दी जाय। वहा पर दोनों वीर पुरुष एक दूसरे के सामने

खड़े होगये। उस समय उनकी आंखें जंगली बैलों के समान चमक रही थीं और सब लोग फाटकों के पास यह देखने के लिये खड़े थे कि क्या होता है।

वहां ये खड़े होकर कुश्ती लड़ने लगे यहां तक कि तारे उनके शिरों के के ऊपर चमकने लगे। वे इधर उधर और चारों ओर अखाड़े के लड़ते थे यहा तक कि बालू उनके पैरों के नीचे बहुत कड़ी पड़गई। अंधकार में उनकी आंखें तारों के समान चमकती थीं और उनकी सांस धुए के समान रात्रिकी वायु में ऊपर को जाती थी परन्तु उन दोनों में से कोई भी न हारता न जीतता था और लोग फाटकों के पास से चुपचाप खड़े देख रहे थे।

परन्तु अन्तकाल में कर्कुअन को क्रोध आगया और उसने थीसियस का गला पकड़ लिया और उसने उसको उस तरह से हिलाया जैसे कि कुत्ता चूहे को भभोड़ता है परन्तु वह उसके पैरों को तनिक भी न हिला सका।

किन्तु थीसियस फुर्तीला और सावधान था और वह कुर्कुअन की कमर मे लिपट गया और अपने कूल्हे को फुर्ती के साथ उसके नीचे खसकाया और उसकी कलाई पकड़ली। तब उसने उसको उठा लेने का इतने बलके साथ यत्न किया कि जिससे बलूत का वृक्ष भी हिल जाता और कर्कुअन को उठाकर ठीक अपने कंधे के ऊपर से पृथ्वी के ऊपर पटक दिया।

तब थीसियस उसपर कूद पड़ा और वह कहने लगा "मेरे वश में होजा नहीं तो मैं तुझे वध कर डालूंगा"। परन्तु कर्कुअन ने एक शब्द भी न कहा क्योंकि गिरने के कारण और मांस और मदिरा से उसका हृदय भीतर फट गया था।

तब थीसियस ने फाटकों को खोलकर सब लोगों को भीतर बुला लिया उन्होंने उच्च शब्द से कहा "तुमने हमारे दुष्ट राजा को वधकर डाला है। अब तुम हमारे राजा बन जाओ और हम पर भली भांति राज करो"।

मैं तुम्हारा राजा इल्यूसिस में होऊंगा और मैं तुम्हारे ऊपर भली भांति और उचित रीति से राज करूंगा। इसी लिये मैं ने सब दुष्टों अर्थात सिनिस सिरन और सब से पीछे इस आदमी को वध किया है"।

तब एक बूढ़ा आदमी आया और यह कहने लगा 'युवा और वीर पुरुष क्या तैंने सिनिस को वध कर डाला है ? तो तू एथेन्स के राजा ईजियस से सावधान रहियो जिसके पास तू जाता है क्योंकि वह सिनिस का नातेदार है"।

थीसियस ने कहा " तो मैंने अपने ही नातेदार को वधकर डाला यद्यपि वह मरने ही के योग्य था। कौन उसकी मृत्यु से मेरा प्रायश्चित्त करा-एगा क्योंकि मैंने उसको मारा तो ठीक काम किया इसका कारण यह है कि वह दुष्ट और घृणीय मनुष्य था" ?

बूढ़े आदमी ने उत्तर दिया.—

"यह काम वीर पुरुष करेंगे जो फाइंटेलस के पुत्र हैं जो इलम वृक्ष के नीचे आफिडनाई में सिफिसस के तट पर रहते हैं जो चांदीके समान उज्वल है। इसका कारण यह है कि वे देवताओ की गुप्त बातों को जानते हैं। वहा तुम जाकर शुद्ध होगे और तब तुम हमारे राजा होजाओगे" ।

सो उसने इल्यूसिस के लोगों को शपथ दिलाई कि वे उसकी सेवा उसे अपना राजा मानकर करेंगे। तब वह दूसरे दिन प्रातःकाल में थ्रेशिया के मैदान को पार करके पहाडियों पर होता हुआ आफिडनाई की ओर गया कि फाइंटेलस के लडकों से मिले ।

जिस समय वह सिफ़ीसस की घाटी के किनारे ऊंचे परनीस के नीचे जारहा था एक बडा लम्बा और बलवान आदमी अच्छे २ वस्त्र पहिने हुए उससे मिलने के लिये नीचे उतरा। उसके हाथों में सोने के कंकण थे और उसकी गर्दन के चारों ओर रत्नोंकी कंठी थी वह आगे बढ़ा सभ्यता के साथ झुका और अपने दोनों हाथ उठाकर यह बोला।

'हे सुन्दर युवापुरुष स्वागत। मैं भाग्यवान हूं कि तुमसे मेरी भेंट हुई। क्यों-कि सज्जन पुरुष के लिये अनजान आदमियों को चित्तप्रसन्न करने से बढ़कर और कोई हर्ष की बात नहीं है ? परन्तु मैं देखता हूं कि तुम थके हुये हो। मेरे क़िले में आओ और कुछ देर तक विश्राम करो"।

थीसियस ने कहा "मैं तुम्हें धन्यवाद देता हूं। कि मुझको घाटी के ऊपर जाने और सिफ़ीसस की घाटी में अफ़िडनाई पहुचने की उतावली है"।

उसने कहा "शोक की बात है। तुम ठीक मार्ग से बहुत दूर भटक आये हो और आज की रात तुम आफिडनाई नही पहुंच सकते क्योंकि तुम्हारे और उसके मध्य में मीलों तक पर्वत ढालू घाटियां और ऐसे २ टीले है जिनमें रात के समय बडा जोखिम रहता है। तुम्हारे लिये यह अच्छी बात है कि मेरी तुम से भेट होगई क्योंकि मेरी सारी प्रसन्नता इस बात में है कि मैं अनजान आदमियों को खोजू अपने क़िले के भीतर उनको भोजन दूं और अन्य २ देशो की कथाए उनसे सुनू। मेरे साथ चलो और हिरन का अत्यत स्वादिष्ट मास खाओ। लाल सुन्दर मदिरापान करो, और मेरे विख्यात बिछौने पर शयन करो जिसके विषय में सब पथिक यह कहते है कि उसके सदृश बिछौना उन्हों ने कभी नहीं देखा। इसका कारण यह है कि मेरे महमान का डील डोल चाहे जो कुछ हो वह चाहे कितना लम्बा अथवा छोटा हो वह बिछौना उसके चाल २ ठीक होजाता है और वह उस पर ऐसे सोता है मानो वह पहिले उस पर कभी न सोया था"। उसने थीसियसके हाथ पकड लिये और उसको जाने न देता था।

थीसियस आगे जाना चाहता था परन्तु ऐसे सत्कार शील आदमीके साथ असभ्य बनने में उसको लज्जा मालूम देती थी और उसको उस आश्चर्यजनक बिछौने को देखने की अभिलाषा थी। इसके अतिरिक्त वह भूखा और थकित था। तौ भी वह उस आदमी से झिझकता था जिसका कारण वह नहीं जानता था क्योकि यद्यपि उसकी वाणी नम्र और मधुर थी वह त्रिपदार दादुर की बोली के समान सूखी और रूखी थी। यद्यपि उसकी आखों में कोमलता थी वे पत्थर के समान मद और शीतल थीं। परन्तु थीसियस राज़ी होगया और उस आदमी के साथ एक घाटी के ऊपर गया जो सडक से पेरनीज की शिखरों की ओर टीलो की अधकार मय छाया के नीचे गई थी।

जब वे ऊपर जा रहे थे तो घाटी सकेत होती जाती थी और टीले ऊचे और अंधकारमय होते जाते थे। उनके नीचे पानी का एक सोता था जो चूने के नग्न टीलों के मध्य में आधा दिखाई देता था उनके चारो ओर न तो पेड था और न झाडी थी पेरनीज की श्वेत शिखरो पर से हिम के प्रचड शीतल झोके घाटी के नीचे आते थे यहा तक कि थीसियस को भय मालूम

दिया जिस समय उसने उस सूनसान स्थान के चारों ओर देखा। अंत में उस ने पूछा "मालूम होता है कि तुम्हारा क़िला सूनसान स्थान में है"।

"हां। पर जब आदमी एक बेर उसमें प्रवेश कर जाता है तो आदर सत्कार से सब वस्तुए भली जान पडने लगती हैं। परन्तु यह कौन है"? और उसने और थीसियस ने पीछे देखा। तो यह मालूम हुआ कि बहुत नीचे उस सडक पर जिसको वे अपने पीछे छोड चुके थे लदे हुये गदहों का एक सोता आ रहा था। उनके साथ २ व्यापारी अपने बर्तनों को देखते हुये चले आ रहे थे।

उस अनजान आदमी ने कहा "ओहो, बिचारे आदमी! उनके लिये यह बात अच्छी हुई कि मैंने पीछे फिरकर उन्हें देख लिया। मेरे लिये भी यह बात अच्छी हुई क्योंकि मेरी ज्योनार में और भी अधिक मेहमान होजायंगे थोडा ठहरो कि मैं नीचे उतर कर उनको बुला लूं। तब हम लोग एक साथ रातभर खाये पियेंगे। मैं बड़ा भाग्यवान हूं कि मेरे पास पर्मात्मा ने इतने मेहमान एक साथ भेजदिये"।

वह आदमी अपना हाथ हिलाता हुआ और व्यापारियों को चिल्लाकर पुकारता हुआ पहाडी के नीचे उतर गया और थीसियस धीरे २ ढालू घाटीके ऊपर चला जा रहा था।

परन्तु जिस समय वह ऊपर जा रहा था उसको एक बूढ़ा आदमी मिला जो पानी के सोते में बहती हुई लकडी इकट्ठा कर रहा था। उसने अपना गट्ठा सड़क पर रख दिया और उसको अपने कंधेपर फिर उठाकर रखने का यत्न कर रहा था। जब उसने थीसियस को देखा तो उसने उसे पुकार कर कहाः—

"हे सुन्दर युवा पुरुष मेरे बोझको उठाने में तू मुझे सहायता दे दे। मेरे हाथ पैर अवस्था के कारण कडे और दुर्बल हैं"।

तब थीसियस ने उस बोझ को उसकी पीठ पर उठाकर रखदिया। तब बूढ़े आदमी ने उसे आशीर्वाद दिया और तब बड़े ध्यान के साथ उसकी ओर देखकर उससे कहा —

"हे सुन्दर युवक तू कौन है और तू इस सूनसान सडक पर क्यों यात्रा कर रहा है" ?

उसने उत्तर दिया "कौन हूं यह बात मेरे माता पिता जानते है परन्तु मैं इस सूनसान सडक पर इसलिये यात्रा कर रहा हूं कि मुझको एक सत्कार शील आदमी ने नौता दिया है और मुझे भोजन देने की प्रतिज्ञा की है और उसमें आश्चर्यजनक बिछौने पर सुलाने को कहा है जिसको मैं नहीं जानता हूं"।

"तब उस बूढे आदमी ने अपने दोनों हाथ एक साथ पीटकर यह कहा,

"हे मनुष्य भक्षक हेड्स की संतान क्या तेरा पेट कभी न भरेगा ? हे सुन्दर युवक इस बात को जान ले कि तू दु ख और मृत्यु के मु ह में जारहा है क्योंकि जो मनुष्य तुझको मिला है (मैं तुम्हारी दयाका बदला तुमको एक बात बता करके किये देता हूं) वह डाकू और खूनी है। जो कोई अनजान आदमी उसे मिलता है उसको यह बहकाकर यहा मौत के पास ले आता है जिस बिछौने को वह बतलाता है तो यह बात तो सत्य है कि वह सब आदमियों के ठीक होता है परन्तु सिवाय मेरे उस पर कोई भी जीवित न उठा"।

थीसियस ने अचभित होकर पूछा "क्यों" ?

उसने उत्तर दिया "इसका कारण यह है कि यदि कोई आदमी बहुत लंबा हो तो वह उसके अगों को काट कर छोटा कर देता है और यदि वह बहुत छोटा हो तो वह उनको खींचकर लबा करदेता है परन्तु सात वर्ष हुए बहुत बडा समय व्यतीत हो गया कि उसने मुझे को छोडा। क्योंकि मै ही केवल उसके बिछौने पर ठीक आ गया इसी लिये उसने मुझको छोड़ दिया है और मुझको अपना दास बना लिया। किसी समयमैं धनवान व्यापारी था और थीब्समें जिसमें पीतल के फाटक हैं रहा करता था परन्तु अब मैं उसके लिये जो सब मनुष्यों के लिये एक आपत्ति है लकडी काटता और जल खींचता हूं"।

तब थीसियस ने कुछ नही कहा परन्तु उसने अपने दात पीसे।

बूढे आदमी ने कहा "तू तो भाग जा। क्योंकि वह तेरी युवावस्थापर दया नहीं करेगा। कल ही वह यहा एक युव पुरुष और एक लड़की को ला

आया था और अपने विछौने पर उनको काट छांट करके सुलाया। युवा पुरुष के हाथ पैर उसने काट डाले परन्तु उस लडकी के हाथपैर उसने खींचे जिससे वह मर गई। इस तरह दोनों बडी विपत्तिमें मरे परन्तुमैं तो मरे हुये आदमियों पर विलाप करते २ थक गया हूं यही कारण है कि वह प्राक्रस्टीज खींचने वाला कहलाता है यद्यपि उसका बाप उसको डेमास्टीज कहता था। उससे भाग। परन्तु तू भागकर कहा जायगा ? टीले तो ढालू हैं कौन उनपर चढ़ सकता है ! और दूसरी कोई सडक नहीं है"।

परन्तु थीसियस ने अपना हाथ वृढ़े आदमी के मुंह पर रक्खा और कहा भागने की कोई आवश्यकता नही है"। और वह उस घाटी के नीचे जाने लगा।

वृढ़े आदमीने कहा "उससे मत बतलाना कि मैं ने तुझे चितादिया है नहीं तो वह मुझे किसी बुरी मृत्युसे मारेगा। तब वृढा आदमी उसके पीछे घाटी के नीचे को चिल्लाया परन्तु थीसियस क्रोध में लवे लम्बे पैर रखता हुआ चला गया।

उसने अपने मनमें कहा "इस देश में शासन ठीक नहीं होता है। कब मैं उसको इन राक्षसों से छुटकारा दूंगा जिस समय वह बोल रहा था प्राक्रस्टीज पहाडी के ऊपर आ पहुचा। उसके साथ सब व्यापारी मुसकुराते और हर्ष के साथ बात चीत करते हुये चले आ रहे थे। जब उसने थीसियस को देखा तो उसने चिल्लाकर कहा "हे सुन्दर युवा अतिथि क्या मैं ने तुझको बहुत देर तक ठहराया"।

परन्तु थीसियस ने उत्तर दिया "उस आदमी के साथ जो अपने महमानों को विछौने पर लिटाकर उनके हाथ और पैर काट डालता है कैसा वर्ताव किया जाय जब सारे देश में न्याय के साथ शासन किया जायगा।

तब तो प्राक्रस्टीज की रंगत बदलने लगी। उसके कपोल छिपकली के कपोलों के समान हरे पड़ने लगे और उतावली में वह अपनी तलवार को टटोलने लगा। परन्तु थीसियस उस पर कूद पड़ा और चिल्लाकर यह कहने लगा।

"मेरे मेहमानदार यह बात सच है कि झूठ" !! और वह प्राकस्टीज़ की कमर और कुहनी के चारों ओर लिपट गया कि वह अपनी तलवार न खींच सके।

"मेरे मेहमानदार यह बात सच है कि झूठ। परन्तु प्राकस्टीज ने एक शब्द भी उत्तर में न कहा।

तब थीसियस ने उसको फेंक दिया और अपनी भयानक गदा उठाई। और पहिले इसके कि प्राकस्टीज उसको मार सके थीसियस ने उसपर चोट की और उसे भूमि पर गिरा दिया।

थीसियस ने एक बेर और उसको मारा। तब उसकी दुष्ट आत्मा निकल कर चमगीदड के समान खोह के अंधकार में चींचीं करती हुई हेडूस में चली गई।

तब थीसियस ने उसके सोने के आभूषण उतार लिये। वह उसके घर गया जहा उसको बहुत साधन और कोष मिला जो उसने पथिकों से धोका देकर ले लिया था। उसने उस देश के लोगों को बुलाया जिन्हें प्राकस्टीज़ ने बहुत दिनों तक लूटा था और उस लूट के सामान को उनमें बांट दिया और पहाड़ों पर से उतर कर चला गया।

तब वह पेरनीज की घाटियों के नीचे कुहिरे बादल और मेह में से होता हुआ गया। वह बलूत खेंटिस्क, अर्ब्यूटस् लगे हुये ढालू स्थानों और सुगंधित खाडी में होता हुआ गया तब वह चलते २ सिफ़ीसस की घाटी अफिडनाई के सुखदायक घर पर और फाईटेलिड के वीर पुरुषों के घर पर आ पहुंचा जहां वह एक बड़े द्रुम (दृक्ष) के नीचे रहते थे।

वहांपर उन लोगों ने एक वेदी बनाई और थीसियस से कहा कि वह सिफिसस में स्नान करके एक वर्ष के मेढ़े का बलिदान करे। उन्होंने उसको सिनिस के लोहू से शुद्ध किया और उसे शांत चित्त करके बिदा किया।

तब वह एशर्नाई की घाटी के नीचे गया और घूमते हुये चांदी के समान सोते के पास से गया। उसे सब लोग उसकी वीरता की कीर्ति के लिये जो चारों ओर फैल गई थी आशीर्वाद देते थे। चलते चलते थीसियस को एथेन्स का मैदान और वह पहाड़ी दिखाई दी जहां एथीनी रहती है।

सो थीसियस एथेन्स में होकर गया। सब लोग उसे देखने के लिये दौड़े क्योंकि यश उसके सामने पहुंच गया था। प्रत्येक जन उसकी वीरता को जानता था और सब लोग उच्च शब्द से यह कहते थे "वह वीर पुरुष यह आ रहा है जिसने सिनिस और क्रॉम्यन की जंगली शूकरी फेया को बध किया ककुंश्रन को कुश्ती में जीता और निर्दई प्राक्रस्टीज को बध किया। परन्तु थीसियस उदास और दृढ़ चित्तके साथ चलता गया क्योंकि उसके मनमें अपने पिता को देखने की बड़ी अभिलाषा थी और उसने यह कहा "किस तरह मैं उसे इन जोंकों से बचाऊंगा जो उसका लोहू चूसे ले रही हैं"।

सो वह पवित्र सीढियोंके ऊपर गया। एक्रोपलिस में ईजियसका महल था वह इजियस के बड़े कमरे में सीधा चला गया ड्योढी पर खड़ा होगया और चारों ओर देखने लगा।

वहा उसने देखा कि उसके चचेरे भाई मेज के पास बैठे हुये मदिरा पान कर रहे हैं। पैलस के बहुत से पुत्र वहा थे परन्तु उनके मध्य में ईजियस कोई न था। वहा वे बैठे हुये भोजन कर रहे थे, हसते थे और मदिरा का प्याला चारों ओर घुमा रहे थे। वीन वाले वीन बजा रहे थे दासियां गारहीं थीं और मदारी अपने खेल दिखा रहे थे।

पैलस के लड़के खिल खिलाकर हंस रहे थे और मदिरा का प्याला वेग २ चारों ओर घुमाया जाता था परन्तु थीसियस ने अपनी त्यौरीचढ़ाकर धीरे से कहा "कोई अचभे की बात नहीं है कि इस देश में बहुत डाकू हैं और ऐसे २ लोग शासक हैं'।

तब पैलॅटिड्रों ने उसको देखा और मदिरा से आधे उन्मत्तहोकर उसे पुकार कर कहा " हे लम्बे अनजान आदमी जो दर्वाजे पर खड़ा है आज तेरी क्या इच्छा है"।

उसने उत्तर दिया 'मैं इस स्थान में तुम्हारी मेहमानी खाने आया हूं'।

"तो हमारी मेहमानी तुम खाओ। तुम स्वागत हो। तुम तो वीर पुरुष और पराक्रमी योधा हो और हम ऐसे ही आदमी के साथ मदिरा पान करना पसद करते हैं"

"मैं तुमसे मेहमानी नहीं मांगता। मैं राजा ईजियस से मांगता हूं जो इस घर का स्वामी है"।

इस पर कुछ तो गुर्राए, कुछ हसे और उच्च शब्द से यह कहने लगे। "ओहो! हम सब ही तो यहा स्वामी हैं"।

थीसियस ने कहा "तो मैं भी तुम सब लोगों की तरह स्वामी हूं" और वह लंबे २ पग कमरे मे रखता हुआ मेज के पास जा पहुचा और चारों ओर ईजियस को देखने लगा परतु वह किधर भी न दिखाई दिया।

तब पैलेंटिडो ने उसको देखा और तब वे एक दूसरे को देखने लगे और हरेक आदमी अपने पास वाले आदमी से धीरे २ कहने लगा "यह तो निडर आदमी है उसको दकेलकर दर्वाजे पर कर देना चाहिये"। परतु इसका उत्तर हरेक ने यह दिया "उसके कधे चौडे हैं। तुम उठो और उसे निकाल दो"। सो वे सब चुपचाप जहा थे वहीं बैठे रहे।

तब थीसियस ने नौकरों को पुकारकर कहा "जाओ और राजा ईजियस अपने स्वामी से कहो कि ट्रिजिनी का निवासी थीसियस यहा आया है और तुम्हारा मेहमान कुछ देर तक रहना चाहता है"।

एक नौकर दौडकर आया और ईजियस से वहा कहने लगा जहा वह भीतर अपने कमरे में काली जादूगर्नी मीडिया के पास बैठा था और उसकी आख और हाथ देख रहा था। जब ईजियस ने ट्रिजिनी का नाम सुना तो वह फिर लाल पीला हो गया और कापता हुआ अपनी जगह पर से उठा। उस समय मीडिया साप की तरह उसे देख रही थी।

मीडिया ने पूछा "तुमसे ट्रिजिनी से क्या प्रयोजन है"? परतु उसने वेग से यह उत्तर दिया "क्या तू नहीं जानती कि यह थीसियस कौन है? यह वह वीर पुरुष है जिसने देश को सारे दैत्यो से मुक्तकर दिया है परंतु यह बात कि वह ट्रिज़िनी से आया मैंने पहिले कभी नहीं सुनी। मैं जाकर उसका स्वागत करूंगा"।

सो ईजियस कमरे में आया और जब थीसियस ने उसको देखा तो वह बहुत प्रसन्न हुआ और उसने उसकी गर्दन पर गिर कर उसका स्वागत करना चाहा परंतु उसने अपने को वश में करके यह कहा "यद्यपि मैं प्या

करता हूं मेरा पिता मुझे प्यार में करे। मैं अपने को उसे बतला देने के पहिले यह बात मालूम करूंगा कि मेरी ओर से उसके विचार कैसे हैं। तब वह ईजियस के सामने झुक कर कहने लगा मैंने राजा के राज्य को बहुत से दैत्यों से मुक्त कर दिया है इसलिये मैं राजा से इनाम मांगने आया हूं"।

वृद्ध ईजियस ने उसे देखा और प्यार किया क्योंकि कौन सा ऐसा प्रेम-शील हृदय था जो ऐसा न करता? परंतु उसने आह भर कहा।

"हे कुलीन बालक, तुम्हारे देने के लिये मेरे पास बहुत ही थोड़ा है और तुम्हारे लेने योग्य कोई वस्तु नहीं है। क्योंकि अवश्य तुम विनाशनीय मनुष्य नहीं हो अथवा कम से कम तुम किसी विनाशी मनुष्य के पुत्र नहीं हो"।

थीसियस ने कहा "जो कुछ मैं चाहता हूं यह है कि मैं तुम्हारे साथ खाना पीना चाहता हूं"।

ईजियस ने कहा "मैं तुमको खिला पिला सकता हूं यदि मैं कम से कम अपने ही कमरे का स्वामी होऊं"।

तब उसने आज्ञा दी कि थीसियस के बैठने के लिये कुछ रख दिया जाय और उसके सामने अति उत्तम भोजन रखवा दिया। थीसियस बैठ गया और उसने इतना खाया कि उस सभा के सब लोग उसपर आश्चर्य करने लगे परंतु वह अपनी गदा अपने पास सदा रखता था।

परंतु मीडिया काली जादूगर्नी उसको बराबर देख रही थी। उसने इस बात को देखा कि ईजियस लाल पीला हो गया था जब लड़के ने यह कहा था कि वह ट्रीजिनी से आया है। उसने यह बात भी देखी थी कि कैसे प्रेम पूर्वक वह थीसियस के साथ बात चीत करने लगा था और यह भी देखा था कि थीसियस ने पैलस के सब पुत्रों के सामने वह बर्ताव किया जैसा सिंह पिल्लों के समूह में करता है। तब मीडिया ने अपने मन में कहा "यह युवा पुरुष इस स्थान का स्वामी होगा कदाचित् वह ईजियस का उत्तराधिकारी उससे भी निकटतर है जितना यह विचार करता है। कम से कम पेलैंटिड उसकी बराबरी नहीं कर सकते।

तब वह चुपचाप अपने कमरे में गई और थीसियस खाता पीता रहा।

सब नौकर धीरे २ यह कहते थे "तो क्या यही आदमी है जिसने दैत्यो को मारा। उसकी दृष्टि कैसी अच्छी है और डील डौल उसका कितना लंबा चौडा है। क्या अच्छा होता यदि वह हमारे स्वामी का पुत्र होता"।

परन्तु शीघ्र ही मीडिया अपने सब आभूषणोंसे अलंकृत होकर और अपने पूर्वी वहुमूल्य वस्त्र धारण करके आ पहुंची। वह सूर्यसे भी अधिकतर सुन्दर जान पड़ती थी यहा तक कि सब मेहमान उसकी ओर से अपनी दृष्टि को फेर न सके। अपने दाहिने हाथ मे वह एक सोने का प्याला और वाए में सोने की वोतल लिये हुए थी। वह थीसियस के पास आकर मधुर, कोमल और मोहित करने वाली वाणी से बोली।

वीर पुरुष, विजयी, अजय और सब बुरी वस्तुओं के नाश करने वाले को प्रणाम है। हे वीर पुरुष मेरे आश्चर्य जनक प्याले में से पी। उससे प्रत्येक परिश्रम के उपरात आराम मिलता है, वह सब घावों को अच्छा कर देता है और शरीर में नवीन शक्ति उत्पन्न कर देता है। मेरे प्याले में से पी ले क्योंकि उसमें पूर्वदेश की मदिरा और निपेनथीस है जिससे अमर आदमियों को सुख प्राप्त होता है"।

जब वह वोल रही थी तो उसने वोतल को प्याले में उड़ेला। मदिरा की सुगंध कमरे भर में थाइम (टून) और गुलाब के समान फैल गई।

थीसियस उसके सुंदर चेहरे और श्याम नेत्रों को देखने लगा। जब उसने देखा तो वह पीछे हटा और कापने लगा क्योंकि वे सांप की आखों के समान कठोर थीं। उसने उठकर कहा "मदिरा अच्छी और सुगंधित है और जो मदिरा को लिये हुए है वह अविनाशियों के समान सुंदर है परन्तु मीडिया पहिले सलामती का प्याला पिये जिससे कि मदिरा उसके होटों से स्पर्श हो जाने के कारण और भी स्वादिष्ट हो जाय"।

तब मीडिया पीली पड़ गई और हकलाने लगी "हे सुन्दर वीर पुरुष मुझे क्षमाकर। परन्तु मैं भी बीमार हूं और मैं मदिरा तनिक भी नहीं पी सकती हूं"।

थीसियस ने फिर उसकी ओर देखा और उच्च शब्द से कहा "तुझे अवश्य इस प्याले में से मेरी सलामती की मदिरा पीनी पड़ेगी नहीं तो तू मारी

जायगी"। तब उसने अपनी पीतल की गदा उठाई और सब मेहमान भयभीत होकर देखने लगे।

मीडिया बडी जोर से चिल्ला उठी और उसने उस प्याले को भूमि के ऊपर फेंक दिया और भागी। और जिस स्थान पर मदिरा संगमरमर के फर्श पर बही वहा का पत्थर खौल उठा, उसके ऊपर छिलका पड गया और मदिरा के भयानक विषके कारण उसमें सनसनाहट का शब्द हुआ।

परन्तु मीडिया ने अपना अजदहों वाला रथ मगवाया और उसमें बैठकर ऊपर की भूमि और समुद्र के ऊपर भागी तब से उसको किसी मनुष्य ने भी न देखा।

ईजियस ने चिल्लाकर कहा "तू ने क्या किया है"? परन्तु थीसियस ने पत्थर की ओर सकेत किया "मैं ने इस देश को एक जादूगर्नी से मुक्त कर दिया है। अब मैं उस को एक से और मुक्त करूगा"।

तब थीसियस ईजियस के पास आया और अपने सीने में छिपी हुई तलवार और खडाऊओं को निकालकर वह बातें करी जो उसकी मा ने उसको बतलाई थीं।

ईजियस एक पग पीछे हटकर लडके की ओर देखने लगा यहा तक कि उसकी आखों में पानी भर आया। तब उसकी गर्दन से लिपट कर रोया और थीसियस उसकी गर्दन से लिपट कर रोया यहा तक कि वे दोनों रोते २ थकित हो गए।

तब ईजियस ने सब लोगों की ओर देखकर यह कहा "केकराप्स की सन्तानो, देखो मेरे बेटे को जो अपने सामने खड़े हुए पिता से भी अच्छा आदमी है"।

तब वैलैंटिडो के सिवाय और कौन उन्मत्त हुए यद्यपि वे पहिले ही से उन्मत्त हो चुके थे? एक ने चिल्लाकर कहा "क्या हम एक नए राजा, और मक्कार आदमी के लिये जगह करें जिसको हम नहीं जानते कि वह कहा से आया है"। दूसरे ने कहा "यदि वह एक हो तो हम से एक भी अधिक हैं और

जो अधिक बलवान होगा वही जीतेगा"। एक ने चिल्लाकर कुछ कहा और दूसरे ने और कुछ कहा। इसका कारण यह था कि वे मदिरा से गरम और उन्मत्त हो रहे थे। परन्तु सबों ने दीवार के ऊपर से जहा अस्त्र लटके रहा करते थे तलवारें और भाले उतार लिये और थीसियस पर झपटे और थीसियस उन पर झपटा।

उसने चिल्लाकर कहा "मेरे चचेरे भाइयो यदि तुम चाहो तो चुपचाप चले जाओ परन्तु यदि तुम ऐसा नहीं करोगे तो तुम्हारे शिर पर तुम्हारा लोहू सवार है"। परन्तु वे उस पर झपटे और तब रुककर उसे धिक्कारने लगे जिस तरह से पिल्ले ठहरते और भूकते हैं जब वे सिंह को उसकी मांद से उठा देते हैं।

परन्तु एक ने पीछे से भाला फेंका जो थीसियस के शिर के पास से निकल गया। इस पर थीसियस आगे झपटा और सचमुच युद्ध आरंभ हो गया। वे बीस मिलकर एक से लड़े तिसपर भी थीसियस ने उन सबों को मार भगाया और जो रह गए थे वे नगर में भाग गए जहां लोग उनपर टूट पड़े और उनको खदेड़कर बाहर निकाल दिया। तब थीसियस ही अकेला महल में अपने नए पाए हुए पिता ईजियस के साथ रह गया। परन्तु रात होने से पहिले नगर के सब लोग भेंटे ले २ कर गाने बजाने के साथ आ पहुंचे। उन लोगों ने एथीनी को भेंट चढ़ाए और रात भर हर्ष मनाया क्योंकि उनके राजा को अच्छा पुत्र और राजसी घराने का उत्तराधिकारी प्राप्त हो गया था।

सो थीसियस अपने पिता के साथ जाड़े भर ठहरा और जब वसन्त ऋतु आ गया जिसमें दिनरात बराबर हो जाते हैं तो एथेन्स के सब निवासी उदास और चुप हो गए। थीसियस ने यह बात देखी और उसका कारण पूछा परन्तु उससे किसी ने भी उत्तर में एक बात न कही।

तब थीसियस ने अपने पिता के पास जाकर उसका कारण पूछा परन्तु ईजियस अपना मुंह फेरकर रोया।

"हे मेरे पुत्र पहिले ही से मुझसे उन बुराईयों के विषय में मत पूछ जो

होने वाली हैं। जब वे आवें तो उनका सामना करना ही बहुत है।

जब वसंत ऋतु की २१ मार्च आ गई तो एक दूत एथेन्स में आकर बाज़ार में खड़ा होकर चिल्लाने लगा "एथेन्स के राजा और लोगों, तुम्हारा वार्षिक कर कहां है ? तब तो नगर भर में बड़ा विलाप होने लगा। परन्तु थीसियस ने खड़े होकर उस दूत से चिल्लाकर यह कहा।

"तू निर्लज्ज आदमी कौन है जो यहां कर मांगने का साहस करता है यदि मुझे तेरे दूतदंड का विचार न आया होता तो इस गदा से मैंने तेरा भेजा अलग कर दिया होता"।

और तब दूत ने अभिमान के साथ उत्तर दिया क्योंकि वह गंभीर और पुराना आदमी था।

"हे सुन्दर युवक मैं निर्लज्ज नहीं हूं परन्तु मैं अपने स्वामी माईनास की आज्ञा पालन कर रहा हूं जो सौनगरों वाले क्रीटदेश का पृथ्वी मंडल के सब राजाओं में बहुत ही बुद्धिमान राजा है। अवश्य तुम यहां एक अनजान आदमी हो नहीं तो तुमको मेरे आनेका कारण और यह बात मालूम होती कि मुझको यहां आने का अधिकार है"।

"मैं यहां एक अनजान आदमी हूं। तो तुम मुझे बतलाओ कि तुम यहां क्यों आए"?

"मैं यहां उस कर के लेने के लिये आया हूं जिसकी प्रतिज्ञा राजा ईजियस ने माईनस से की थी और शपथ लेकर उस प्रतिज्ञा को पक्का किया था। क्योंकि माईनस ने सारे देश और मिगारा को जीत लिया जब वह जहाजों का बेडा लेकर आया और अपने लड़के के मारे जाने पर क्रुद्ध हो गया था। उसका बेटा एंड्रीजियस यहां पेनाथिनी के खेलों में आया और उसने खेलों में ग्रीस के सब लोगों को हरा दिया इस लिये लोग उसको वीर पुरुष मानकर उसका आदर करने लगे। परन्तु जब ईजियस ने उसकी वीरता को देखा तो वह उससे ईर्षा करने लगा और उसे यह भय हुआ कि कहीं वह पैलास के पुत्रों से मिलकर उस से राज दण्ड न छीन ले। इसलिये उसने उसके प्राण लेने को कपट प्रबंध किया और उसको धोखादेकर बधकर डाला। यह बात

कोई आदमी नहीं जानता कि उसने ऐसा काम कैसे और कहां किया। कुछ लोग यह कहते हैं कि उसने ओइनो के पास उस सड़क पर उसके साथ बटमारी की जो थीब्स को गई है। और कुछ यह कहते हैं कि उसने उसे मराथन के बैल के विरुद्ध भेज दिया कि वह पशु उसे वध कर डाले। परन्तु ईजियस यह कहता है कि युवा पुरुषों ने उसे ईर्षा के कारण वध कर डाला क्योंकि उसने उनपर खेलों में विजय प्राप्त की थी। इसलिये माईनस ने यहां आकर उससे बदला लिया और वह जाता नहीं था जब तक कि इस देश के लोग उसे कोई कर देने की प्रतिज्ञा न करें अर्थात् सात युवक और सात लडकियां प्रत्येक वर्ष जो मेरे साथ काले पाल वाले जहाज में जाय और सौ नगरों वाले क्रीट में पहुंचे"।

थीसियस ने अपने दांत पीस कर कहा "यदि तू दूत न होता तो मैं तुझे अपने बाप के विषय में यह बात कहने के लिये वध कर डालता परन्तु मैं उसके पास जाकर सत्य बात को पूछूंगा"। इस लिये उसने बाप के पास जाकर पूछा परन्तु उसका बाप अपना सिर फेरकर रोया और यह कहने लगा "इसदेश में लोहू अन्याय के साथ बहाया गया और लोहू ही से उसका बदला लिया जाता है। मेरे हृदय को प्रश्नों द्वारा पीडित मत कर। चुपचाप सहन करना बहुत है"।

तब थीसियस भीतर ही भीतर भुनभुना कर यह कहने लगा "मैं ही स्वयं इन युवकों और कुमारियोंके साथ जाऊंगा और माईनसको उसके राजसिंहासन पर वध करूंगा"।

ईजियस ने चिल्लाकर कहा "मेरे बेटे, तुम कभी न जाना तुम मेरी वृद्धावस्था के प्रकाश हो और तुम्हीं से मैं आशा करता हूं कि मेरे मरने के पीछे इन लोगों पर तुम शासन करोगे। तुम भयानक रीति से मरने के लिये मत जाओ जैसे कि यह युवक और लडकियां मरती हैं। माईनस उनको एक भूल भुलैया में ढकेल देता है जो डएडेलस ने उसके लिये चट्टानों के मध्य में बनाई, वह डएडिलस जो अधर्मी, दुष्ट और अपने ही जन्म भूमि के लिए एक अपरिचित था। उस भूल भुलैया से कोई भी नहीं भाग सकता क्योंकि वह उसके चक्कर

दार मार्गों में फस जाता है जहा उसे मिनोतर दैत्य मिलता है जो मनुष्यों का मांस भक्षण करता है। वहा वह उनको बुरी तरह से खा जाता है और वे फिर इस भूमि को कभी नहीं देखने पाते''।

तब थीसियस लाल हो गया। उसके कान सनसनाने लगे और भीतर ही भीतर उसका हृदय बडे वेग के साथ धड़कने लगा। वह कुछ देर तक लबे पत्थर के समान टीलों पर किसी वीर पुरुष की समाधि पर खडा रहा और अंत में यह बोला।

"इस लिये अब तो अवश्य ही मैं जाऊंगा और उस दुष्ट पशु का वध करूंगा। क्या मैंने दुष्टों और दैत्यों को वध नहीं किया है कि मैं इस भूमि को उन सबों से मुक्त करदू? पेरीफोटस, सिनिस, कर्कुअन और फेया जगली शूकरी कहा है? पैलास के पचास पुत्र कहा है? यह मिनोटर भी उसी माग का जायगा जिसपर ये सब गये हैं और स्वय माईनस भी यदि उसने मुझे रोकने का साहस किया''।

"परन्तु हे मेरे पुत्र, तुम उसे कैसे वध करोगे? क्योंकि तुम्हे अपनी गदा और कवच छोड जाना पडेगा तब तो तुम बिना किसी बचाव के, और नग्न औरों के समान उसी दैत्य के सामने छोड़ दिये जाओगे''।

थीसियस ने कहा "क्या उस भूल भुलैया में पत्थर नहीं हैं और क्या मेरे पास घूसे और दांत नहीं है? क्या मुझे अपनी गदा की आवश्यकता कर्कुअन को वध करने के लिये पड़ी थी जो सब मनुष्यों के लिये एक भय था''?

तब तो ईजियस उसके घुटनों से चिपट गया और उसकी बात ही न सुनता। अत में उसने उसे जाने ही दिया वह फूट २ कर रोया और केवल एक बात यह कही।

"केवल मुझ से एक बात की प्रतिज्ञा कर जाओ यदि तुम भले चगे लौटो यद्यपि वैसा होना कठिन है तो तुम उस जहाज की काली पाल को उतार देना (क्योंकि मैं दिन भर टीलों पर बैठकर उसी को देखता रहूंगा) और उसके बदले सफ़ेद पाल लगा देना कि मैं दूर ही से जान जाऊं कि तुम भले

चगे हो"।

थीसियस ने यह प्रतिज्ञा कर ली वह बाहर बाजार में गया जहाँ वह दूत खड़ा था। और लोग उन लड़कों और लडकियों के लिये चिट्ठी छोडने लगे जो दुःखित मल्लाह बनकर जाने वाले थे। लोग शोक कर रहे और रो रहे थे जिस समय चिट्ठी किसी लड़के और किसी लडकी के नाम निकलती थी परन्तु थीसियस लम्बे २ पग रखता हुआ उनके मध्यमें गया और चिल्ला कर यह कहने लगा।

"यहा एक ऐसा युवक है जिसके नाम चिट्ठी छोडने की आवश्यकता ही नहीं है। मैं स्वयं ही उन सातों में से एक होऊंगा"।

उस दूतने आश्चर्य में होकर पूछा "हे सुन्दर युवक तुमको मालूम है कि तुम कहा जा रहे हो!

थीसियस ने उत्तर दिया 'मैं जानता हू। हम उस काले पाल वाले जहाज मे बैठकर चलेंगे"।

अतएव वे सब काले पाल वाले जहाज़ मे गये। सात लडकिया और सात युवक थे सबों के आगे थीसियस था और लोग उनके पीछे पीछे शोक करते जाते थे परन्तु थीसियसने अपने साथियों से, चुपकेसे यह कहा "आशा रक्खो क्योंकि यह दैत्य अमर नहीं हैं। पैरीफीटूर्सासिनिस और सिरन कहां है जिन सबों को मैंने वध किया है? तब उनके मनों को कुछ ढारस मिला परन्तु जब वे जहाज में बैठ रहे थे तो वे रोते थे। सुनियम के टीले और ईजियन सागर के द्वीप उनके विलाप करने के शब्द से गूज रहे थे जब वे जहाज में बैठकर अपनी मृत्यु स्थान क्रीट की ओर चले॥

तीसरा भाग

थीसियस ने मिनोटार को कैसे वध किया॥

अन्त में वे सब क्रीट और कनोसस में आईडा की शिखरों के नीचे और बड़े राजा माईनस के महल के पास आ पहुचे जिसको स्वय ज़ीयस राज

नियम सिखलाता था। अतएव वह सब विनाशनीय राजाओं में सबसे अधिक बुद्धिमान राजा था और उसने ईजिया के द्वीपों को जीत लिया था। उसके जहाज इतने थे जितने कि जल पक्षी और उसका महल संगमरमर की पहाड़ी के समान था। वह कमरे के स्तम्भों के मध्य में सोने से मढ़े हुये सिंहासनपर बैठा था उसके चारों ओर बोलती हुई मूर्तियां खड़ी थीं। जिनको डाईडेलस ने अपनी चतुरता से बनाया था। डाईडेलस अथेन्स के सब लोगों में सबसे अधिक चतुर था। उसने सबसे पहिले पनसाल, बरमा, सरेस और बहुतसे यन्त्र प्रकाशित किये जिनसे लकड़ी का काम किया जाता है। उसने सबसे पहिले जहाजों में मस्तूल पाल फैलाने के डण्डे लगाए और उसके बेटे ने उनके लिये पाल बनाये। परन्तु उसका भतीजा पर्डिक्स उससे भी बढ़गया। क्योंकि उसने सबसे पहिले आरा और उसके दांत प्रकाशित किये। उसको उसने एक मछली की रीढ़ देखकर बनाया। उसने छेनी कंपास और कुम्हारों का चाक बनाया जिससे मिट्टीका काम बनता है यही कारण है जिससे डाईडलसने उससे डाहकी और उसको सिरके बल नेथीनीके मंदिर परसे फेंक दिया। परन्तु उस देवी ने उसपर दया की (क्योंकि वह बुद्धिमानों को प्यार करती है) और उसका रूप बदलकर तीतर बना दिया जो सदा इधर उधर पहाड़ियों पर उड़ा करता है। तब डाईडेलस क्रीट भागकर माईनस के पास गया और बहुत वर्षों तक उसका काम करता रहा यहां तक कि उसने कोई ऐसा निंदित काम किया जिससे सूर्य ने उसका चेहरा आकाश में छिपा दिया।

तब वह माईनस के क्रुद्ध होजाने के कारण भागा। उसने और उसके लड़के इकारस ने अपने लिये पंख बनाये और उन पंखों को मोम से लगा लिया। अतएव वे समुद्र के ऊपर सिसिली की ओर उड़े परन्तु इकारस सूर्य के बहुत ही निकट उड़कर चला गया और उसके पंखों की मोम पिघल गई जिसके कारण वह इकारियन सागर में गिर पड़ा। परन्तु डाईडेलस भला चंगा सिसिली आया जहां उसने बहुत से आश्चर्य जनक काम किये। उसने राजा काकेलस के लिये एक जलाशय बनाया जिसमें से एक बड़ी नदी निकली जिसने सारे देश को सींचा उसने एक किला और पर्वत का कोषागार बनाया जिसपर देव भी आक्रमण नहीं कर सकते थे। सेलीनस में उसने वह

भाप ली जो इटना की अग्नि से निकला करती है और उससे भापका एक गरम स्नान गृह विनाशनीय मनुष्यों के दु खों को चंगा करने के लिये बनाया उसने सोने की मधुकुकडी बनाई जिसमे मधुमक्खिया आकर अपना मधु एकत्रित करती थी मिश्रदेश में उसने हिफ़ेस्टस के मन्दिर का जो मेमफ़िस में है अगला फोट बनाया और उसके भीतर अपनी मूर्ति बनाई। इसके अतिरिक्त उसने बहुत से आश्चर्यजनक काम किये। माईनस के लिये उसने ऐसी मूर्तिया बनाई जो बोलती और चलती थी उसने ट्टोमार्टिस का मन्दिर और अरियाडनी का नाच घर सुन्दर सफेद पत्थर का बनवाया। सार्डीनिया में उसने इयोलाओस के लिये और बहुत से देशों में काम किया वह मनुष्यों से प्यार न किया जाता हुआ और धिक्कारा जाता हुआ सदा इधर उधर मफारी के साथ घूमता हुआ फिरा।

परन्तु थीसियस माईनस के सामने खडा होगया और वे लडके लडकियां एक दूसरे के चेहरे को देख रहे थे। माईनस ने आज्ञा दी कि वे वदीगृह में डालदिये जाय और एक २ करके दैत्यके सामने फेंक दिये जाय कि एड्रूजियस का बदला पूरा हो जाय तब थीसियस ने चिल्लाकर कहा।

"हे माईनस मैं एक वर मांगता हूं। उस पशु के आगे पहिले मैं फेंका जाऊ। क्योंकि मैं यहा अपनी ही रुचि से उसी काम के लिये आया हूं। मैं चिट्ठी द्वारा नहीं आया हूं"।

"हे वीर युवक तू कौन है"?

"मैं एथेन्स के राजा ईजियस का पुत्र हूं जिससे सब लोगोंमे तू अत्यंत घृणा करता है और मैं इस मामलेको अंत करने के लिये यहा आया हूं"।

माईनस ने कुछ देर तक सोचा और उसकी ओर टकटकी लगाकर देखता रहा और यह सोचने लगा "इस लडके का यह प्रयोजन है कि अपने पिता के पाप का दण्ड अपनी मृत्यु के द्वारा दे"। और अंतमें उसने कोमलता से उत्तर दिया।

"हे पुत्रतू बेखटके लौटजा। मुझको तरस आता है कि ऐसा वीर पुरुष मारा जाय"।

परन्तु थीसियस ने कहा "मैं ने इस इस बातकी शपथ ली है कि मैं नहीं लौटूंगा जब तक मैं उस दैत्य को सामने सामने न देख लूं"।

अंत में उसने त्योरी चढाकर कहा "तो तू उस दैत्यको अवश्य देखेगा। इस पागल आदमी को ले जाओ"।

तब लोग थीसियस को कारागार में लडकों और लड़कियों के साथ लेगये।

परन्तु माइनस की पुत्री एरीयाडनी ने थीसियस को उस समय देखा जब वह सफेद पत्थर के कमरे में से निकली। वह उसकी हिम्मत और प्रतापके कारण उसे प्यार करने लगी और उसने यह कहा "लज्जा की बात है कि ऐसा युवा पुरुष मृत्यु को प्राप्त हो ? रात्रि होते ही वह कारागार में गई और थीसियस से अपने मनका सब हाल कहदिया और यह भी कहा।

"शीघ्र ही अपने जहाज में भागकर चलो क्योंकि मैंने द्वारपालों को घूस देदी है। तुम अपने मित्रों सहित बिना किसी जोखिमके ग्रीस लौट जाओ और मुझको अपने साथ ले चलो क्योंकि तुम्हारे चले जाने के पीछे मैं ठहर नहीं सकती कारण यह है कि मेरा पिता मुझको बडी पीडा देकर बध करवा डालेगा यदि वह इस बात को जान्ले कि मैंने क्या किया है"।

थीसियस कुछ देर तक चुप चाप खडा रहा क्योंकि वह उसका सौन्दर्य देखकर चकित और विह्वल हो गया परन्तु अन्त में उसने यह कहा "मैं घर चैन के साथ नहीं लौटूंगा जब तक मैं इस मिनोटार को न देखूं और न बध करूं और युवकों और कन्याओं की मृत्यु का बदला लेकर अपने देशके भय को समाप्त न करदूं"।

"तो क्या तुम मिनोटार को मारोगे ? कैसे मारोगे" ?

"मैं नहीं जानता और न मुझे इसकी परवाह है परन्तु वह अवश्य बलवान होगा यदि मैं उसको परास्त न कर सकूं"।

तब वह उसको और भी प्यार करने लगी और उसने यह कहा "परन्तु जब तुम उसे मारचुकोगे तो इस भूल भुलैंया में से बाहर कैसे निकल सकोगे"।

"यह मैं नहीं जानता और न मैं इस बात की परवाह करता हूं। परन्तु यह एक अद्भुत मार्ग होगा यदि मैं इस दैत्य को वध करने से पहिले ही उसको न मालूम करलू"

तब उसे और भी प्यार करने लगी और उसने यह कहा —

"हे सुन्दर मनुष्य तुम अत्यंत साहसी हो परन्तु यद्यपि मैं बलवान नहीं हूं मैं तुम्हारी सहायता कर सकती हूं। तुमको एक तलवार दूंगी और तुम इस पशु को कदाचित् वधकर सकोगे। मैं तुमको सूत की कुकडी भी दूंगी जिसके द्वारा तुम कदाचित अपना मार्ग फिर ढूंढ सकोगे। केवल मुझसे इस बातकी प्रतिज्ञा करलो कि यदि तुम भले चंगे बच जाओ, तो तुम अपने साथ ग्रीस ले चलोगे, क्योंकि मेरा बाप अवश्य मुझको वध कर डालेगा यदि उसको मालूम हो जाय कि मैं ने क्या किया है"।

तब थीसियस ने हंसकर यह कहा "क्या मैं इस समय निर्भय नहीं हूं"! उसने तब तलवार को अपने सीने में छिपा लिया और कुकडी को अपने हाथ में लपेट लिया तब उसने एरीयाटनीके सामने शपथ ली इसके सामने गिरा और उसके हाथ पैरों का चुंबन किया। वह उसके पास बहुत देरतक रोई और तब चलीगई। थीसियस लेट गया और आनन्द के साथ सो गया।

जब सायंकाल हुआ तो मन्त्री लोग भीतर आकर उसे भूल भुलैया में ले गये।

वह उस सूनसान खोह में चक्कर दार मार्गों और चट्टानो में होता हुआ खोहों, मठों, लम्बे गलियारो के नीचे और गिरे हुये पत्थरों के मध्य में ढेरों के ऊपर होकर गया। वहां बांये हाथ और तब दाहिने हाथ की ओर मुडा और नीचे ऊपर गया जिसके कारण उसका शिर घूम गया परन्तु वह बराबर अपनी कुकडी को लिये रहा। जिस समय वह भीतर गया तो वास्तव में उसने उसे एक पत्थर से बांध दिया था और जैसे २ वह चलता जाता था वैसे २ वह उसे अपने हाथ में से खोलता जाता था। वह कुकड़ी बराबर खुलती गई यहां तक कि इसे वह मिनोटार काले टीले के मध्य में एक सफेद कदरा में मिला।

जब थीसियस ने उसे देखा तो वैह कुछ देर तक तो ठहर गया क्योंकि उसने ऐसे आश्चर्यजनक पशु को पहिले कभी नहीं देखा था। उसका शरीर तो मनुष्य का था परन्तु शिर बैल का था। उसके दांत सिंह के दांत थे और उन्हीं से वह अपने आखेट को फाड़डालता था। जब उसने थीसियस को देखा तो वह गरजा और अपने शिर को नीचे झुकाकर वह उसपर सीधा टूटा ।

परन्तु थीसियस शीघ्रता के साथ अलग हट गया और जिस समय वह उसके पाससे होकर निकला उसने उसके घोंटू में तलवार मारी और पहिले इसके कि वह उस सकेत मार्ग में घूम सके उसने उसका पीछा किया और बेर २ पीछे से उसने तलवार से चोट की यहां तक कि वह दैत्य चिंघाड़ता हुआ बुरी तरह से भागा क्योंकि इसके पहिले उसके कभी घाव नहीं लगा था। थीसियस अपने बांए हाथ में सूत की कुकडी लिये हुये उसके पीछे २ बड़े वेग के साथ भागा।

तब वे अर्थात् (थीसियस) और शिकार (मिनोटार) गूंजते हुये पत्थरों के स्तभों के नीचे सुदूरी घाटियों और नालों की तलैटियों में और आंडा की छायादार जड़ों के मध्य में और उस स्थान के पास से होते हुये गये जो सदा हिम से ढकी रहती है। जिस समय वह दैत्य गरजता था तो पहाड़ियां भी गूंजती थीं।

अन्त में थीसियस उसके साथ २ उस स्थान पर आ पहुंचा जहां वह हिम के मध्य में एक शिला के ऊपर हांपता हुआ लेटा था थीसियस ने उसके सींग पकड़कर उसके शिरको पीछे दे मारा और तीक्ष्ण तलवार को उसके कंठ में ठूंसदिया।

तब वह घूमा और लँगड़ाता हुआ और थकाहुआ सूत की कुकडी के द्वारा अपने मार्ग को ढूंढता हुआ लौटा। और उस सूनसान स्थान के मुहाने पर पहुंच गया। वहांपर उसने अपना बाट जोहते हुये एरीयाडनीके सिवाय और किसी को न देखा।

थीसियस ने धीरे से कहा "मेरा काम समाप्त होगया" और उसने उसे उसकी तलवार दिखा दी। तब उसने (एरीयाडनी) ने अपनी उंगली होठों पर

रक्खी और उसको कारागार में लेजाकर दर्वाजे खोल दिये और सब कैदियों को उस समय छोड़दिया जब सन्त्री गहरी नींद में सो रहे थे क्योंकि एरीयाडनी ने उनको मदिरा पिला कर चुपकर दिया था।

सब वे एक साथ अपने जहाज में भाग गये और उसमें बैठ पाल उठादिये रात चारों ओर अंधेरी थी अतएव वे मिनन के जहाजों के पाससे होते हुये बिना किसी जोखिम के नाक्सस भागकर पहुंच गये। वहां एरियाडनी थीसियस की स्त्री होगई।

चौथा भाग ॥

थीसियस अपने अभिमान के कारण कैसे गिरा॥

परन्तु सुन्दर एरीयाडनी अपने पति के साथ एथेन्स नहीं पहुंची। कुछ लोग तो यह कहते हैं कि थीसियस ने उसको नाक्सस पर साईकिलेड्स के मध्य में सोते हुये छोड़दिया और उसको डायोनुसस मदिरा वाले राजा ने वहां पाया। वह उसको ऊंचे आकाश पर ले गया जैसा तुम किसी दिन वृद्ध टिटियन की तसवीर में देखोगे जो पृथ्वीमण्डल के ऊपर एक बहुत ही सुन्दर तसवीर है। कुछ लोग यह कहते हैं कि डायोनुसस ने थीसियस को भगादिया और एरीयाडनी को उससे बलात्कार छीन लिया। परन्तु चाहे जो कुछ हो उतावली में अथवा शोक के कारण थीसियस सफेद पालका लगाना भूलगया अब इजियस उसका पिता सूनियम के ऊपर बैठा हुआ प्रति दिन देखा करता वह अपनी वृद्ध आंखों से बहुत दूर समुद्र पार जहाज देखने का यत्न किया करता था। और जब उसने काला पाल देखा सफेद नहीं देखा तो उसने यह समझा कि थीसियस मरगया और शोक के कारण वह समुद्र में गिरकर मरगया। इसी से वह समुद्र आज दिन तक ईजियनसागर कहाता है।

अब थीसियस एथेन्स का राजा होगया। वह उसदेशकी बड़ी चौकसी रखता और भलीभांति शासन करता था।

उसने मराथन के बैल को बधकर डाला जिसने मईनस के पुत्र एण्ड्रोजियस को मारडाला था। उसने विख्यात एमेज़न अर्थात पूर्वीय देशकी योद्धा स्त्रियों

को उस समय खदेडकर पीछे हटा दिया जब वे एशिया से आई सारे देशों को जीता और स्वय एथेन्स में घुस आई परन्तु थीसियस ने उनको वहीं रोक दिया और उनपर विजय प्राप्त करके उनकी महारानी हिपोल्यूटको अपनी स्त्री बनालिया। इसके पीछे वह लिपथाई और उनके विख्यात राजा पीरीथूससे युद्ध करने को गया परन्तु जब ये दोनों वीर आमने सामने आये तो उन्होंने एक दूसरे को प्यार किया आलिंगन किया और अच्छे मित्रहोगये। यही कारण है कि थीसियस और पीरीथूस की मित्रता अबतक एक कहावत चली आती है और (एथेन्स के लोग यह कहते हैं कि) उसने उस देश के सब नगर वालो को एकत्रित करके उनको मिलाकर शक्तिमान नगर वासी बना दिया क्योंकि इसके पहिले वे पृथक २ और दुर्बल थे। थीसियस ने और बहुत से अच्छे २ काम किये इसीलिये उसकी प्रजाने सकड़ों वर्ष तक उसके मरने के पश्चात् अपनी स्वतन्त्रता और अपने राजनियमोंका पिता समझकर उसका आदर सत्कार किया। उसके मरने के छ सौ वर्ष पीछे मराथन के विख्यात युद्ध में लोग कहते थे कि उनको थीसियस का प्रेत पीतल की बडी गदा से युद्ध के अग्र भाग में आक्रमण करने वाले फारसवासियों के विरुद्ध उस देश के लिये लडता हुआ दिखाई दिया था जिसको थीसियस प्यार करता था। मराथन के बीसवर्ष पीछे उसकी हड्डियां (लोग ऐसा कहते हैं) स्कूरस में मिलीं जो समुद्र पार एक द्वीप है। वह हड्डिया विनाशनीय आदमी की हड्डियों से बहुत बडी थीं। इसलिये एथेन्स के लोग बडे हर्ष के साथ उन हड्डियों को घर ले आये। सब लोग उनका स्वागत करने आये। लोगों ने उनपर एक सुन्दर मंदिर बनाकर उसको नक्काशी के काम और तसवीरों से अलकृत किया। उनके देखनेसे हमें थीसियस, सेनटार, लपिथाई और अमेजनो (योधा स्त्रियो के बड़े २ काम मालूम होते हैं। वह मन्दिर इस समय तक टूटी फूटी दिशा में खड़ा है।

परन्तु स्कुरस मे थीसियस की हड्डिया क्यों मिली? वह एथेन्स में शाति के साथ क्यों नही मरा और अपने पिताके साथ२ नही सोया। इसका कारण यह है कि विजय प्राप्त करने के पीछे वह अभिमान करने लगा और उसने परमात्मा और मनुष्य के नियमों को भग किया। सब बुरे कामोंमें एक बहुत